






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 134

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews   janexpresslive   janexpresslive   www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 25 फरवरी, 2024





**दहल उठा नगला कसा**

मृतकों के परिवारों की महिलाओं की चीत्कारों से दहल उठा एटा का गांव नगला कसा। तीन गांव के लोग ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर गंगा स्नान को जा रहे थे। जिसमें नगला कसा के ही सबसे अधिक लोग थे। ट्रैक्टर ट्रॉली पड़ोस के गांव रोरी के रहने वाले राहुल की थी। जिसमें बच्चों को मिलाकर कुल 52 लोग सवार थे।

**यूपी के कासगंज में दर्दनाक हादसा**

# ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलटी 24 की मौत

## ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार थे 54 लोग, मुंडन संस्कार के लिए जा रहे थे सभी

जन एक्सप्रेस | कासगंज

उत्तर प्रदेश के कासगंज में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलटने से अब तक 24 लोगों की मौत हो गई। ट्रॉली में 54 लोग सवार थे। फिलहाल, मौके पर बुलडोजर से रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि सभी लोग एटा के जैथरा के रहने वाले हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा स्पीड की वजह से हुआ। ड्राइवर के कंट्रोल खोने से ट्रैक्टर सड़क से उतरकर तालाब में जा गिरा। ये लोग माघी पूर्णिमा पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से कासगंज स्थित कादरगंज घाट पर गंगा स्नान करने जा रहे थे, तभी रियावगंज पटियाली मार्ग पर गढ़ई गांव के पास हादसा हुआ। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग पहुंचे। देखते-देखते बड़ी संख्या में लोग जुट गए। डीएम ने अब तक 15 लोगों के मौत की पुष्टि की है।

**हमे जो भी दिखा, उसको खींचकर निकाला**

मौके पर पहुंचे ग्रामीण ने बताया- हम लोग तालाब के पास खड़े हुए थे, तभी अचानक से ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज स्पीड में आते हुए दिखी। ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होते हुए तालाब में चली गई। जिसमें से ट्रैक्टर-ट्रॉली के किनारे खड़े लोग, तो छिटक कर पानी में गिरे। जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठे लोग पानी के अंदर चले गए। कई तो ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दब गए। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर हम लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। दूसरे ग्रामीणों को भी मौके पर बुलाया। हम लोगों को जो भी दिखा, उसको खींचकर बाहर निकाला। हम लोग बस ये चाह रहे थे कि ज्यादा से ज्यादा लोग पानी से बाहर आ जाए। किसी ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद एम्बुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची। बेहोश हुए लोगों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया।

- जिस 6 माह के मासूम का मुंडन कराने जा रहे थे, वो नहीं मिला
- ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार थे 54 लोग, मुंडन संस्कार के लिए जा रहे थे
- प्रशासन की टीम ने जेसीबी से चलाया राहत और बचाव अभियान



**एसपी बोलीं, तालाब में 2 से 3 बार लोगों को तलाशा**

अपर्णा कौशिक ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंचे। सभी लोगों को बाहर निकाला गया है। कुछ लोगों के अंदर होने की जानकारी मिल रही है। उनकी भी तलाश की जा रही है। तालाब को 2-3 बार चेक करवाया गया है। अभी भी तलाश जारी है। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम को बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिया गया है।

**22 की शिनाख्त हुई**

- तालाब से 22 शवों को निकाला गया है। जिसमें कसा गांव की शकुंतला पत्नी वीरपाल, शिवानी पत्नी राजेश, गायत्री पत्नी रजनेश, उमा देवी पत्नी शिवम, रामबेटी पत्नी खुन्नूलाल, रामलता पत्नी रनवीर, सपना पत्नी गौरव, जविता पत्नी संदीप, कुलदीप पुत्र मुकेश, कार्तिक पुत्र राजेश, अंशुली पुत्री राजेश, देवांशु पुत्र भूरे और अवनेश पुत्र राजेंद्र शामिल हैं। इनके शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

**ट्रैक्टर-ट्रॉली में ये लोग सवार थे**

- ट्रॉली में सवार लोगों में कसा गांव के शिवम, उमा देवी, आर्यन, अंजलि, अनुभव, रजनी, रानी, कुंवरपाल, दीक्षा, मंडल, प्रांशु, गायत्री देवी, सतेंद्र सिंह, पुष्पा देवी, गौरव, बिट्टू पुत्र गौरव-बेटी सपना, शकुंतला देवी, मीरा देवी, दीक्षा अवनेश, दर्शनपाल, लक्ष्मी देवी, रूबी, अनमोल, देवांशु, महेंद्र पाल, शिवानी, कार्तिक, सौम्या, ओमपाल, मिथलेश, तनु, राजकुमारी, कुलदीप, कमलेश, संजीव, जविता, संजीव की बेटी पायल, रामबेटी, राजपाल, मीरा देवी, श्यामलता। रौरी गांव के राहुल, अंजली, सनी। बरार गांव के नेकराम और एक अज्ञात लड़का। खिरिया गांव के साहब सिंह और देवेंद्र सिंह थे। 5 अज्ञात भी हैं, जिनके पहचान की कोशिश की जा रही है।

**मरने वालों की संख्या 24 हुई**

- कासगंज ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे में मरने वालों की संख्या 24 हो गई है। 22 लोगों की मौत कासगंज में हुई है। जबकि अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान 2 बच्चों ने दम तोड़ा है। ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे के बाद राजस्व राज्य मंत्री अनुप प्रधान कासगंज जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना।

**ट्रॉली पर सवार थे 54 लोग**

- कमिश्नर रवेन्द्र कुमार ने बताया, ट्रॉली पर 54 लोग सवार थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटकर तालाब में गिरी है। 24 लोगों की मौत हुई है। घायलों का बेहतर इलाज किया जा रहा है।

**नहीं कराया गया शवों का पोस्टमॉर्टम**

- परिवार के लोग शवों का पोस्टमॉर्टम कराने के लिए तैयार नहीं थे। इस बात को लेकर अस्पताल में विवाद की स्थिति बन गई थी। जिसके बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए नहीं भेजा गया है। परिवार के लोगों को शांत कराने के बाद पुलिस सुरक्षा में शवों को एम्बुलेंस से उनके गांव भेजा गया।

**मुआवजा का ऐलान, 2 मंत्री घटनास्थल पर जाएंगे**

- सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने को कहा है।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द

## 6 महीने में फिर एग्जाम, 60 हजार पद, 48 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त करते हुए अगले 06 माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृह विभाग ने परीक्षा निरस्त करने का आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक 17 व 18 फरवरी, 2024 को सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में प्राप्त तथ्यों एवं सूचनाओं के परीक्षण के आधार पर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के दृष्टिगत इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। शासन ने भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए है कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**'खिलवाड़ करने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे'**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया साइट पर कहा कि आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर चयन के लिए आयोजित परीक्षा-2023 को निरस्त करने तथा आगामी छह माह के भीतर ही पुन परीक्षा कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। युवाओं की मेहनत के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराये जाने का निर्णय लिया है, दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई किये जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह के अन्दर पूर्ण शुचिता के साथ पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सेवा से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

**प्रियंका ने कहा, जो पेपर लीक घोटाला करते हैं, उनके घर बुलडोजर चला?**

प्रियंका गांधी शनिवार को यूपी में राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कहा-आप सोचिए, जब भी इनका बुल्डोजर चलता है तो किसके घरों पर चलता है? जिसने 6 किसानों को अपनी जीप के नीचे कुचला, उसके घर बुल्डोजर चला? जिसने महिलाओं के साथ अत्याचार किया, उसके घर बुल्डोजर चला? जो बार बार पेपर लीक घोटाला करते हैं, उनके घर बुल्डोजर चला? ये सब सिर्फ दिखावा है। जब तक आपको रोजगार नहीं मिलेगा, जब तक आपके पेपर लीक बंद नहीं होंगे, तब तक आपकी तरक्की नहीं हो सकती।

**अखिलेश बोले, ये खेल भाजपा को महंगा पड़ेगा**

यूपी पुलिस सिपाही परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी। लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है।

**जयराम रमेश बोले, पेपर लीक में यूपी पहले नंबर पर**

अमरोहा में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा, यूपी में भर्ती परीक्षा होने से पहले पेपर लीक हो जाता है। पुलिस भर्ती परीक्षा एक उदाहरण है। पेपर लीक मामलों में यूपी पहले नंबर पर है।

**अजय राय बोले, पेपर लीक क्यों हुए...इसकी जांच होनी चाहिए**

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, जितनी भी परीक्षाएं हुई हैं सभी में पेपर लीक हुए। क्यों लीक हुए? इसकी जांच कराओ। उनके खिलाफ कार्रवाई करो।

## आरओ-एआरओ भर्ती परीक्षा: पेपर लीक के आरोपों की जांच कराएगी सरकार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, नियुक्ति एवं कार्मिक ने आदेश जारी कर दिया है। समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा - 2023 की शुचिता व पारदर्शिता के उद्देश्य में निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायतों का शासन स्तर पर परीक्षण किया जाएगा। इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक तथा नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी पर 27 फरवरी 2024 तक उपलब्ध करा सकते हैं।

# स्वतंत्र देव सिंह के आवास का अभ्यर्थियों ने किया घेराव

## नौकरी देने की मांग को लेकर 600 दिन से दे रहे धरना

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ में 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के आवास का घेराव कर दिया गया है। इससे पहले शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी कार्यालय पर जमकर हंगामा किया था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे स्वतंत्र देव सिंह के आवास का घेराव किया और नारेबाजी की। शासन और पुलिस से बचने के लिए अभ्यर्थी दो से तीन की संख्या में पहुंचे। इसके बाद वहां इकट्ठा हुए। फिर उन लोगों ने धरना कालीदास मार्ग स्थित स्वतंत्र देव के सरकारी आवास का घेराव किया। पुलिस फिलहाल उनको हटाने में जुटी है लेकिन वह लोग हटने को तैयार नहीं है। अभ्यर्थी पिछले 600 से ज्यादा दिन से लखनऊ के धरना स्थल पर प्रदर्शन कर रहे है। 69000 शिक्षक भर्ती में 6800 आरक्षित चयनित अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। बीजेपी कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान इन लोगों ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के विरोध में नारे लगाए थे। अब वह स्वतंत्र देव सिंह के खिलाफ नारे लगा रहे हैं।

**शिक्षा मित्रों के समायोजन के रद्द होने से शुरू हुई थी भर्ती**

25 जुलाई 2017, सुप्रीम कोर्ट ने प्राइमरी स्कूलों में सहायक अध्यापक बने शिक्षा मित्रों के समायोजन को रद्द कर दिया। इससे वह दोबारा शिक्षा मित्र बन गए। सुप्रीम कोर्ट ने योगी सरकार को आदेश दिया कि जल्द से जल्द सहायक अध्यापकों के पद भरे जाएं। सरकार ने कहा, हम एक बार में इतनी भर्ती नहीं कर पाएंगे।

## 15 मेमू ट्रेनों को पटरी पर उतारने की तैयारी 45 हजार दैनिक यात्रियों को मिलेगी राहत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ से कानपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, शाहजहांपुर और सीतापुर आदि रूटों पर 15 मेमू ट्रेनों को उतारने की तैयारी है। इससे करीब 45 हजार दैनिक यात्रियों को राहत हो जाएगी। कोरोना के दौरान मेल, एक्सप्रेस, पैसेंजर सहित मेमू ट्रेनों का संचालन भी बंद कर दिया गया था। इसके बाद जब कोविड खत्म हुआ तो आहिस्ता-आहिस्ता सारी ट्रेनें पटरी पर लौट आईं, लेकिन मेमू का संचालन बंद ही रखा गया। दैनिक यात्रियों की लगातार मांग पर उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने लखनऊ से कानपुर के बीच मेमू शुरू की, जिसे एक्सप्रेस बनाकर पटरी पर उतारा। इस ट्रेन को यात्रियों का बहुत अच्छा रिस्पांस मिला। ऐसे में यात्रियों की डिमांड पर अब 15 ट्रेनों को अलग-अलग डेस्टिनेशन तक चलाने की तैयारी है। रेलवे अफसर बताते हैं कि मेमू के नए रैक यात्रियों को राहत देंगे। रैक तैयार हो गए हैं। इनका आवंटन होना है। महीने भर के अंदर ट्रेनें पटरी पर उतर सकती हैं, ऐसे आसार जताए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि नई मेमू ट्रेनों का संचालन लखनऊ से कानपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर आदि रूटों पर किया जाएगा।

# लखनऊ वालों के लिए वरदान साबित होगा गोमती नगर रेलवे स्टेशन

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** विश्व स्तरीयअत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त लखनऊ के गोमती नगर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करेंगे। इसके बाद से ही नए टर्मिनल पर यात्रियों का आना जाना शुरू हो जाएगा। इस रेलवे स्टेशन से कटरा (जम्मू), जगन्नाथ पुरी, देहरादून, मुंबई आदि स्टेशनों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी हो जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अभी पहले फेज का काम पूरा हुआ है। दूसरे फेज का काम जारी है, जिसे पूरा होने में 8 से 9 महीने का वक्त लगेगा। खास बात यह है कि पूरा कैंपस वातानुकूलित है। इस रेलवे स्टेशन पर 177 दुकान भी बनाई गई हैं। यहां पर फूड कोर्ट की भी सुविधा होगी। 6 प्लेटफार्म बनाए गए हैं। यह रेलवे स्टेशन काफी खूबसूरत है।

- इसके बाद से ही नए टर्मिनल पर यात्रियों का आना-जाना शुरू हो जाएगा
- रेलवे अधिकारियों के अनुसार अभी पहले फेज का काम पूरा हुआ है
- दूसरे फेज का काम जारी, जिसे पूरा होने में 8 से 9 महीने का वक्त लगेगा, पूरा कैंपस वातानुकूलित है




**लखनऊ से देहरादून जाना हो जाएगा आसान**

लखनऊ और देहरादून के बीच चलने जा रही है हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत यात्रा आसान कर देगी। प्रदेश के पहले विश्व स्तरीय गोमती नगर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन 26 फरवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करेंगे। इसके बाद गोमती नगर रेलवे स्टेशन से देहरादून के बीच ये ट्रेन चलेगी।

**जो भी नई ट्रेनें अब शुरू होंगी वो सभी गोमती नगर स्टेशन से ही चलाई जाएंगी**

बिहार, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर भारत, दिल्ली और मुंबई समेत गई राज्यों के लिए गोमती नगर से ट्रेनें चलाने की भी रेलवे तैयारी कर रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार के अनुसार जो भी नई ट्रेनें अब शुरू होंगी वो सभी गोमती नगर स्टेशन से ही चलाई जाएंगी। गोमती नगर से जल्द ही देहरादून के लिए वंदे भारत चलाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। हरिद्वार देहरादून स्टेशनों पर मरम्मत काम भी किया जा रहा है जिसके पूरे होने पर ट्रेनें शुरू हो सकती हैं।

**जगन्नाथ पुरी, वैष्णो देवी के लिए भी ट्रेन चलेंगी**

डीआरएम आदित्य कुमार के मुताबिक कटरा वैष्णो देवी और जगन्नाथ पुरी के लिए भी गोमती नगर से ट्रेन चलाई जाएंगी। कटरा के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की योजना बनाई जा चुकी है। जगन्नाथ पुरी के लिए भी वाया गोरखपुर डायरेक्ट ट्रेन की योजना बनाई गई है। इसका प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इसका प्रस्ताव पास हो जाएगा तो यात्रियों को बड़ी सुविधा हो जाएगी। उन्हें दो बड़े धार्मिक स्थलों पर लखनऊ से सीधे जाने का मौका मिलेगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### तीन लोगों ने जहर खाया

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव निवासी रामदुलारी (40) पत्नी गुरू प्रसाद ने शुक्रवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के मिरगाहनी गांव निवासी पूजा (20) पुत्री शिवाकांत ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर के अलीगंज निवासी हरीश (22) पुत्र फूल सिंह ने पिता की डांट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दो महिलाओं सहित पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वारंटी चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जसपुरा पुलिस द्वारा शनिवार को गुरु निषाद पुत्र बाबूलाल, सुनीता पत्नी रामरतन निवासी गण महिला डेरा कस्बा जसपुरा थाना जसपुरा, रामकुमार उर्फ राजू पुत्र दादू निषाद निवासी झंझरीपुरवा थाना जसपुरा जपनद व श्यामकली पत्नी सुखलाल निवासी ग्राम झंझरीपुरवा थाना जसपुरा को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में भेज दिया है।

### कोटेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पैलानी तहसील अन्तर्गत सबादा गांव के कोटेदार के विरुद्ध बाईस फरवरी को पूर्ति निरीक्षक देवेंद्र सिंह द्वारा खुदाबख्श उचित दर विक्रेता ग्राम सबादा ब्लाक जसपुरा की दुकान पर छापा मारा गया। छापे में इनकी दुकान में कुल 44 कुंतल गेहूं तथा 40 किलो चावल बरामद हुआ जबकि उनकी दुकान में 67.71 कुंतल गेहूं तथा 40.47 कुंतल चावल होना चाहिए था। इस प्रकार उनकी दुकान में 23.71 कुंतल गेहूं तथा 40.07 कुंतल चावल का स्टॉक कम मिला ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि यह प्रत्येक कार्ड पर 1 किलो राशन कम देते हैं इस प्रकार कोटेदार के यहां गंभीर अनियमितताएं मिली तथा कालाबाजारी करना सिद्ध पाया गया जिस कारण देवेंद्र सिंह पूर्ति निरीक्षक ने जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से अनुमति लेकर थाना पैलानी में उनके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना पैलानी में दर्ज कराई गई।

### कांग्रेसियों ने संत रविदास की मनाई जयंती

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** हमारे देश के महान संत रविदास जी की 647वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय में उन्हें याद किया माल्यार्पण पुष्पार्पण कर कांग्रेस जनों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके मार्ग पर चलने तथा उनके जीवन दर्शन को आत्मसाथ करने का संकल्प लिया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सारी दुनिया को सदाचरण सद्भावना एवं ईशवरीय सत्ता का रास्ता दिखाने वाले महान संत हमारे देश के जन जन को आस्था के प्रतीक है। जब मन चंगा तो कठौती में गंगा कह कर देश में एक नयी सोच दी थी संत रविदास जैसे महान संतो ने हमारे देश की गरिमा बढ़ाई है हम ऐसे संतो की बजह से सारी दुनिया मे अपनी पहचान बनाये है और अपने को धन्य मानते हैं।

# गिट्टी से भरा डंफर ट्राला पलटने से हुआ नुकसान, नहीं हुआ कोई बड़ा हादसा




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम पंचायत मवई बुजुर्ग कासाघर के पास बीती रात एक बड़ा हादसा होते होते बचा। जानकारी के अनुसार आर्यावर्त बैंक से कुछ ही दूर पर एक डंम्फर ट्राला ट्रक ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक दुकान पर पलट गया। घटना में चालक बाल बाल बचा। वहीं बस्ती के रहने वाले स्थानीय ग्रामीण होरी लाल वर्मा ने बताया कि बीती रात करीब 1 बजे अचानक से तेज आवाज धड़ाम की हमें सुनाई दी। आनन फानन बाहर जाकर देखा तो ट्रक ट्राला पलटा था। हमने तुरंत देखा और चालक को बाहर निकाला। चालाक को हल्की फुल्की चोटें आई हैं। वहीं हमारी दुकान डिब्बा रखा था वो ट्रक की चपेट में आ गया जिसमें डिब्बा पूरी तरह से व उसमें रखा खाने पीने आदि समान टूट गया है लगभग 20 हजार तक का नुकसान हुआ है।

ग्रामीण दीपू ने बताया कि हर रोज यहां पर घटनाऐ हो रही है, जिम्मेदार अधिकारी आखिर इस ओर क्यों नहीं ध्यान दें रहे हैं, अभी हाल ही में 3 दिन पहले ट्रक ट्राला ने दो हादसा कर चुके थे जिसमें 2 बाइक सवार युवकों ने दम तोड़ चुके थे और शुक्रवार को शंकर मंदिर के पास एक अज्ञात ट्रक ने भैंस को टक्कर मार दिया था जिसमें भैस की कुछ घंटे बाद मौत हो गई थी। शनिवार को यहां पर एक बड़ा हादसा होते होते बच गया अगर यह हादसा दिन में हुआ होता तो न जाने कितनी बड़ी अनहोनी हो सकती थी। हमारी मांग है कि 2 या 3 जगहों पर स्पीड ब्रेकर बनवा दिया जाये तो इस तरह की घटनाएं नहीं होंगी। वहीं ट्रक डंपर ट्राला चालक दीपक पुत्र जसवंत निवासी फतेहपुर ने बताया कि दूसरे ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान दूसरे ट्रक ने अपनी गाड़ी ज्यादा घुमा दी जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रक डंपर महोबा से गिट्टी लेकर प्रतापगढ़ जा रहा था।

# थाना समाधान दिवस में अपर एसी ने सुनी जन समस्याएं



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर एसपी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। साथ ही भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया।

# भाजपा की योजनाओं से देश आज बना पांचवी अर्थव्यवस्था : विनीता शारदा

## सरकार व्यापारियों के हित में काम करती है : रामकेश निषाद

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के तत्वाधान में भारतीय जनता पार्टी ने एक मैरिज हॉल में मंडलीय व्यापार सम्मेलन का आयोजन किया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक विनीत शारदा और कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने किया। इस दौरान व्यापारियों को सम्बोधित करते हुये विनीता शारदा ने कहा कि भारत के व्यापारियों के हित में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जितनी भी योजनायें शुरू की है इन्हीं का परिणाम है कि भारत आज देश की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया है। कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश सरकार के जल संसाधन राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार व्यापारियों के दम पर बनती है। इसलिये सरकार व्यापारियों के हित में काम करती है। बांदा चित्रकूट सांसद आरके सिंट पटेल ने कहा कि व्यापारियों की ताकत से इस बार लोकसभा के चुनाव में 400 सीटों को पार करने वाली सरकार बनेगी। महोबा, हमीरपुर सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की नीतियों से आज देश और प्रदेश में व्यापार क्षेत्र में निरन्तर प्रगति हो रही है।

व्यापारियों की सुरक्षा इसी सरकार में सुनिश्चित हो सकी है। उ0प्र0 उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा ने कहा कि 2024 में एक बार फिर सभी व्यापारी मिलकर केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में व्यापार सम्मेलन के आयोजक भाजपा जिलामंत्री डा0 मनीष गुप्ता ने आये हुये सभी अतिथियों का आभार जताया और कार्यक्रम की सफलता के लिये सभी व्यापारियो को शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, नगर पालिका कर्वी अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष बांदा मालती साहू आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# गुमटी का ताला तोड़ हजारों का सामान चोरी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

सिविल लाइंस इलाके में चोरी की घटनाए बढती जा रही है। आए दिन चोर गुमटी का ताला तोड़कर सामान ले जाते है। ताजी घटना में एसपी आवास के नजदीक गुमटी का ताला तोड़ कर चोर अन्दर घुस गए। गोलक में रखी नगदी समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सुबह दुकान पहुंचे मालिक ने देखा तो सामान गायब था। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई।

शहर के सिविल लाइंस निवासी अतुल पुत्र बसंतलाल एसपी आवास के समीप गुमटी खोले है। वह शुक्रवार की रात दुकान बंदकर घर चला गया।

रात को सूना मौका देख चोर गुमटी का ताला तोड़कर दुकान में रखी नगदी समेत 25 हजार का सामान लेकर फरार हो गए। सुबह दुकान खोलने आए अतुल ने देखा तो गुमटी का ताला टूटा था। सामान गायब था। अतुल ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। चार दिन पहले तहसील गेट पर रखी गुमटी का ताला तोड़ कर चोर कंम्प्यूटर समेत लैबटाप ले गए थे। पुलिस आज तक उसका खुलसा नही कर सकी।

# महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-4 के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों शक्ति दीदी द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया। महिलाओं, बालिकाओं को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के सार्वजनिक स्थलों चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया। साथ ही महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ जैसे यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181, महिला हेल्प लाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा, सहायता के लिए एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है। साथ ही समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं, बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं, बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं, बालिकाओ को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में अवगत कराया गया। बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कॉलिज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है, उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो, मनचलों द्वारा आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन जांच कर लोगों से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो, मनचलो को हिदायत, कार्यवाही की जाती है।

# दो के विवाद पर मां बेटे समेत पांच को पीटा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

चश्मा मांगने पर दो युवको के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि 12 लोगो ने मां बेटे समेत पांच लोगो को मारपीट कर लहूलूहान कर दिया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया गया। सभी घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। शहर के किलेदार पुरवा निवासी लेखपाल (32) पुत्र मोहन से पड़ोसी युवक संतोष ने चश्मा ले लिया था। शुक्रवार की शाम लेखपाल ने संतोष से अपना चश्मा मांगा। इसी बात को लेकर दोनो के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनो के बीच मारपीट हो गई। कुछ देर के बाद संतोष के पक्ष से करीब 12 लोग हाथो में डंडा लेकर आ गए। लेखपाल को पीटा शुरू कर दिया। पुत्र को पिटता देख मां विमला (55) बहन नीतू (18) चचेरा भाई संतोष (31) चाचा भाऊ (32) बचाने आए तो उन्हे भी मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियो ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत करा गया।

# जमीन विवाद में एक ही हत्या के मामले में चार हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा

## दूसरे पक्ष के दो लोगों पर हत्या के प्रयास के मामले में पांच-पाचं वर्ष की कैद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जमीनी विवाद को लेकर लगभग 13 साल पहले हुये हिंसक संघर्ष में एक की मौत और कई लोगों के घायल होने के मामले में न्यायालय ने निर्णय सुनाया है। जिसमें चार हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही दूसरे पक्ष के दो लोगों को हत्या के प्रयास के मामले में दोष सिद्ध होने पर पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है।

सहायक जिला षासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 16 जून 2011 को राजापुर थाने के अतरसुई मजरे के पटियनपुरवा निवासी अनन्तराम यादव ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार मेड़ बांधने को लेकर उसके भाई पवन उर्फ मुन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी गई। साथ ही अन्य लोगों को लाठी व कुल्हाडी मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायधीष प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी राममूरत यादव व उसके बेटे लवकुष यादव के साथ ज्ञान सिंह और उसके पिता राजभान यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही प्रत्येक आरोपी को 33 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

सहायक जिला षासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि 20 अगस्त 2011 को पटियनपुरवा निवासी राममूरत यादव ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि मेड़ बांधने के विवाद में गांव के ही रामरहीस यादव व उसके भाई अनन्त राम यादव ने उस पर लाठी डण्डा से जानलेवा हमला करते हुये घायल कर दिया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीष प्रथम ने आरोपी रामरहीस यादव और अनन्तराम यादव को पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाने के साथ ही सात-सात हजार रूपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीष प्रथम ने आरोपी रामरहीस यादव और अनन्तराम यादव को पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाने के साथ ही सात-सात हजार रूपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

# रजबहा पुल राहगीरों के लिए हो रहा जानलेवा



**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

असोथर ब्लॉक मुख्यालय से रामनगर कौहन होते हुए बांदा जनपद के मार्का गांव सहित सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर असोथर ब्लॉक मुख्यालय के प्राइवेट बस स्टॉप स्थित सुजानपुर रजबहा का पुल क्षतिग्रस्त होकर खतरनाक बन चुका है। राहगीर अपनी जान पर खेलकर वहां से गुजरते हैं। सड़क ब्लॉक मुख्यालय असोथर से जनपद समेत बांदा जनपद के गांवों को भी जोड़ती है। पुल की सरिया जर्जर होकर दिख रही हैं। छत टूट कर गिर रही है और रेलिंग भी टूट चुकी है। जिसके कारण पुल से गुजरते वक्त यात्रियों में डर बना रहता है। बांदा जनपद के मंझिला गांव के राहगीर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि फतेहपुर जिले के गांवों में रिश्तेदारी में आना-जाना बना रहता है। यह पुल काफी दिनों से ध्वस्त पड़ा हुआ है। शासन, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण अब यह पुल बुरी तरह जर्जर होता जा रहा है। इस पुल पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। वही जिम्मेदार देखकर भी अनदेखा कर रहे है शायद बडे हादसे का इन्तजार कर रहे है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर दियारा विकास खंड अकबरपुर, जनपद अम्बेडकर नगर**

पत्रांक : मेमो/पंचायत/निविदा/2023-24 दिनांक : 24.02.2024

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

**ग्राम पंचायत रसूलपुर दियारा विकास खंड अकबरपुर,** में राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना वर्ष 23-24 के निम्नलिखित परियोजनाओं के निर्माण कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म के लेटर पैड पर मुहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें **दिनांक 26-02-2024 से 29-02-2024 तक प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा बाक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें दिनांक **29-02-24 को सायं 4 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा के नियम व शर्तें पत्र में अंकित हैं :-

| क्र. | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री का ब्यौरा |
|---|---|---|---|
| 1. | बद्री के घर से मोहम्मद कासिम के घर होते हुए मस्जिद तक इन्टरलांकिंग कार्य। | 4 लाख | ईंट गिट्टी, सीमेण्ट,मौरंग, सरिया, टीन शेड सामग्री |
| 2. | सुरेश के घर से राजू के घर तक इन्टर लांकिग कार्य। | 1 लाख 67 हजार | ईंट गिट्टी, सीमेण्ट,मौरंग, सरिया, टीन शेड सामग्री |
| 3. | हीरालाल के घर से अशफाक के घर तक यू टाइप नाली एवं पटिया निर्माण कार्य। | 2 लाख 43 हजार | ईंट गिट्टी, सीमेण्ट,मौरंग, सरिया, टीन शेड सामग्री |
| 4. | सोहेब के घर से अकबाल के घर तक खडंजा निर्माण कार्य। | 1 लाख 55 हजार | ईंट गिट्टी, सीमेण्ट,मौरंग, सरिया, टीन शेड सामग्री |

**नियम व शर्तो का विवरण :-**

1- जिस आपूर्ति कर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु सूचित किया जायेगा।
2- आपूर्ति कर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए ग्राम पंचायत स्वतंत्र होगी।
3. फर्म जी0 एस0 टी0 पंजीकृत हो व आयकर दाखिल करने की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
4- जो दरें प्रस्तुत की जायें, वह दरें जी0एस0टी0 तथा ढुलाई, लदाई, उतरवाई तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
5- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेंगी।
6. प्रस्तुत दरें PWD द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए।
7- स्वीकृत आपूर्ति कर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मांग के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवता खराब होने पर आपूर्ति कर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।
8- बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

**रंजना**
ग्राम प्रधान

**दिवाकर वर्मा**
ग्राम पंचायत सचिव


# मानक विहीन संचालित हो रहे गेस्ट हाउस व मैरिज हाल

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

जनपद के सैकडो की तादात मे मानक विहीन गेस्ट हाउस सहित मैरिज हाल संचालक संचालित करके धन कमाने की हविस पूरी कर रहे है। वही सम्बन्धित विभाग भी संचालको से माहवारी लेकर मौन स्वीकृति दे रहा है। जब कि मैरिज हालो मे कार्यक्रम के दौरान भारी सख्या मे लोग उपस्थित रहते है और आपातकालीन व्यवस्थाये न होने के कारण कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है लेकिन संचालक सहित विभाग एनबीसी के मानको को धता बताकर अनहोनी को आमंत्रित कर रहे है। बताते चले कि नगर सहित तहसील क्षेत्रो मे भारी सख्या मे गेस्ट हाउस व मैरिज हाल संचालित किये जा रहे है। जिनमे भारी सख्या मे लोगो का जमावडा भी देखा जा रहा है। जनपद मे मानक विहीन मैरिज हालो के चलते यातायात भी प्रभावित हो रहा है। पार्किग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण एम्बुलेन्स सहित परिवाहन बसे व अन्य वाहन सडको पर खडे होकर जाम खुलने का इन्तजार करते रहते है। जब कि एनबीसी के अनुसार भवन तथा अग्निसमन तथा सुरक्षा के पुक्ता इन्तजाम होना चाहिये लेकिन मानको की धज्जियॉ उडाई जा रही है। सूत्रो की माने तो सम्बन्धित विभाग मैरिज हाल संचालको से जेबे गर्म करके मानक की खाना पूरी कागजो मे कर रहे है। जब कि जमीनी हकीकत कुछ और ही बया कर रही है। जिसके चलते संचालक मानक विहीन गेस्ट हाउसो को संचालित करके जेबे वजन करने मे मस्त है।

# विधानसभा प्रभारी ने नवमतदाताओं के बीच जाने पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



विधान सभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में हुई। बैठक में विधानसभा प्रभारी आशुतोष तिवारी भी उपस्थित रहे। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीतिक चर्चा की गई। विधानसभा प्रभारी आशुतोष तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम बार मतदान करने वाले सभी नवमतदाता इस 18 वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी मात्रा में मतदान करें। उन्होंने दो बातें मत जाना भूल राम मन्दिर कमल का फूल का नारा दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि धारा 370 भाजपा सरकार ने खत्म किया है तो प्रत्येक बूथ में अबकी बार के लोकसभा चुनाव में 370 मत प्राप्त करने का मंत्र दिया। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि पीएम मोदी आज देश की जरूरत है। इसलिए पीएम मोदी को तीसरी बार फिर से प्रधानमंत्री बनाएं। साथ ही 2047 तक राष्ट्र को परमवैभव पर पहुंचाएं। इस मौके पर विधान सभा संयोजक शक्ति प्रताप सिंह तोमर, ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, गुलाब सिंह, अश्वनी अवस्थी, आलोक पांडेय, राजेश जायसवाल, हरिओम करवरिया, रवि गुप्ता, आदित्य रघुवंशी, ममता सिंह गौर, विनीता द्विवेदी, अर्चना सिंह आदि मौजूद रहे।



# कानपुर नगर एक्सप्रेस


**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं लेकिन स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री०से०) : 24.0 (-2.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०से०) : 12.6 (+0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 95 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 42 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.4 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि०मी०) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक


www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । रविवार । 25 फरवरी 2024



# कौन है सोनभद्र वाला चांद वारसी, जिसका ट्रक घंटों में कटकर हो गया गायब ?



फोटो नंबर 1



फोटो नंबर 2



फोटो नंबर 3

### फजलगंज के अजय सिपाही के सीने में दफन हैं हजारों राज

विश्वसनीय सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया है कि थाना फजलगंज में तैनात अजय नाम का एक सिपाही है जिसे कारखास भी कहा जाता है, अगर अजय के मोबाइल नंबर की सीडीआर के आधार पर जांच करवा ली जाए और उससे सख्ती से पूछताछ की जाए तो खिलाड़ी कबाड़ियों का पूरा इतिहास मालूम हो जायेगा।

- मुर्तजा, मोबिन, लवली, पवन गुप्ता के यहां पहुंची चोरी और फाइनेंस की गाड़ियां घंटो में कटकर होती हैं साफ
- दिल्ली वाले यादव, मदन की गिरफ्तारी से भी सैंकड़ों चोरी के वाहनों का खुल सकता है राज

### पवन गुप्ता बिधूना वाले ने चांद वारसी की गाड़ी क्यों काटी

आपको तस्वीरों में जो गाड़ी टुकड़े-टुकड़े में दिखाई दे रही है, यह गाड़ी चांद वारसी नामक व्यक्ति की है जिस पर फाइनेंस श्री राम कंपनी के द्वारा किया गया था, इसमें एक नाम किसी अग्रवाल का भी आ रहा है, विश्वसनीय सूत्र जिन्होंने साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं उनका दावा है कि यह गाड़ी पवन गुप्ता बिधूना वाले के प्लाट में काटी गई है, तस्वीर नंबर एक में आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं की गाड़ी में कोई कमी नहीं है और ना ही यह गाड़ी कडम है, और उसके बाद तस्वीर नंबर दो तीन चार पांच में आप देख सकते हैं की गाड़ी का पूरा हिस्सा कट करके कैसे पड़ा है, यह कोई पहली ऐसी गाड़ी नहीं है जो पवन गुप्ता बिधूना वाले, लवली, सत्री, मुर्तजा, मोबिन आदि के यहां पहली बार कटी है, ऐसी गाड़ियां हर महीने यहां पर कट जाती हैं जो फाइनेंस की होती हैं और कटने के बाद चोरी की रिर्पोट लिखाकर पैसा भी वसूला जाता है।



फोटो नंबर 4



फोटो नंबर 5

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

### जल्द जन एक्सप्रेस सीएम योगी और डीजीपी के सामने लाएगा साल भर का डाटा

विश्वसनीय सूत्रों ने जन एक्सप्रेस संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया है कि थाना फजलगंज क्षेत्र के कुछ कबाड़ी जो गैरकानी तरीके से चोरी और फाइनेंस की गाड़ियां काटते हैं। उनके यहां फाइनेंस की गाड़ियां कटवाने वाले गाड़ी के मालिक पहले यहां पर गाड़ी को कटवा लेते हैं और उसके बाद चोरी का मुकदमा पुलिस के पास दर्ज कराते हैं पुलिस जब मुकदमा दर्ज नहीं करती तो वह मुकदमा माननीय न्यायालय से 156(3 )के अंतर्गत दर्ज करवाते हैं और मुकदमे की जांच में जब गाड़ी नहीं मिलती है तो फाइनल रिपोर्ट लगवा कर पूरा पैसा इंश्योरेंस कंपनी से वसूलते हैं। जल्द ही साल भर की ऐसी ही गाड़ियों का डाटा जन एक्सप्रेस उत्तर प्रदेश के पुलिस मुखिया डीजीपी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उपलब्ध करवाने की तैयारी कर चुका है।

**कानपुर नगर।** शहर में कानपुर कमिश्नरेट पुलिस चोरी की समेत कई ऐसे अपराध हैं जिन्हें रोक पाने में पूर्ण रूप से फेल है, और कारण सिर्फ यह है कि उच्च अधिकारी अपने नीचे कार्यरत खाकी धारियों की बात पर आंख मूंद कर विश्वास कर लेते हैं जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है और सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का मजाक बन रहा है।

आपको बताते चलें कि रोजाना शहर में चोरी की घटनाएं होना आम बात हो गई है, वाहन चोर तो पलों में गाड़ियां ऐसे गायब कर देते हैं मानो गधे के सिर से सींग, दर्जनों लोग तो ऐसे हैं जो पुलिस थानों के चक्कर लगाते रहते हैं।

और उनका मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता है, और वहीं उधर दूसरी ओर वाहन चोर बड़ी आसानी से वाहनों को कटवा कर बेच देते हैं।जनता और अधिकारियों से छुपा नहीं है कि शहर के किन-किन क्षेत्रों में चोरी की गाड़ियां काटकर आसानी से बेची जा रही हैं, जिसमें सबसे बड़ा गढ़ थाना फजलगंज क्षेत्र स्थित गड़रियन पुरवा का है।

अगर कानपुर पुलिस चाह ले तो इसी मार्केट के कई ऐसे कबाड़ी हैं जो चोरी और फाइनेंस की गाड़ियां काटकर धड़ल्ले से टुकड़ों में बेच रहे हैं। लेकिन इस क्षेत्र में गाड़ियां गैरकानूनी तरीके से कटती भी हैं बिकती भी हैं।

## विवेक बुद्धि का परिमार्जित भाग है



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

श्री साईं धाम जूही गौशाला के 16 वार्षिक महोत्सव के अवसर पर श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चौथे दिन शनिवार को ऋषि पंडित उमाशंकर व्यास ने कथा वाचन के अंतर्गत कहा कि विवेक बुद्धि का परिमार्जित भाग है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के अंदर तीन गुण तपोगुण, सतोगुण एवं रजोगुण होते हैं। भगवान का अवतार तपोवन यानी राक्षसों का संहार करके सतोगुण की स्थापना करना होता है। जब जीव अपने अंदर के तपोगुणी विचारों का संहार करके अच्छे विचार उत्पन्न करता है तब उसके जीवन को सही मार्ग प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य माया के चक्कर में पड़ा रहता है तो उसको संसार में अनेक कष्टो का सामना करना पड़ता है। जब मनुष्य के जीवन में गुरु रूपी ज्ञान आ जाता है तो उसका जीवन भक्ति की ओर चला जाता है। उन्होंने ज्ञान के दो स्वरूपो के बारे में बताते हुए कहा कि एक ज्ञान अखंड है जो श्री राम है और दूसरा गुरु रूपी सूर्य है जो ज्ञान तो देता है परंतु मनुष्य को अपने तमोगुण के कारण वह कभी-कभी दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति को गुरु रूपी ज्ञान प्राप्त करना हो तो वह सत्संग के माध्यम से अपने विवेक को चैतन्यता प्राप्त कराके भक्ति के द्वारा प्रभु की कृपा प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर व्यास पूजन राजकुमार अरोड़ा, सोम, लक्ष्मी नारायण, मनोहर लाल, डॉ.कंचन मिश्रा, जनक सिंह एवं प्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

## कल्याणपुर में अवैध रूप से संचालित होटल देह व्यापार को दे रहे बढ़ावा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टिकोण समेत आम जनमानस के ठहरने की सुविधाओं को देखते हुए कुछ होटल का संचालन पर्यटन विभाग के पंजीकरण के उपरांत शुरू हुआ था किंतु वर्तमान के परिदृश्य पर यदि नजर डालें तो सैकड़ो की भारी तादाद में कल्याणपुर क्षेत्र में संचालित कई होटल अब अवैध क्रियाकलापों समेत वेश्यावृत्ति के दलदल में पूरी तरह से लोगों को फंसा चुके हैं। कानपुर में देह व्यापार इन दिनों जोरों से चल रहा। बड़े-बड़े चकला घर बंद हो चुके हैं या पुलिस ने कार्रवाई कर उन्हें बंद कर दिए हैं लेकिन देह व्यापार के सिंडिकेट ने अब अलग रास्ता तैयार कर लिया है। टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए होटल को कई फैसिलिटी दे रखी है। जिसका लाभ ओयो को मिल रहा है। कल्याणपुर के पुराना शिवली रोड स्थित एक होटल



ओयो की आड़ में हमेशा गुलजार रहता है। यहां दिनभर लड़कों और लड़कियों की चहल कदमी रहती है। सूत्रों की माने तो फोन द्वारा देह व्यापार चला रहे ब्रोकर मंनचलो को लड़कियां मुहैया कराते हैं। लड़के लड़कियां खुद भी ओयो में कमरा बुक कर रंगरेलियां मनाते हैं जिनमे नाबालिक लड़की और लड़के भी होते हैं। पैसों के लालच में होटल संचालक गलत काम कर रहे हैं सूत्रों के अनुसार देह व्यापार में नाबालिक लड़किया आती है। कल्याणपुर के अधिकतर होटल रजिस्टर्ड भी नहीं है। अधिकतर लड़कियां अपने घर में माता-पिता से कह कर जाती हैं कि हम कोचिंग स्कूल जा रहे हैं ज्यादातर लड़कियां कानपुर के ओयो होटलो में रंगरेलियां मनाते हैं। सबसे बड़ी बात देखने की है कि एस एस होटल में आग लग जाए तो आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी इस होटल में नहीं जा सकती है। आखिर प्रशासन इन होटल पर कब कार्रवाई करेगा। कल्याणपुर के कई ऐसे होटल हैं जिनमें लड़कों ने किशोरियों को नशीली कोल्डिंग पिलाकर रेप किया था।

## फसल अवशेष प्रबंधन पर किसानों को दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर द्वारा ग्राम कपूरपुर में ब्लॉक स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन पर गुरुवार को कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन को विशेष महत्व देना आज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन करने से मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अवशेषों से जो आवश्यक पोषक तत्व फसल को मिलते हैं उन्हीं से रासायनिक उर्वरकों की खपत में कमी लाई जा सकती है। जिससे किसान की खेती में लागत कम करने के साथ-साथ स्वास्थ्य को ध्यान



रखते हुए उच्च गुणवत्ता की फसल पैदा की जा सकती है।उन्होंने रासायनिक खादों से भूमि पर भौतिक, रासायनिक और जैविक प्रभाव के बारे में और उत्पादन को बढ़ाने एवं घटाने वाले भूमि घटकों के साथ ही मृदा जांच के लिए नमूने तैयार करने व उसकी जांच के आधार पर उर्वरक डालने के बारे में भी जानकारी दी। केन्द्र के प्रभारी डॉ.अजय कुमार सिंह ने किसानों को कृषि उपकरणों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर 155 से अधिक किसान मौजूद रहे।

## एकेडमी में सूरदास जी और श्री कृष्णदास की लगेगी मूर्ति

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ़ फाईन आर्ट्स के दो विद्यार्थियों अनुराग मौर्य, मूर्तिकला (एम.एफ.ए.) व नेहा यादव, मूर्तिकला (एम.एफ.ए.) का चयन राज्य ललित कला अकादमी उ.प्र. के द्वारा किया गया है। जो मथुरा के गोवर्धन के निकट सूरसाधना स्थली पारासौली, जो सूरदास एवं अस्टछाप के कवियों की भजनस्थली है वहाँ पर ब्रज भाषा एकेडमी में सूरदास जी एवं श्री कृष्णदास जी की बैठी हुई 3 फ़ीट प्रतिमा लगनी है। जिसका निर्माण इन विद्यार्थियों के द्वारा डॉ.राजकुमार सिंह के निर्देशन में शुरू हो गया है। मूर्तिकला के अध्यापक जे.बी. यादव ने बताया कि यह मूर्तियां जीवन्त एवं सजीव आकार लें इस पर इन विद्यार्थियों का ध्यान केन्द्रित है।

## दो साल के बच्चे का अपहरण, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में सरेआम दो बाईक सवारों ने थाना फीलखाना क्षेत्र स्थित फूलबाग से दो साल के बच्चे को किडनैप कर लिया, सूचना जैसें ही परिजनों को मिली तो हड़कंप मच गया वहीं जानकारी मिलते ही डीसीपी, एडीसीपी पूर्वी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए हैं।

दरअसल शनिवार को शाम करीब पौने पांच बजे कांनपुर के फीलखाना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बच्चा खेल रहा था इतने में दो बाईक सवार लोगों ने बीच चौराहे से बच्चे को उठा लिया जब लोगों ने देखा तो इसकी सूचना परिजनों को दी। वहीं मौके पर डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, एडीसीपी पूर्वी लखन सिंह, एसीपी कोतवाली समेत थाने की फोर्स मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी। पीड़ित मां गुड्डा ने बताया कि वे



फुटपाथ में रहकर गुजर बसर करती है उनके चार बच्चे हैं एक बच्चा उनका कार्तिक खेल रहा था उनको सूचना मिली की उनके बच्चे को दो बाइक सवार किडनैप करके ले गए जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी है। वहीं इस संबंध में डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना में टीम लगा दी गयी जल्द ही बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

## घायल भीख मांगने वाली महिला का पिता पुत्र बने सहारा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मार्ग दुर्घटना में तीन दिन पहले घायल 85 वर्षीय शांति देवी के लिए एक पिता पुत्र की जोड़ी भगवान बन गई, सूचना मिलते ही सरदार तरनजीत सिंह अपने पुत्र जयदीप सिंह के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वृद्ध को रात करीब 11 बजे एंबुलेंस के माध्यम से कानपुर मेडिकल कॉलेज के हैलट हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों की टीम ने बुजुर्ग का उपचार किया।

आर्य नगर स्थित एक बस्ती में शांति देवी झोपड़ी बनाकर उसमें अकेली रहती हैं परिवार में कोई भी न होने के कारण वह भीख मांग कर खाती हैं बुधवार दोपहर वह अपने घर से कहीं जा रही थी तभी एक अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी टक्कर लगने से शांति देवी कूल्हा में चोट लग गई। जिसके कारण वह दर्द से पड़ी कराह रही थी। ऐसे में किसी ने घटना की जानकारी गुमटी नंबर पांच निवासी तरनजीत सिंह को दे दी सूचना मिली तो वह



शुक्रवार रात अपने बेटे जयदीप के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। रात में ही तरनजीत सिंह ने एंबुलेंस को कॉल करके मौके पर बुलाया और फिर बुजुर्ग को लेकर हैलट अस्पताल पहुंचे यहां पर डॉक्टर ने बुजुर्ग को देखा तो उन्होंने बताया कि बुजुर्ग का कुल्हा पहले भी टूट चुका है जिसमें प्लेट पड़ी थी हैलट में डॉक्टर आदित्य सिंह, डॉक्टर नीरज, ने बुजुर्ग का उपचार किया इसके बाद तरनजीत ने बुजुर्ग को दूसरे दिन एंबुलेंस की मदद से अस्पताल से छुट्टी करने के बाद उन्हें घर पहुंचाया है।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर श्रद्धांजलि की अर्पित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह व पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 647वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि संत रविदास ने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने जीवन जीने का सही मार्ग दिखाया वे भक्तिकालीन संत और महान समाज





सुधारक थे।

इस अवसर पर कौशल किशोर दीक्षित, रामदेव शुक्ल, विनोद मिश्रा, गणेश शुक्ला, संजय कटियार, अर्जुन बेरिया, वंदना गुप्ता, नीलम गुप्ता, अशोक त्रिपाठी, आदि मौजूद रहे।

### संत रविदास को कांग्रेसियों ने श्रद्धा सुमन किए अर्पित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर द्वारा महान अध्यात्मिक संत रविदास जयन्ती पर कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल मे पूर्व की भांति इस वर्ष भी उनके चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात आयोजित पुष्पांजलि संगोष्ठी मे संत रविदास को धर्मपरायण महान समाज सुधारक सद्गुरु बताते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि 15 वीं व 16 वीं शताब्दी मे भक्ति अभियान के शैशव काल मे एक साधारण दलित किन्तु धर्मनिष्ठ परिवार मे माघ पूर्णिमा के दिन बनारस (काशी) मे जन्मे श्रद्धेय संत रविदास आशुकवि वैश्विक बन्धुता, सहिष्णुता व देशप्रेमी होने के साथ ही जातिभेद, रंगभेद व भेदभाव के कट्टर विरोधी थे जिन्होने अपनी स्वतः रचित छन्दो एवं कविताओं को सिक्ख पंथ प्रवर्तक गुरुनानक देव जी को समर्पित कर दिया था। संगोष्ठी मे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी ने कहा कि रविदास जी का मानना था कि गंगा स्नान दायित्वपूर्ण कर्म से विरत होकर करने के बजाये चिन्ता रहित सतकर्म करते हुए कठौत के जल से भी स्नान किया जाए तो उतना ही पुण्य प्राप्त होगा जितना गंगा स्नान से प्राप्त होने वाला हो- तभी यह कहावत कि ''मन चंगा तो कठौती मे गंगा'' प्रचलित हुई।

## सपाइयों की युवा टीम बेरोजगारी महंगाई को लेकर मतदाताओं से करेगी संपर्क

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

समाजवादी पार्टी महानगर केंद्रीय कार्यालय नवीन मार्केट परेड में शाम 3 बजे युवाओं और पूर्व छात्र नेताओं, महिला सभा के सदस्यों, मतदान केंद्र इंचार्जों की बैठक सपा महानगर अध्यक्ष फज़ल महमूद की अध्यक्षता में आरंभ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष फज़ल महमूद ने कहा कि युवा तथा पूर्व छात्र नेताओं की पांच सदस्य टीम प्रत्येक मतदान केंद्रों में जाकर के मतदाताओं से बढ़ती महंगाई तथा बरोजगारी से बढ़ती युवाओं में कुंठा तथा आत्महत्या के कारण सपा इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करेगी। लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी महंगाई प्रमुख मुद्दा बनाकर संपर्क करके बढ़ती भयावह स्थिति से अवगत करा कर परिवर्तन का संदेश देंगे। अध्यक्ष फज़ल महमूद ने आगे कहा कि केंद्र सरकार कॉरपोरेट टैक्स में छूट दे कर महंगाई से जनता की कमर तोड़ रही है सरकार इस पर उदासीन रहकर अप्रत्यक्ष मार जनता पर डाल रही है।

अध्यक्ष फज़ल महमूद ने कहा कि, महंगाई से गरीब की थाली से अरहर की दाल छीन गई है आटा महंगा होने तथा उसमें मिलावट से, बीमारियों से अस्पतालों में तांता लग रहा है। जिसे सपा मतदान केंद्रों पर अपने भावी युवा मतदाताओं के साथ मिलकर जन-जागरण अभियान करेगी।

सभा में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव केज़ केज़ शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टु, संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, परमवीर गंभीर, महेंद्र सिंह, अयूब आलम, सत्यनारायन गहरवार, संजय निषाद, सुलेखा यादव, दीपिका मिश्रा, अनीता वर्मा, दीपा यादव, वंदना दिवाकर, रत्ना सिंह, मुमताज मसूरी, राहुल यादव, इशरत इराकी, सरफाराज मून, जस्वेन्द्र प्रताप निषाद और अनिल चौबे आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजन की टीम ने आईटी के खिलाफ किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

डॉ.अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन में चल रहे खेल उत्सव आवेग 2024 के दूसरे दिन शनिवार को क्रिकेट (कंप्यूटर साइंस बनाम आईटी), 200 मीटर दौड़ और लंबी कूद, खो-खो, डिस्क थ्रो आदि खेल हुए। क्रिकेट मैच में डॉ.अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन की टीम आईटी के खिलाफ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजयी रही। वही 200 मीटर दौड़ के विजेता रमाकांत, गणेश व योगेश रहे। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो.रचना आस्थाना, शिक्षक डॉ.अनुज श्रीवास्तव, श्रीनाथ द्विवेदी, डॉ.मनीष सिंह राजपूत, खेल संयोजक डॉ.डी.पी. सिंह, खेल सचिव आदित्य कुमार और साक्षी पांडेय आदि मौजूद रहे।

# अरे साहब! सरकारी अस्पतालों में हो रही दवाइयों की कालाबाजारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

योगी सरकार ने पुनः सत्ता में काबिज होने के बाद आम जन की मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य में सुधार करने का प्रयास किया।उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आए दिन स्वास्थ्य विभाग में सुधार के लिए प्रयासरत नजर आते हैं। किंतु बात की जाए कांग्रेस युवराज राहुल गांधी को पछाड़ कर सांसद बनी स्मृति ईरानी की अमेठी की तो यहां भ्रष्टाचार के घुन से ज्यादातर विभाग अछूते नहीं हैं। फिलहाल हम बात कर रहे हैं। अमेठी के महत्वपूर्ण विभाग स्वास्थ्य विभाग की।जहां पर सरकारी अस्पतालों में दवाइयों का टोटा रहता है।वहीं देखा जाए तो अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ज्यादातर मरीजों को एक प्रकार की ही दवाइयां दे दी जाती हैं। सूत्रों के हवाले से खबर है कि दवाइयों की कालाबाजारी लंबे समय से जमे स्वास्थ्य विभाग



के कर्मचारियों द्वारा की जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों का तांता लगा रहता है। किंतु गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को भी उन्ही दवाइयों से निपटा दिया जाता है। जिनका प्रयोग मामूली बीमारी से पीड़ित व्यक्ति के लिए किया जाता है। दवाइयों की कमी के कारण का पता करने का प्रयास किया गया तो सूत्रों के मुताबिक पता लगी की दवाइयों की कालाबाजारी की जाती है। जनपद के अधिकांश सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डॉक्टर और सुविधाओं का टोटा रहता है। जिसका खामियाजा आम जन को भुगतना पड़ता है।

बड़ा प्रश्न है कि निचले स्तर पर जिलास्तर के अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की जांच का प्रयास क्यों नही किया जाता। एक ही स्थान पर इतने लम्बे समय से जमा डॉक्टर और कर्मचारी किस प्रकार से आमजन के हित में कार्य करेगा।या सरकार का मकसद केवल स्वास्थ्य विभाग में सुधार राजनैतिक वाहवाही के लिए ही है। जैसा कि बीते दिनों मुंशीगंज स्थित संजयगंधीअस्पताल लापरवाही की भेंट चढ़ते हुए बंद हो गया था। किंतु अमेठी में स्वास्थ्य विभाग की स्वयं की सुविधाओं में दलाली का गढ़ बनता नजर आता है।

## ताना-बाना का एक से सात मार्च तक आयोजन रामलीला मैदान में

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग नीरज कुमार यादव ने बताया कि डिस्ट्रिक हैण्डलूम एक्सपो **"ताना-बाना"** रामलीला ग्राउण्ड अमेठी में एक मार्च से सात मार्च तक आयोजित की जायेगी। जिसमें उप्र के भिन्न-भिन्न जनपदों से हथकरघा बुनकरों द्वारा अपने विशिष्ट उत्पाद लाया जायेगा।और बुनकरों द्वारा इसकी बिक्री भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विजन द्वारा वोकल फार लोकल को बढ़ावा देने के क्रम में हथकरघा बुनकरों के उत्पादों का प्रचार-प्रसार किया जाये।ताकि आम जनमानस अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर इन उत्पादों खरीद सकें। जिससे बुनकरों को लाभ के साथ ही लघु,कुटीर उद्योग को प्रोत्साहित किया जा सके।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने की व्यापारियों के साथ मीटिंग

**आगामी त्यौहारों को लेकर थानों पर पीस कमेटी के सदस्यों के साथ गोष्ठी**

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



शनिवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार द्वारा व्यापारियों के साथ मीटिंग की गयी। जिसमें जनपद के व्यापारीगण उपस्थित हुए। मीटिंग में व्यापारीओं को ऑपरेशन दृष्टि के तहत जागरुक कराते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु अपील की गई।एवं व्यापारीओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया। तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। और उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया।तथा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना मुसाफिरखाना, थाना फुरसतगंज व थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक द्वारा थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक व पालन करने हेतु अपील की गयी।

# हाइवे पर नाला निर्माण में भ्रष्टाचार देख भड़के विधायक

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

इसौली से सपा विधायक ताहिर का शनिवार को रौद्र रूप देखने को मिला। लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर नाला निर्माण में भारी भ्रष्ट्राचार की शिकायत पर वे मौके पर पहुंचे। बंधुआकला एसओ को उन्होंने फोनकर बुलाया और ठेकेदार को गिरफ्तार करने को कहा।



दरअस्ल लखनऊ-वाराणसी एनएच पर बंधुआकला में रेलवे स्टेशन के पास सड़क संकरी है। जिससे यहां अक्सर दुर्घटना होती थी। कई जाने गई तो कई एक घायल हुए। क्षेत्रीय लोगों ने इसौली से सपा विधायक ताहिर खान को इस समस्या से अवगत कराया तो उन्होंने विधानसभा में मुद्दे को उठाया। आखिर विधायक की मेहनत रंग लाई और यहां सड़क का चौड़ीकरण शुरू हुआ। सड़क चौड़ीकरण में बंधुआकला रेलवे स्टेशन के पास नाला निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था। जिसमें गिट्टी के साथ मिट्टी का प्रयोग की शिकायत शनिवार को स्थानीय लोगों ने विधायक को दी। इस पर विधायक तत्काल मौके पर पहुंचे। घटिया निर्माण देख वो भड़क गए। विधायक ने गिट्टी हाथ में लिया और मिक्सर मशीन में गिट्टी के साथ मिट्टी मिले देख उनका पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया। बस फिर क्या था उन्होंने सबसे पहले फोनकर बंधुआकला एसओ को बुलाया, और कहा इंचार्ज साहब देखो मशीन में क्या पड़ा है, नहीं समझोगे हम झूठ बोल रहे हैं। उसके बाद सुपरवाइजर समेत तीन को उन्होंने पकड़वाया। कहा इनको जेल भेजो सबको। यही नहीं विधायक ने एसडीएम को फोन लगाया और कहा महोदय आप आईए फौरन और इसको सीज कीजिए। विधायक ताहिर खान ने कहा हजारों लोग इस सड़क पर यात्रा करते हैं क्योंकि ये सड़क लखनऊ वाराणसी हाइवे है और इस हाइवे पर इस तरह भ्रष्टाचार करके नाले का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा की मैं आज ही लखनऊ जाकर लोक निर्माण विभाग के मंत्री से और प्रमुख सचिव से मुलाकात कर इस मामले की शिकायत करूंगा। नाले का निर्माण करा रही संस्था को ब्लैक लिस्टेड करवाऊंगा।

# राम वन गमन पर भ्रष्टाचार, सवा साल में पांचवी बार टूटा गोमती नदी पर बना पुल

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

राम वन गमन पथ पर भ्रष्ट्राचार का खेल उजागर हुआ है। यहां प्रयागराज से अयोध्या को जाने वाले मार्ग पर टाटिया नगर में बना गोमती सेतु सवा साल के अंदर पांचवीं बार क्षतिग्रस्त हुआ है। इससे जहां जाने वाले राम भक्तों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा वही शहर में इससे भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दरअस्ल यहां गोसाईगंज थानाक्षेत्र के टाटिया नगर में गोमती सेतु बना हुआ है।

इसी मार्ग से लोग अयोध्या को जाते हैं। शुक्रवार की रात ब्रिज क्रेक हो गया जिससे इस रूट से आवागमन बाधित हो गया है। रात से ही ट्रक, ट्रेलर, डंपर आदि भारी वाहन शहर के अंदर से गुजारे जाने लगे। सुबह होने के बाद प्रशासन जागा तो टाटिया नगर और नकराही बाईपास के पास बैरिकेडिंग करके भारी व चार पहिया वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया। हालांकि बाइकों की आवाजाही अभी इसी रूट से हो रही। आलम ये है कि पुल टूटने से शहर में भीषण जाम प्रमुख क्षेत्रों में लग गया है।

स्थानीय चीनी मिल निवासी बशीर अहमद बताते हैं कि जिस तरीके से पुल का काम होना चाहिए वैसे नहीं हो रहा है। यहां पर जो ठेकेदार आते हैं वो पैसे को बचाने के लिए इसमें कम मात्रा में काम करके चले जाते हैं। ये पुल चल नहीं पाएगा। शासन से पैसा आता है लेकिन ठेकेदार खा जाते हैं। वही कमनगढ़ प्रधान प्रतिनिध मोहम्मद शम्स बाबू ने बताया कि दो साल में पांच बार ये पुल टूट चुका है। कार्य सही से नहीं हो रहा इसलिए बार-बार पुल टूट रहा है। कई बार इसकी शिकायत डीएम से की गई है। उन्होंने बताया कि अयोध्या जाने के लिए रास्ता यही है, ऐसे में राममंदिर जाने के लिए पब्लिक आ रही और बहुत परेशान हो रही है। उन्होंने ये भी



बताया कि काम तो दस ही दिन का है लेकिन लगाएगे छह महीना। आपको बता दें कि सबसे पहले ये पुल नवंबर 2022 में टूटा।

सांसद मेनका गांधी के निर्देश करोड़ों रुपए खर्च हुए और 51 दिनों में दिसंबर 2022 में पुल बनकर तैयार हुआ। लेकिन भ्रष्ट्राचार इस पैमाने पर हुआ था कि फरवरी 2023 में पुल टूटा, बना और फिर जून में टूटा और आखरी बार अगस्त 2023 में पुल टूटकर बना। इसमें जहां सरकार का करोड़ों रुपए व्यर्थ गया वही पुल टूटने से सारा ट्रैफिक शहर से होकर गुजरा तो शहर की नई नई सड़कें खस्ताहाल हो गई।

स्थानीय लोगों की माने तो पुल बार बार क्रेक होने की अस्ल वजह टेक्निकल प्रॉब्लम है। यहां तीन सूत, चार सूत और छह सूत की सरिया का प्रयोग पुल के जीर्णोद्धार में किया गया। भराई के नाम पर पहले 8 इंच भराई हुई थी अब केवल तारकोल का लेप किया जा रहा।

वही इस मामले में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि एनएचएआई की टीम जांच को आ रही है। इसके बाद पुल निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल ट्रैफिक रूट डायवर्ट कर दिया गया है। वही पांच पांच बार पुल टूटने में हुए भ्रष्ट्राचार की जांच के सवाल पर उन्होंने फोन कट कर दिया। वही इस मामले में सांसद मेनका गांधी के प्रतिनिधि रंजीत सिंह ने बताया कि पहले पुल स्टेट हाईवे के अंतर्गत आता था जिसे सेतु निगम ने बनाया था। बाद में नेशनल हाइवे में आ गया तो लोड अधिक हो गया। छभ्प् इसका काम देख रहा है जल्द ही इसका कार्य शुरू होगा।

## सड़क पार करते समय रोडवेज ने मजदूर को रौंदा, मौत

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** वाराणसी-लखनऊ नेशनल हाइवे पर बीती रात सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने परिवार वालों को घटना के बाबत सूचना दी तो परिवार में कोहराम मच गया। हालांकि पुलिस ने मजदूर के शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई आरंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बाईपास की है। जहां एक मजदूर को बीती रात रोडवेज बस ने टक्कर मार दिया। बताया जा रहा है कि मजदूर पैदल हाइवे पार कर रहा था। घायल अवस्था में उसे आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उसे लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक की सूचना पर लंभुआ कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। एसएचको लंभुआ शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। मृतक मजदूर की पहचान सियाराम यादव (40वर्ष) निवासी तुलसी नगर शाहपुर थाना कोतवाली लम्भुआ का रहने वाला है।

# सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जी की मनाई गई 647वीं जयंती

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शनिवार को माघ पूर्णिमा के उपलक्ष्य एंव सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जी की 647वीं जयंती के अवसर पर रैदास समाज और उनके अनुयाईयो ने समाज के नेता राजेश कुरील के नेतृत्व में शहर मोहल्ला रफी नगर निकट हाथी पार्क स्थित वर्षो पुराना सन्त शिरोमणि रविदास मन्दिर स्थल गेट पर चित्र पर पुष्पांजली कर प्रसाद वितरण कर वर्षो पुराना सन्त रविदास मन्दिर/रैदास आश्रम सामुदायिक केन्द्र को अवैध कब्जेदरों से मुक्त कराने का किया आह्वान। सन्त रविदास के अनुयायी वरिष्ठ समाज सेवी छोटे लाल प्रेमी व राम सजीवन ने पुष्पांजलि करके बताया कि यह सन्त रविदास मन्दिर /रैदास आश्रम सामुदायिक केन्द्र हेतु 1958 में रैदास समाज व उनके अनुयाईयो की मांग पर समाज के नेता रायबरेली के प्रथम सांसद बैजनाथ कुरील पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार के नेतृत्व में और उनकी अगुवाई में तत्कालीन जिला प्रशासन द्वारा जिला



पंचायत की भूमि से एक किता प्लाट/भूमि का 30 साल का पट्टाकर आवंटन किया था। उक्त पट्टे की भूमि पर शहर के 14 मोहल्ले में रह रहे रैदास समाज और उनके अनुयाईयो द्वारा आपस में चन्दा लेकर धन एकत्र करके समाज के नेता रायबरेली के प्रथम सांसद बैजनाथ कुरील के नेतृत्व में रैदास आश्रम सामुदायिक केन्द्र का ट्रस्ट का गठन कर 1978 में सन्त रविदास मन्दिर का निर्माण कर रायबरेली के प्रमुख समाज सेवी बाबा राम दास के कर कमलों द्वारा सन्त रविदास की मूर्ति का स्थापना कर समाज के नाम सार्वजनिक कर पूजा पाठ के लिए समर्पित कर दिया था तब से लगातार रैदास समाज के लोग और उनके अनुयाई द्वारा उक्त मन्दिर में प्रत्येक दिन पूजा पाठ कर धार्मिक सत्संग व पूरे शहर में रविदास जयंती के उपलक्ष में झांकी निकल कर त्यौहार, पर्व को धूमधाम से मनाया जाता रहा हैं। सन्त रविदास मन्दिर/रैदास आश्रम सामुदायिक केन्द्र के मुख्य ट्रस्टीगणों के मृत्यु उपरान्त मौका पाकर कुछ स्वार्थी दबंग भूमाफियाओं ने अपने धनबल से जबरन मन्दिर में ताला बन्दी कर अपने निजी उपयोग हेतु उक्त बेस कीमती सन्त शिरोमणि गुरु रविदास मन्दिर /रैदास आश्रम सामुदायिक केन्द्र को जबरन कब्जा कर, रैदास समाज और उनके अनुयाई को मन्दिर के अंदर पूजा पाठ करने पर रोक लगा दिया और पिछले कई वर्षो से हम लोग मन्दिर में पूजा पाठ करने से वंचित हों गए। पुष्पांजली कार्यक्रम में विमल किशोर सबरा, सी बी गौतम, मास्टर राम भरोसे, शिव शंकर वाल्मिकी, रोहित प्रतिपक्षी, अशोक प्रियदर्शी, अनिल कांत हरि प्रसाद शास्त्री, ई एस के आर्य, राम निवास गौतम, प्रीतम कुमार ओम प्रकाश सोनकर पूर्व सभासद, कमलेश चौधरी, समीर आनन्द आदि लोग सन्त रविदास जी के जीवन और उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए वर्षो पुराने रविदास मन्दिर को अवैध कब्जेदरों के विरुद्ध सामाजिक न्यायिक कानूनी कार्यवाही कर रविदास मन्दिर मुक्ति आन्दोलन चलाए जाने का आह्वान किया।

# रायबरेली की पूजा पांडेय का दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री अरविंदो कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ चयन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शहर के वरिष्ठ व्यायसायी एवं समाजसेवक प्रदीप पांडेय (गायत्री एग्रीकल्चर एंड एंप्लीमेंट्स सिविल लाइन) की बहन पूजा पांडेय का अंतिम चयन दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री अरविंदो कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए अध्यापन का कार्य सौंपा गया है। आज एक कार्यक्रम के दौरान उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। पूजा पांडेय का मूल गांव सलोन तहसील के सिरसिरा पूरे ढाली है। जबकि शहर में निवास स्थान 189क सिविल लाइन रायबरेली हैं। इनकी आरंभिक शिक्षा दीक्षा गांव से 10 वीं और 12 वीं की पढ़ाई की। इसके बाद स्नातक बीए और परास्नातक एमए की पढ़ाई फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट उत्तीर्ण किया। लखनऊ विश्व विद्यालय से इंग्लिश लिट्रेचर विषय से शोध कर रही है।इनका मुख्य विषय इंग्लिश लिट्रेचर है। पढ़ाई में हमेशा प्रथम स्थान प्राप्त किया। पढ़ने में कुशाग्र बुद्धि की थी। इस शानदार सफलता का पूरा श्रेय परम पिता परमात्मा, माता उर्मिला पांडेय पिता अमरीश कुमार पांडेय, गुरुजनों, बड़े भाई, बहन और मित्रो को जाता हैं। खुशी की लहर दिल्ली यूनिवर्सिटी से लेकर गांव, तहसील और पूरे रायबरेली जनपद में है। सभी लोग इस शानदार सफलता के लिए



पूजा पांडेय को बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं। पूरा परिवार सफलता के लिए बहुत ही गौरावंतित हैं। उन्होने अपना नाम रोशन करने के साथ साथ परिवार और पूरे रायबरेली जनपद का नाम किया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत राजेपुर धावां विकास खंड अकबरपुर, जनपद अम्बेडकर नगर

पत्रांक: मेमो/पंचायत/निविदा/2023-24 दिनांक: 24.02.2024

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

**ग्राम पंचायत राजेपुर धावां विकास खंड अकबरपुर में** राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना वर्ष 23-24 के निम्नलिखित परियोजनाओं के निर्माण कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म के लेटर पैड पर मुहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें **दिनांक 26-02-2024 से 29-02-2024 तक प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा बाक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें दिनांक **29-02-24 को सायं 4 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा के नियम व शर्तें पत्र में अंकित हैं:-

| क्र. | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री का ब्यौरा |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (RRC) सेंटर का निर्माण कार्य। | 2 लाख 69 हजार | ईंट गिट्टी, सीमेण्ट,मौरंग, सरिया, टीन शेड सामग्री |
| 2. | ग्राम पंचायत में ई रिक्शा क्रय। | 1 लाख 69 हजार | |

**नियम व शर्तो का विवरण:-**

1- जिस आपूर्ति कर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु सूचित किया जायेगा।
2- आपूर्ति कर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए ग्राम पंचायत स्वतंत्र होगी।
3. फर्म जी0 एस0 टी0 पंजीकृत हो व आयकर दाखिल करने की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
4- जो दरें प्रस्तुत की जायें, वह दरें जी0एस0टी0 तथा ढुलाई, लदाई, उतरवाई तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
5- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेंगी।
6. प्रस्तुत दरें PWD द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए।
7- स्वीकृत आपूर्ति कर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मांग के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवता खराब होने पर आपूर्ति कर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।
8- बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

**शिवांगिनी**
ग्राम प्रधान

**चूणामणि वर्मा**
ग्राम पंचायत सचिव


## शिक्षण संस्थान नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 पर करायें पंजीकरण: जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने समस्त शिक्षण संस्थाओं से कहा है कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0 की पूर्वदशम छात्रवृत्ति नियमावली, 2023 एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति नियमावली 2023 में यह प्राविधान है की निजी (प्रा0) श्रेणी के शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की जायेगी, जो नेशनल स्कालरशिप (एनएसपी) पोर्टल पर पंजीकृत हो। उन्होंने कहा है कि इस कार्य में अपेक्षित रूचि न लिए जाने के कारण पूर्वदशम छात्रवृत्ति आवेदनों के डाटा प्रोसेस के समय आवेदन संदेहास्पद श्रेणी में आ गये हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने इस के निवारणार्थ के लिए जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि नेशनल स्कालरशिप पोर्टल 2.0 पर ऐसे संस्थान लॉगिन कर लें। लॉगिन के उपरान्त पब्लिक कॉनर को सर्च में इंस्टीट्यूट एनएसपी का विकल्प खोजा जाए, जिसमें संस्थान को मिले UDISE/AISHE कोड डालकर सर्च कराया जाये। यदि एसएसपी पर UDISE/AISHE कोड पाया जाता है, तो उसे पंजीकृत मार्क किया जाये।

# जन्मदिन पर याद किए गए सेवा और कर्म को सर्वोपरि मानने वाले संत रविदास



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में कर्मनिष्ठ महान संत रविदास की जयंती पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

तत्पश्चात प्रधानाचार्य ने संत रविदास जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह भक्ति आंदोलन के एक रहस्यवादी कवि और संत थे, जिन्होंने जाति का भेदभाव मिटाकर लोगों को एकजुट होने के लिए प्रोत्साहित किया और कर्म को सर्वोपरि माना, उन्होंने अपने समपर्ण, सेवा, और कर्मनिष्ठा के बल पर जो आदर्श स्थापित किया, वह चिरकाल तक समाज के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा, उन्होंने मन की पवित्रता और सत्यनिष्ठा को ही अपने जीवन का आधार बनाया संत रविदास जी का कथन विश्व प्रसिद्ध है कि-'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। ऐसी दिव्य विभूतियां सदैव समाज के लिए प्रेरणा स्रोत रही हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का अवलोकन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन पथ पर अग्रसर रहना चाहिए, इसके साथ ही हमें अपने कर्म पथ को कभी भी नहीं छोड़ना चाहिए, उन्होंने सभी से इच्छा शक्ति के साथ अपने कतर्व्य का पालन करने की अपेक्षा की।

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, सी0 एस0 दास मिश्र, संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, राकेश अवस्थी, रामदेव शर्मा, मनीष कुमार, राम किशोर यादव, वेद प्रकाश मिश्र, बी0एस0 त्रिवेदी, धमेन्द्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## शादी अनुदान पोर्टल पर आवेदक तथा पुत्री दोनों का आधार आधारित ई-केवाईसी किया जायेगा सुनिश्चित: सीडीओ

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग-2 के शासनादेश द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोडकर) के गरीब व्यक्तियो की पुत्रियो की शादी हेतु अनुदान उपलब्ध कराने के लिए नियमावली/शासनादेश निर्गत किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में आधार प्रमाणीकरण /ईकेवाईसी लागू की गयी है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड, पुत्री का आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर तथा जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, बैंक खाते की पासबुक एवं शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना आवश्यक है। आवेदक (माता-पिता/अभिभावक) शादी अनुदान पोर्टल http://shadi-anudan.upsdc.gov.in पर अपने रजिस्ट्रेशन हेतु अपना आधार नंबर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू करेगा। शादी अनुदान पोर्टल पर आवेदक तथा पुत्री दोनों का आधार आधारित ई-केवाईसी सुनिश्चित किया जायेगा।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 26°C | 12°C |
| कानपुर | 26°C | 12°C |
| देहरादून | 19°C | 06°C |
| नई दिल्ली | 24°C | 10°C |

# सीएम योगी के एंटी डेमो वाहन के सामने आया कुत्ता, कई गाड़ियों से टकराई, दर्जन भर जख्मी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



अर्जुनगंज बाजार में शनिवार शाम को सीएम के काफिले के आगे रूट को क्लियर करते चल रहे एंटी डेमो वाहन का एक पहिया कुत्ते पर चढ़ गया। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर दाहिने तरफ जाकर एक के बाद एक दो कारों से टकरा गया। हादसे में 6 पुलिसकर्मियों समेत 14 लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर व ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर उपेंद्र अग्रवाल व अन्य अधिकारियों ने तत्काल अस्पताल पहुंच घायलों की हालत के बारे में जानकारी ली। शाम करीब पौने आठ बजे सीएम का काफिला एयरपोर्ट से पांच कालिदास मार्ग आ रहा था। रूट को क्लियर कराने के लिए काफिले से करीब दो किमी आगे चल रही इंटरसेप्टर गाड़ी ने सड़क पर कुत्ता आने की जानकारी वायरलेस पर दी। सूचना मिलते ही इसके पीछे चल रहा एंटी डेमो वाहन(टाटा सूमो) का चालक सतर्क हुआ लेकिन फिर भी निकलते-निकलते उसका एक पहिया कुत्ते पर चढ़ गया। पहिया चढ़ते ही वाहन अनियंत्रित होकर तेजी से सड़क की दूसरी तरफ जाकर दो कारों से टकरा गया। एक कार में बैठा पूरा परिवार घायल हो गया। जबकि पास में खड़ी मां-बेटी, कैंट थाने का एक सिपाही व अन्य तीन लोग भी उसकी चपेट में आ गए। इलाकाई लोगों की मदद से सभी घायलों को अन्य पुलिस वालों ने तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया। कुछ को ट्रामा तो कुछ को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया।

### अब तक इनके घायल होने की सूचना

पुलिस वालों के अलावा आम लोग भी इस घटना में घायल हुए हैं। इस घटना में घायल हुए लोगों में सात को ट्रामा सेंटर भेजा गया तो छह घायल लोहिया अस्पताल भेजे गए।

### अब तक इनके घायल होने की सूचना

- चालक सिपाही राम सिंह
- सिपाही मोहम्मद सलीम
- शिवम यादव
- सुशीला अर्जुनगंज
- अस्फाश सिद्दीकी
- खालिद आजम
- शहनाज
- एक अज्ञात महिला
- हेड कांस्टेबल अवध नारायण
- विजय प्रताप
- विजय कुशवाहा
- प्रिया
- हसनैन
- कार्तिक त्रिपाठी
- मुस्तकीम

### घायलों में पांच एक ही परिवार के, सिपाही समेत दो गंभीर

एंटी डेमो वाहन में पीएसी के सिपाही राम सिंह(चालक), हेड कांस्टेबल मोहम्मद सलीम, सिपाही विजय प्रताप, शिवम यादव घायल हुए। इसके अलावा ड्यूटी कर रहे कैंट थाने के सिपाही विजय कुशवाहा 25 को गंभीर चोटें आईं। वहीं कार सवार एक परिवार के पांच लोग जख्मी हुए। इसमें ठाकुरगंज निवासी ठेकेदार मुस्तकीम, उनकी पत्नी शहनाज, 6 साल की बेटी अक्सा, भांजा खालिद आजम और साले का 18 महीने का बेटा हसनैन शामिल हैं। वहीं सड़क किनारे खड़ीं सुशीला व उनकी 14 साल की बेटी प्रिया के अलावा 14 साल के कार्तिक त्रिपाठी भी घायल हुए। इनमें से सिपाही विजय व किशोरी प्रिया की हालत गंभीर है।

# बीकेटी एसडीएम ने मानपुर टोल का किया निरीक्षण

- मानपुर सब्जी मंडी को सड़क से हटानें के मैनेजर को दिये निर्देश
- मानपुर टोल से इटौंजा की तरफ डेढ़ सौ मीटर तक चौड़ी होगी सड़क: एसडीएम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



**बीकेटी।** लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग इटौंजा मानपुर टोल पर शनिवार को उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी पहुंच गए। बता दे कि बीकेटी उपजिलाधिकारी ने मानपुर टोल के पास लगने वाली अवैध सब्जी मंडी को तुरंत सड़क से हटवाने का निर्देश टोल प्रबंधक को दिया है। आपको बताते चलें कि इटौंजा राष्ट्रीय राजमार्ग मानपुर में टोल के पास अवैध तरीके से लगने वाली सब्जी मंडी पर बीकेटी एसडीएम नाराज होते हुए दिखाई दिये, एसडीएम ने टोल प्लाजा प्रबंधक प्रवीण शुक्ला को कड़े शब्दों में कहा कि एन एच हाई-वे की जमीन पर अवैध तरीके से लगने वाली सब्जी मंडी, आढ़त, दुकानों जिनका मुआवजा एन.एच.आई द्वारा दिया जा चुका है उनको हटवाया जाए तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी प्रकार की कोई सब्ज़ी मंडी व आढ़त एवं दुकाने नहीं लगाईं जायेंगी। एसडीएम ने कहा कि टोल प्लाजा से इटौंजा की तरफ सड़क के दोनों तरफ एन एच आई द्वारा सीमांकन करके लगभग 200 मीटर सड़क चौड़ीकरण किया जायेगा जिसका काम जल्द चालू हो जाएगा। इस मौके पर एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी, उ0नि0 ओम प्रकाश तिवारी, कानूनगो राजेन्द्र प्रसाद, मानपुर टोल मैनेजर प्रदीप शुक्ला अन्य आढ़तिया ग्राम प्रधान मौजूद रहें।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर सब्जी मंडी लगने से लगता है जाम

बीकेटी क्षेत्र के इटौंजा मानपुर टोल टैक्स के पास लगने वाली सब्जी मंडी से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन जाम जैसी स्थिति बनी रहती है जिससे कि क्षेत्र व अन्य जिलों के नागरिकों को जाम का सामना करना पड़ता हैं। सब्जी मंडी लगने से सड़क पर गंदगी एवं कूड़ा करकट पड़ा रहता हैं टोल के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मी ध्यान नहीं देते हैं जिससे सड़क पर गंदगी ही गंदगी दिखाई देती हैं। वहीं एक्सीडेंट होने की संभावनाएं भी बनी रहती हैं। मानपुर टोल टैक्स मैनेजर प्रदीप शुक्ला ने बताया कि रविवार को एन.एच.आई की सड़क का दोनों तरफ सीमांकन करके तथा रोड़ के दोनों तरफ जगह चिन्हित कर मानपुर सब्जी मंडी में लगने वाली आढ़त एवं दुकानों को खाली करने का अनाउंसमेंट कर आगे की कार्यवाहीं की जायेगी।

# लोकसभा चुनाव: यूपी की हारी हुई 14 सीटों पर भाजपा जल्द घोषित करेगी अपना प्रत्याशी, दिल्ली में हुआ फैसला



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में भाजपा की हारी हुई 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अगले सप्ताह तक हो सकती है। शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में यूपी की 14 सीटों पर प्रत्याशियों के पैनल पर मंथन हुआ। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को 80 में से 16 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। इनमें से उप चुनाव में भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ में तो जीत हासिल की। लेकिन गाजीपुर, घोसी, नगीना, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, श्रावस्ती, अंबेडकर नगर, लालगंज और जौनपुर में अभी बसपा के सांसद हैं। वहीं मैनपुरी, मुरादाबाद और संभल में सपा के सांसद है। जबकि रायबरेली से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद हैं। पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में इन 14 सीटों पर जीत भी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। इनमें से रायबरेली और मैनपुरी ही मात्र ऐसे लोकसभा क्षेत्र हैं जहां भाजपा कभी नहीं जीती है। जबकि शेष 12 सीटों पर पहले भाजपा जीत चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने विपक्ष के कब्जे वाली इन 14 सीटों पर प्रत्याशियों का पैनल केंद्रीय नेतृत्व को सौंपा। करीब तीन घंट से अधिक समय तक एक-एक सीट पर प्रत्याशियों के पैनल पर मंथन हुआ। खासतौर पर मैनपुरी, मुरादाबाद, अमरोहा पर जोर रहा। पार्टी के नेताओं का मानना है कि रामपुर और आजमगढ़ सीट उप चुनाव में जीती है, लेकिन आम चुनाव में यह दोनों सीटें भी आसान नहीं होगी। सूत्रों के मुताबिक बैठक में सभी 14 सीटों पर प्रत्याशियों के पैनल को अंतिम रूप दिया गया। 28-29 फरवरी को प्रस्तावित भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में इस पैनल पर चर्चा के बाद प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। मार्च को पहले सप्ताह तक प्रत्याशी घोषित हो सकते हैं। इनमें हारी हुई 14 सीटों के साथ कुछ मौजूदा सांसद और दिग्गज चेहरे भी शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक बैठक में राज्यसभा चुनाव में भाजपा के आठ प्रत्याशियों की जीत की संभावना और मंत्रिमंडल विस्तार पर भी चर्चा हुई है। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, प्रदेश के चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा और प्रदेश के महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी मौजूद थे।

### सहयोगी दलों को भी मिल सकती है हारी हुई सीटें

भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि हारी हुई 14 सीटों में से कुछ सीटें रालोद, सुभासपा और निषाद पार्टी को भी मिल सकती है। वहीं कुछ सीटों पर बसपा के मौजूदा सांसद को भी भाजपा में शामिल कराकर चुनाव लड़ाने पर विचार चल रहा है।

# राज्यसभा चुनाव: सपा ने विधायकों को दी ट्रेनिंग, नहीं पहुंचीं पल्लवी पटेल



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश सपा मुख्यालय पर शनिवार को विधायकों को राज्यसभा चुनाव में मतदान के तरीके बताए गए। यह भी कहा गया कि उन्हें किस प्रत्याशी को वोट देना है, यह 27 फरवरी को मतदान के दिन ही बताया जाएगा। सभी विधायक एक साथ प्रदेश पार्टी मुख्यालय से वोट देने विधानभवन जाएंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पल्लवी पटेल समेत 4-5 विधायक बैठक में नहीं आए थे, लेकिन इन विधायकों ने नेतृत्व से न आने की पूर्वानुमति ले ली थी। सूत्रों के मुताबिक, पल्लवी दिन में अखिलेश यादव से मिली थीं। प्रशिक्षण के दौरान सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने मतदान की प्रक्रिया समझाई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा के तीनों राज्यसभा प्रत्याशी जीतेंगे। इसके लिए रणनीति तैयार कर ली गई है। बैठक में सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव भी मौजूद रहे।

### सपा विधायकों को मतदान की अनुमति के लिए हाईकोर्ट में दी अर्जी

जेल में बंद सपा विधायक रामकांत यादव और इरफान सोलंकी को मतदान की अनुमति देने के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दी गई है। सपा सूत्रों का कहना है कि रमाकांत यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है, लेकिन प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने में समय लगने के कारण वे जेल से बाहर नहीं आ सके हैं। इसलिए उन्हें मतदान की अनुमति देने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने इरफान सोलंकी की अनुमति की अर्जी खारिज कर दी है, जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई है।

सपा सूत्रों का कहना है कि रुहेलखंड, अवध, अंबेडकरनगर और जौनपुर के जिन पार्टी विधायकों को लेकर शंका जाहिर की जा रही थी, वे सभी बैठक में मौजूद थे।

# शारजाह और जेद्दा से लखनऊ पहुंचे यात्रियों से दो करोड़ का सोना बरामद



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शनिवार को शारजाह व जेद्दा से आने वाली उड़ानों से 12 तस्करों को सरोजनीनगर पुलिस ने एयरपोर्ट के बाहर से गिरफ्तार किया। तस्करों के पास से दो करोड़ रुपये का सोना बरामद किया गया है, जिसे शरीर में छिपाकर ला रहे थे। अमौसी एयरपोर्ट पर तस्करी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को विदेश से पहुंचे सोने की तस्करी करने वाले 12 लोगों को सरोजनीनगर पुलिस ने दबोचा। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेते हुए अधिकारियों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद सभी की स्कैनिंग हुई। पुलिस के मुताबिक एयरपोर्ट पर स्कैनिंग किए जाने के बावजूद यह तस्कर एयरपोर्ट से बाहर निकल आए। पुलिस सूत्रों की माने तो शनिवार सुबह 7-30 बजे शारजाह व जेद्दा से लखनऊ पहुंची उड़ानों के पैसेंजर आ रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना पर इन विमानों से आए 12 यात्रियों को पकड़ा गया। पुलिस ने यात्रियों से कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने खुद को रामपुर जिले का निवास बताया। पूछताछ में उन्होंने कबूला कि सोने को कैप्सूल रूप में शरीर के अंदर छिपाकर लाया गया। यह जानकारी मिलने पर सरोजनीनगर पुलिस ने इसकी सूचना एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों को दी। दोबारा उनकी स्कैनिंग कराई गई, जिसमें पता चला कि सभी यात्रियों के शरीर में कैप्सूल के रूप में सोना छिपा रखा है। जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने के साथ ही आगे की कार्रवाई कर रही है।

# नगर विकास मंत्री ने किया सीएम अर्बन फेलोज के प्रशिक्षण का शुभारम्भ

- यूपी आकांक्षी नगर विकास योजना लागू करने वाला पहला राज्य: एके शर्मा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा व मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के आधारभूत ढ़ांचे एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए महत्वाकांक्षी ऐसपिरेशन कार्यक्रम बनाया जा रहा है। देश में पहली बार निकायों के विकास एवं जीवनस्तर को ऊँचा उठाने के लिए आकांक्षी नगर योजना प्रदेश में लागू की गयी है। योजना के प्रथम चरण में बीस हजार से एक लाख की आवादी वाले 38 जिलों के अत्यंत पिछड़े 100 नगरीय निकायों को योजनान्तर्गत चयनित किया गया है। इन नगरों के विकास के लिए सीएम अर्बन फेलोशिप योजना शुरू की गयी है। सीएम फेलोज का चयन भी हो गया है। उन्होंने कहा कि सीएम फेलोज आकांक्षी नगरों में विकास को धरातल पर उतारने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

नगर विकास मंत्री ने शनिवार को सीएम फेलोज के लिए चयनित अभ्यर्थियों के लिए स्थानीय निकाय निदेशालय में अयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह योजना बहुत महत्वकांक्षी कार्य है, जिससे प्रदेश को ही नही पूरे देश को फायदा होगा हमारे कार्यो से अन्य प्रदेश भी प्रेरणा लेंगे। कहा की सीएम फेलोज मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप पिछड़े निकायों को विकास की मुख्य धारा में आगे लाने में मदद करेंगे। प्रशिक्षण देने के बाद इन्हें चयनित पिछड़े नगरीय निकायों में भेजा जायेगा जहां पर जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों से समस्याओं पर चर्चा कर तथा उनसे सलाह लेकर समग्र विकास को फलीभूत करने में सहयोग देंगे। उन्होने बताया कि सीएम फेलोज पद के लिए पूरे देश से एक लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें से मेरिट के आधार पर 446 आवेदकों को साक्षात्कार हुआ जिसमें से 100 सीएम फेलोज के चयन की प्रक्रिया पूरी हुयी, इसमें से 40 महिला सीएम फेलोज हैं।नगर विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश के 762 निकायों में से 100 अत्यंत पिछड़े निकायों को आकांक्षी नगर योजना में चयनित किया गया है, ये ऐसे नगर हैं जहां पर विकास अभी अधूरा है। ऐसे पिछड़े निकायों के ऐसपिरेशन को पूर्ण करना है। यहां पर सभी सुविधाओं पर कार्य किया जाना है। यह एक कठिन कार्य है, फिर भी इन निकायों को विकास की श्रेणी में लाना है। योजना के तहत कार्यों के लिए 32 मापदंड चिन्हित किये गये हैं। सीएम फेलोज आकांक्षी निकायों की समस्याओं के समाधान, जीवनस्तर को उठाने सफाई व्यवस्था, सुंदरीकरण, व्यवस्थापन, पीने का पानी, पानी निकासी, संक्रामक रोग, स्कूलों स्वास्थ्य सुविधाओं आंगवाडी केन्द्रों, जलाशयों, पार्कों सहित निकाय के पूरे परिदृश्य को बदलने के लिए कार्य करना है। उन्होंने सभी सीएम फेलोज को इस नयी जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंत्री जी ने इस अवसर पर आकांक्षी नगर योजना पोर्टल का शुभारम्भ किया और इस योजना से सम्बन्धित गाइडलाइंस का विमोचन किया। उन्होंने अधिकारियों को योजना के प्रगति की नियमित मानिटरिंग करने तथा कार्य की समीक्षा करने के भी निर्देश दिये।प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा कि सीएम फेलोज प्रदेश के सबसे पिछड़े ऐसे 100 नगरीय निकायों में कार्य कर 32 इंडिकेटर्स के माध्यम से विकास की सम्भावनाएं तलाशेंगे, साथ ही अपनी शोध रिपोर्ट को सरकार के समक्ष प्रस्तुत भी करेंगे। कार्यक्रम में सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ला, विशेष सचिव राजेन्द्र पैंसिया, निदेशक सूडा अनिल कुमार पाठक सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कम पानी में अधिक सिंचाई, अधिक फसल-अधिक कमाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



विश्व बैंक के सहयोग से ग्रेटर शारदा सहायक समादेश के तत्वावधान में आज तकनीकी कार्यशाला ''कमाण्ड एरिया डेवलपमेन्ट थ्रू माईक्रोएरिगेशन'' पर होटल ताज में आयोजित की गयी, जिसमें अनुज कॅवल, आयुक्त काडम भारत सरकार नई दिल्ली, विश्व बैंक डब्ल्यूआरजी के कन्ट्री कोआर्डिनेटर अजीत राधाकृष्नन, ग्रेटर शारदा सहायक समादेश के विशेष सचिव,अध्यक्ष एवं प्रशासक डॉ हीरा लाल, अपर आयुक्त राजीव यादव तथा विभिन्न प्रदेशों से आये हुये प्रतिनिधियों, प्रदेश के सिंचाई, कृषि, उद्यान के अधिकारियों एवं स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों तथा पद्मश्री सम्मानित विभूतियों द्वारा भाग लिया गया। कार्यशाला की शुरूआत डॉ योगेश बन्धु, वर्ल्ड बैंक द्वारा अतिथियों के स्वागत से की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये ग्रेटर शारदा सहायक समादेश के अपर आयुक्त राजीव यादव ने माईक्रोएरिगेशन के माध्यम से की जाने वाली सिंचाई के लाभ और उसकी चुनौतियों के विषय में जानकारी देते हुये जल संरक्षण के महत्व को बताया। कार्यक्रम में डॉ हीरा लालअध्यक्ष एवं प्रशासक, ग्रेटर शारदा सहायक ने कहा कि पानी को बचाने के लिए हमें पानी के प्रति अत्यन्त संवेदनशील होना होगा अर्थात हर व्यक्ति एक अपने भीतर एक जनून पैदा करना होगा। माईक्रोएरिगेशन की एक फौज तैयार करनी होगी ताकि सभी लोग मिलकर जल के गिरते हुये स्तर को रोक सके। जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए भी यह कदम आवश्याक है। वर्ल्ड बैंक डब्ल्यूआरजी के कन्ट्री कोआर्डिनेटर अजीत राधानकृष्नन द्वारा विकासशील देशों में जल की महत्वपूर्ण भूमिका को दृष्टिगत रखते हुये माईक्रोएरिगेशन को बढ़ावा देने के लिए वर्ल्ड बैंक की तरफ से हर सम्भव मदद देने का आश्वासन दिया। भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय के आयुक्त का अनुज कॅवल द्वारा प्रदेश और प्रदेश से बाहर चल रही माईक्रोएरिगेशन की परियोजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये, उन्होंने कहा कि माइक्रोएरिगेशन का अर्थ केवल खेत तक पानी पहुचाना नहीं है बल्कि पौधों की जड़ों में पानी की उपलब्धता सुनिष्चित कराना है। उन्होंने इस संदर्भ में अटल भूजल योजना, पीएमकेएसवाई आदि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुये उन्होंने अपील की माइक्रोएरिगेशन को अपनाकर कम पानी का प्रयोग कर अधिक फसल और अधिक कमाई के लक्ष्य की पूर्ति की जाय। उन्होंने इस बात पर जोर दिया की किसानों को सिखाना चाहिए की पानी फसल को चहिये है , मिटटी को नहीं ।कार्यक्रम में कई तकनीकी सत्र भी आयोजित किये गये, जिनमें विशेष सचिव सिंचाई कुलदीप नारायण श्रीवास्तव, हिमांशु कुमार-मुख्य अभियन्ता, सरयू, अधीक्षण अभियन्ता-सरयू परियोजना, सोमनाथ जाधव,जैन एरिगेशन महाराष्ट्र, विकास रजोरिया, डब्ल्यूआरडी राजगढ़ मध्य प्रदेश आदि ने अपने विचार रखे गये।

# रालोद कार्यालय में मनाई गई रविदास जयंती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में महान संत गुरु रविदास की जयन्ती मनाई गयी। इस अवसर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे तथा रालोद पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि भक्ति शिरोमणि संत रविदास ने छूत आडम्बर, अन्याय, विसमता, भेदभाव, ईश्वर भक्ति के नाम पर पैदा किये जाने वाले विवादों को त्याग कर प्रेम, सदाचार और परिहित की भावना को जागृत करने का काम किया था। उन्होंने अपनी वाणी के माध्यम से सच्ची भक्ति का जो संदेश दिया वह सर्वधर्म समभाव की स्थापना में सहायक सिद्ध हुआ। उन्होंने निश्चल कर्म का सबसे उत्तम वर्णन करते हुये मन चंगा तो कठौती में गंगा उनके इसी जीवन मार्ग को आज अपनाने की जरूरत है। रमेश कश्यप, धीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, शहजाद, सुमित सिंह, राणा, मनोहर मौर्या आदि लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये।

# 952 रुपये का इंजेक्शन बिक रहा था 3600 में, मेडिकल स्टोर सीज

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बाराबंकी शहर के एक अस्पताल में संचालित मेडिकल स्टोर से 952 रुपये वाला इंजेक्शन मरीजों को 3600 रुपये में बेचा जा रहा था। शिकायत के बाद औषधि निरीक्षक ने अस्पताल पहुंच कर जांच में शिकायत की पुष्टि हुई। स्टोर पर उपलब्ध दवाओं को जब्त करते हुए मेडिकल स्टोर को अग्रिम आदेशों तक सील कर दिया गया है।

औषधि निरीक्षक सीमा सिंह के मुताबिक शहर से सटे फतहाबाद में सुमन हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है। एक तीमारदार द्वारा की गई शिकायत में बताया गया कि अस्पताल की ओर से एंटीबायोटिक इंजेक्शन जिसकी बाजार में कीमत 952 रुपये है, उसके भर्ती मरीजों से 3600 रुपये वसूले जा रहे हैं। औषधि निरीक्षक ने बताया कि जांच के दौरान अस्पताल में संचालित मेडिकल स्टोर में मोरोपेनम, मोरोटरेक्स, मेरोरिन और मरोस इंजेक्शन भंडारित पाए गए। इनकी एमआरपी 3600 से 3350 रुपये पाई गई। जबकि यही इंजेक्शन बाजार में 952 रुपये में जीएसटी हटाकर बेचे जा रहे हैं। जब संचालक से बिल दिखाने के लिए कहा गया तो वह अभिलेख नहीं दिखा पाए। अस्पताल में संचालित मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध सभी इंजेक्शन जब्त कर लिए गए हैं। मेडिकल स्टोर को अग्रिम आदेश तक सील कर दिया गया है। संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# कोरोना त्रासदी और स्वास्थ्य सजगता

**स्वास्थ्य जागरुकता और पहली प्राथमिकता में हेल्थ को रखना अच्छी बात है। यह होना भी चाहिए, क्योंकि हमारे यहां तो कहा जाता रहा है कि पहला सुख निरोगी काया। व्यक्ति का मन और तन दोनों विकार रहित होने चाहिए। हालांकि स्वास्थ्य के साथ ही दूसरी प्राथमिकता में कर्ज लेकर भी निवेश बढ़ाने पर जोर से मानसिक तनाव का बढ़ना नई समस्या को दावत दे रहा है लोन की किश्त के चक्कर में मानसिक दबाव स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। निवेश करना अच्छा है पर कर्ज के मकड़जाल में उलझने से बचना चाहिए। केवल देखा-देखी व एक-दूसरे की होड़ में तनाव को ओढ़ना किसी भी हालत में सही निर्णय नहीं हो सकता।**

*अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के हालिया सर्वे में एक बात साफ हो गई है कि अब लोगों की स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पहले से अधिक बढ़ी है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प समय-समय पर सर्वे कराकर लोगों के मूड को समझता रहता है। पिछले साल के अंत में कराए गए इस सर्वे में साफ हुआ है कि अब लोग युवावस्था में ही भौतिक संसाधन जुटाने, खान-पान के प्रति सजगता और हेल्दी टिप्स पर जोर देने लगे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कोरोना के बाद देश-दुनिया के लोगों की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है। एक समय था जब लोग बचत को ही प्राथमिकता देते थे। अब लोगों की प्राथमिकता में स्वास्थ्य पहले पायदान पर आ गया है। इसमें भी खासतौर से मानसिक स्वास्थ्य और एक्सरसाइज को लेकर लोग अधिक गंभीर होने लगे हैं। लोगों में वर्कआउट के प्रति रुझान बढ़ा है। जबकि एक समय था जब वर्कआउट के लिए जिम जाने को स्टेटस सिंबल माना जाता था। मजे की बात तो यह है कि 51 फीसदी लोग कसरत करने की मशीनें घर पर ही खरीद कर रखने को तरजीह देने लगे हैं। अब लोग कर्ज लेकर घर-कार आदि आधुनिक सुविधायुक्त साधनों में निवेश करने को भी प्राथमिकता देने लगे हैं। कोरोना के अनुभव के साथ आर्थिक उदारीकरण के युग में भागमभाग और अंधी दौड़ के चलते लोग कर्ज के जाल में फंसने को भी सहर्ष तैयार देखे जा रहे हैं। इसका कारण भी आज की नौकरीपेशा जिंदगी है। पति-पत्नी दोनों के ही नौकरी में होने, नौकरी के कारण घर से दूर रहकर घर बसाने और एकल परिवार के कारण रहन-सहन और हालातों में तेजी से बदलाव आ रहा है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के ऑनलाईन सर्वे में सामने आया है कि 76 फीसदी लोगों की पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य है। इससे पहले स्वास्थ्य के प्रति चिंता तो रहती थी पर इतनी गंभीरता कभी नहीं देखी गई। सामान्य बीमारी को भी लोग अब गंभीरता से लेने लगे हैं। इसे स्वास्थ्य के प्रति सजगता के साथ ही अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। स्वास्थ्य पैकेज को लेकर नित नई बीमा कंपनियां भी सामने आ रही है। एक अच्छी बात यह है कि लोगों का पौष्टिक भोजन के प्रति रुझान बढ़ा है। समाज के किसी भी वर्ग का व्यक्ति हो वह आज अच्छा खाने में विश्वास रखने लगा है। बड़े-बड़े मॉल तक आम आदमी की पहुंच आसान हो गई है। डी-मार्ट, रिलायंस, स्मार्ट बाजार में रौनक रहने लगी है। यह बदलाव का संकेत है। भले ही आर्थिक विषमता दिन दूनी बढ़ रही हो पर इन माल्स ने लोगों में आर्थिक आधार पर भेदभाव या आर्थिक हीनता को दूर करने में बड़ी भूमिका निभाई है। सर्वे के अनुसार 73 फीसदी लोग हेल्दी फूड पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया है। इस बदलाव में कोरोनाकाल की कड़वी यादें अहम कारक हैं। कोरोना ने अपनों से बिछुड़ते और अनादिकाल से चली आ रही परंपराओं तक को ताक में रख दिया था। हम कोरोना से प्रभावित अपनों का ही अपने हाथों अंतिम संस्कार तक नहीं कर सकते थे। आइसोलेशन की पीड़ा को सही मायने में कोरोना ने अच्छी तरह से समझा दिया। वैसे भी देश-दुनिया में तेजी से नित नई बीमारियां बढ़ती जा रही है। मच्छरजनित बीमारियां तो अब मौसम के साथ-साथ नित नए रूप में अपना प्रभाव दिखाने लगी है।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी की तीन विशेषताएं हैं। एक, ये ईमानदार हैं। दूसरे, योग्य हैं, और तीसरे, मेहनती हैं। निश्चित रूप से उनकी वित्तीय ईमानदारी में आज तक किसी को शक नहीं रहा। उनके कट्टर से कट्टर विरोधी भी उनके व्यक्तिगत रूप से बेईमान होने का संदेह व्यक्त नहीं करते। जहां तक उनकी योग्यता एवं दूरदर्शिता का सवाल है, शायद वे अब तक जितने भी प्रधानमंत्री भारत में हुए हैं उनमें इस दृष्टि से सबसे ज्यादा दूरदर्शी हैं। उनके मेहनती होने के बारे में बताया जाता है कि वे 73 साल की उम्र होने के बावजूद, सोलह सोलह घंटे काम करते हैं। कह सकते हैं कि किसी देश को इससे बेहतर प्रधानमंत्री और क्या मिल सकता है, जिसमें ये तीन-तीन दुर्लभ गुण हों?**

# मोदी ने देश की जनता का जीत लिया दिल



-ललित गर्ग

**आर्थिक उदारीकरण से पहले श्रमिकों, कामगारों को जो अधिकार और सुविधाएं प्राप्त थीं, उसमें काफी सुधार आया है। खेती-किसानी के लिए कमजोर रूप से किसान को 6000 रुपये की वित्तीय सब्सिडी मोदी सरकार द्वारा दी जा रही है। विदेशी पूंजी का निवेश हो रहा है। सेंसेक्स अभी तक के सबसे उच्चतम स्तर पर जा चुका है।**

वर्ष 2024 के आम चुनाव सन्निकट हैं। भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक एवं धमाकेदार जीत के प्रति आश्वस्त है। एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी एक नयी पारी की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल होगा। इस अवधि में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ विश्वगुरु भी बन सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाये गये हर कदम एवं उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ाये गये अनूठे, परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक कदम रहे हैं। 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं, जिनमें नये भारत, सशक्त भारत की जड़ें गहरी हुई हैं। मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष भारतीय इतिहास में सबसे सुदृढ़ एवं युगांतरकारी रहे हैं। हम सब इतिहास के उस स्वर्णिम काल के गवाह बनने के साक्षी बने हैं। यह सब मोदी के करिश्माई एवं चमत्कारी व्यक्तित्व से ही संभव हो पाया है। करिश्मा किसी व्यक्ति विशेष का एक निश्चित गुण होता है जो अपवाद होता है और जिसके आधार पर वह स्वीकार्यता हासिल कर शासन करता है। लिंकन, चर्चिल, रूसवेल्ट और जॉन एफ केनेडी महान राजनेता थे, जो अपने करिश्माई व्यक्तित्व और प्रभामंडल के लिए जाने जाते थे और इसका उपयोग उन्होंने अपने देश को मजबूत करने के लिए किया। मोदी इसी श्रेणी के इन सबसे आगे निकलते हुए विलक्षण क्षमताओं एवं मौलिक विशेषताओं वाले विरल नेता हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं सभी विपक्षी दल अपनी-अपनी चालें चल रहे हैं। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर नये गठबंधन हो रहे हैं तो बने हुए गठबंधन टूट रहे हैं, अनेक नेता दलों के पाले बदल रहे हैं, एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 सीटों का लक्ष्य बनाया है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी जीत की संभावनाओं को लेकर जुटे हैं। राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये



**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश और समाज के जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां विकास की गति को बल न मिल रहा हो। कोरोना काल खंड हो या कश्मीर में 370 को हटाना या फिर यूक्रेन संकट या फिर अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर हर जगह भारत की विदेश नीति की कुशल छाप दुनिया में देखी जा रही है।**

राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते हैं राजनीति। इसी राजनीति के महारथी के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके। मोदी की करिश्माई राजनीति का ही परिणाम है कि नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेज दिया है। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की स्वर सुनाई दे रहे हैं। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड़ कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही 'भारत रत्न' की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल सामने आया है।

मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि आगामी चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के बनते दृश्यों को देखकर समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ या किंकर्तव्यविमूढ़ दिखाई दे रहा है। यह स्थिति बनने का मूल कारण जहां मोदी का ऐतिहासिक एवं सफल दो कार्यकाल हैं, वहीं आगामी चुनाव को लेकर उनकी रणनीति एवं राजनीतिक कौशल है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व की विशेषताओं में प्रमुख हैं कि वे दूरदृष्टि रखते हैं, लक्ष्य तय करते हैं और उस लक्ष्य को पूरा करने में लगे रहते हैं। वे अपने एजेंडे को लेकर निर्णायक और स्पष्ट हैं। लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह अपने भीतर देखते हैं एवं जनता से सीधा संबंध स्थापित करते हैं। उन्होंने सिर्फ भौतिक-आर्थिक विकास के संदर्भ में ही विकास की बात नहीं की बल्कि विकास का लाभ समाज के निचले तबके और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये योजनाएं एवं नीतियां बनाईं ताकि उनके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आए और अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बने। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्र के सांस्कृतिक पुनरुद्धार को बल दिया, जो सकारात्मक सभ्यता के साझा मूल्यों और इन मूल्यों में गर्व की भावना पर आधारित हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने राजनीतिक स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में देश के लिए एक उचित स्थान बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास एक सुस्पष्ट दृष्टि है कि आजादी के 75वें या 100वें साल में राष्ट्र किस मुकाम पर होगा। उन्होंने भारत के लिए एक विजन और दीर्घकालिक लक्ष्य तय किया है। इसे हासिल करने के लिए उन्होंने व्यापक लक्ष्य को विभिन्न माध्यमों से दीर्घकालिक और अल्पकालिक लक्ष्यों में विभाजित किया है और इसमें सरकार के हर वर्ग, पहलू और क्षेत्र को समावेश किया है। लक्ष्य चाहे दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का हो या फिर व्यवसाय की सुगमता का या फिर वैश्विक निर्यात का प्रतिशत या वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सा बढ़ाने का हो, इनके बारे में एक स्पष्ट रुख अख्तियार किया गया है और इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में प्रयास भी चल रहे हैं। आर्थिक और वित्तीय मानदंडों पर भारतीय अर्थव्यवस्था आज सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। इसकी विकास की दर आठ प्रतिशत के इर्दगिर्द घूम रही है। प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक संबोधन में देश की हर छोटी बड़ी सफलता का श्रेय 140 करोड़ भारतीयों को देते हैं।

---

### एक्सप्रेस कविता

*हवाएँ तेरी, शहर तेरा, मंजिल तेरी,*
*पल ठहर जायेंगे, मर्जी होगी तेरी,*
*शब्द तेरे, छंद तेरे, कविता तेरी,*
*गुनगुनायेंगे हम, हामी होगी तेरी।*
*आसमान तेरा, रंग तेरे, परिंदे तेरे,*
*उकेरेंगे आकृति, मर्जी होगी तेरी।*

*भाव तेरा, मन तेरा, भावनाएं तेरी,*
*रच लेंगे पंक्तिया, होगी लेखनी तेरी।*
*कलिया तेरी, पुष्प तेरे, उपवन तेरा,*
*हाथों में सजा देंगे, होगी मेहंदी तेरी।*
*कुह कुह तेरी, चह चहाहट तेरी,*
*खूब चहकेंगे, होगी चांदनी तेरी।*
*झरने तेरे, नदियां तेरी, सागर तेरे,*
*पी लेंगे नीर, नदिया होगी।*

-संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

***यदि आपको वह सड़क पसंद नहीं है जिस पर आप चल रहे हैं, तो दूसरी सड़क बनाना शुरू करें***

---




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 20:37 तक |
| नक्षत्रः | पूर्व फाल्गुनी 25:20 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | सुकर्माण, 14:26 |
| सूर्योदयः | 06:54 |
| सूर्यास्तः | 18:13 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 16:49-18:13 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:11 -12:57 |

## जन एक्सप्रेस

### ना होगा कल्याण !

*ग़लत बयान देकर ।*
*ना होगा कल्याण ।।*
*वर्तमान आपका ।*
*है इसका प्रमाण ।।*
*कर लिए समझौता ।*
*सरक रहा आधार ।।*
*आपके प्रशंसक भी ।*
*हैं फंसे मझधार ।।*
*यह चिंता का विषय ।*
*लिया नया आकार ।।*
*सोच रहे पर सारे ।*
*आप हुए तैयार ।।*
*ग़लत बयानबाजी से ।*
*होता दुष्प्रचार ।।*
*दूसरे का हनन ।*
*होता भी अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## हाई कोलेस्ट्रॉल से छुटकारा पाने के लिए रोज करें भीगा चना और किशमिश का सेवन, मिलेंगे जबरदस्त फायदे



#### हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण

- स्किन के रंग में बदलाव
- ब्लड प्रेशर बढ़ना
- सीने में दर्द और बेचैनी
- सांस लेने में परेशानी
- अचानक से घबराहट होना
- अचानक दिल की धड़कन बढ़ना
- लगातार थकान और सुस्ती बनी रहना
- शरीर के बाएं हिस्से में दर्द होना
- मतली और उल्टी की समस्या

**खानपान** में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के कारण बीमारियों का खतरा कई गुण ज्यादा बढ़ जाता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा भी असंतुलित जीवनशैली और खराब खानपान के कारण ही होती है। हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या में सही समय पर इलाज और उचित ध्यान न देने से कई गंभीर परेशानियों का खतरा रहता है। इसकी वजह से धमनियों में ब्लॉकेज, हार्ट से जुड़ी बीमारियों समेत हार्ट अटैक जैसी गंभीर स्थितियों का खतरा बढ़ जाता है। हमारे शरीर में मुख्य रूप से दो तरह के कोलेस्ट्रॉल बनते हैं- एक हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन जिसे गुड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है और दूसरा लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन जिसे बैड कोलेस्ट्रॉल कहते हैं। शरीर में बढ़े बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए भीगा चना और किशमिश का एक साथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है। जब आपके शरीर में बैड फैट बढ़ जाता है, तो यह नसों में जाकर जम जाता है। हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से आपको दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा रहता है। इस समस्या में भीगे चने के साथ किशमिश का सेवन करने से बहुत फायदा मिलता है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷चने में मौजूद पोषक तत्व जैसे फाइबर, कार्ब्स और प्रोटीन व कैल्शियम और किशमिश में मौजूद फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से सुबह के समय इसका सेवन करने से गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने और पेट व पाचन से जुड़ी परेशानियों के खतरे को कम करने में मदद मिलती है।÷ चने में फैट को कम करने वाले मॉलिक्यूल्स होते हैं। जिनसे वजन कम होता है। इसके अलावा चने में आयरन, विटामिन-बी जैसे पोषक तत्व होते हैं। वहीं किशमिश में मौजूद पोषक तत्व भी शरीर के लिए उपयोगी होते हैं और इसके सेवन से शरीर में एनर्जी कम नहीं होती है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर को अनोखे फायदे मिलते हैं। जीवनशैली में कुछ बदलाव करके आप कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रख सकते हैं। इसके लिए आप रेग्युलर एक्सरसाइज करें। इससे एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है। अगर आप शराब का सेवन करते हैं, तो इसे नियंत्रित करें। रोजाना हाई फाइबर फूड्स, सब्जियां और फलों का सेवन करें। हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण दिखने पर सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लें।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# इंडिया गठबंधन यदि एकता बनाये रखे तो भाजपा को हराना कोई बड़ी बात नहीं है



रमेश सर्राफ धमोरा

**वहीं पंजाब में सीटों के बंटवारे को लेकर अभी तक बात नहीं बनी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा भी कर दी थी। आप ने कांग्रेस से हरियाणा, गुजरात, गोवा, असम की कुछ सीटों की भी मांग की है।**

**केंद्र** में सत्तारुढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने एक साथ मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है। इंडिया गठबंधन बनने से देश के लोगों को राजनीति में एक नया विकल्प तो मिला ही है। उसके साथ ही उन्हें लगने लगा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इस गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे तो भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को कड़ी टक्कर देंगे। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सहित कई राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियां शामिल हैं। इनमें से बहुत-सी क्षेत्रीय पार्टियों की उनके प्रदेशों में सरकार भी चल रही है। इंडिया गठबंधन की कई बैठकें भी हो चुकी हैं। मगर गठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं होने से आपसी मनमुटाव की स्थिति बनी हुयी है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है। ऐसे में कांग्रेस का दायित्व बनता है कि वह गठबंधन में शामिल सभी दलों को साथ लेकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारे जल्दी से करे। मगर अभी तक ऐसा हो नहीं पाया है। चूंकि देश में 10 साल बाद भाजपा के

**तमिलनाडु में कांग्रेस ने 2019 में द्रुमक के साथ मिलकर नौ सीटों पर चुनाव लड़कर आठ सीट जीती थी। मगर अब कांग्रेस वहां 16 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि द्रुमक कांग्रेस को 7 सीट ही देना चाहती है। तमिलनाडु में भी इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में सीट बंटवारे को लेकर आपसी रार मची हुई है। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को दिल्ली में तीन सीट देने की बात कही है।**

खिलाफ विपक्षी दलों का एक गठबंधन बना है। इसलिए इसको सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए इसका संयोजक भी बनाया जाना चाहिए था। मगर कई महीने निकल जाने के बाद भी अभी तक विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाया है। सीटों का बंटवारा नहीं होने के कारण गठबंधन में शामिल कई राजनीतिक दल नाराजगी जाहिर करने लगे हैं। इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस द्वारा बरती जा रही ढलाई के चलते ही बिहार में जनता दल यू गठबंधन से बाहर होकर फिर से एनडीए में शामिल हो गया है। जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार भी बना ली है। नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन को बनाने वाले मुख्य राजनेताओं में शामिल थे। वह इंडिया गठबंधन के संयोजक बनना चाहते थे। मगर गठबंधन में शामिल कई दलों के नेताओं में आपसी खींचातान के चलते नीतीश कुमार संयोजक नहीं बन सके। इसी से खफा होकर उन्होंने इंडिया गठबंधन को छोड़ दिया। जीतन राम मांझी की हम पार्टी बिहार में पहले ही इंडिया गठबंधन से बाहर निकल चुकी थी। इसी तरह उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी भाजपा से गठबंधन कर इंडिया गठबंधन को अलविदा कह दिया है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों से किसी भी तरह का चुनावी गठबंधन करने से इंकार कर दिया है। ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कही है। जबकि कांग्रेस वहां अधिक सीटों पर दावा कर रही थी। इससे वहां सीटों का तालमेल नहीं हो पा रहा है। ममता बनर्जी ने अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही ममता बनर्जी त्रिपुरा, असम और गोवा में भी चुनाव लड़ने की बात कह रही हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ सीटों का बंटवारा नहीं होने के चलत 31 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की एकतरफा घोषणा कर दी थी। इनमें वह लोकसभा सीटें भी शामिल हैं जहां से कांग्रेस चुनाव लड़ने का दावा कर रही है। अखिलेश यादव की एकतरफा घोषणा से उनका कांग्रेस के साथ गठबंधन खटाई में पड़ता नजर आ रहा था। मगर कांग्रेस ने अखिलेश यादव की सभी शर्तें मान कर उत्तर प्रदेश में गठबंधन को टूटने से बचा लिया है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं। बिहार में राजद, कांग्रेस, वामपंथी दलों को मिलकर चुनाव लड़ना है। मगर वहां नीतीश कुमार की जदयू के गठबंधन से बाहर जाने के बाद लालू प्रसाद यादव की राजद 28 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रही है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है।

# गंभीर बीमारी से ग्रस्त पत्नी के इलाज में मदद के लिए शिक्षामित्र ने लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



ग्राम पंचायत महेवा के गांव महेवागंज मझरा फार्म कोतवाली सदर चौकी महेवागंज लखीमपुर खीरी के शिक्षामित्र शारिक हुसैन की पत्नी गंभीर बीमारी (कैंसर) से ग्रस्त हैं। आगे यह बीमारी विकराल रूप ले सकती है।10 हजार रुपए वेतन पाने वाले शिक्षामित्र ने बताया दो जवान बेटी एक पुत्र तथा स्वयं पति पत्नी पांच लोगों का बोझ 10 हजार में परिवार चलाना मुस्किल इलाज़ तो दूर की बात पीड़ित शिक्षामित्र ने सोशल नेटवर्किंग के जरिए लोगों से मदद की गुहार लगाई है। थोड़ी थोड़ी मदद के जरिए वह वर्तमान समय में इलाज करा सके उनका कहना है उनके पास एक मकान है उसके शिवा कुछ नहीं यह हकीकत है व मकान बेच इलाज करा सकते थे लेकिन उक्त मकान का केस न्यायालय में विचाराधीन है।इसलिए वह मकान को भी नहीं बेच सकते हर तरफ से विपदा में घिरे शिक्षा मित्र ने सरकार से भी मदद पाने के लिए प्रयासरत शिक्षामित्र ने लोगों से अपील की है वह मदद में आगे आए इलाज के आभाव में जा रहे जीवन को बचाए।उक अपील की है लोगों से शिक्षा मित्र ने कहते हैं सरकार की लाभकारी योजनाएं हैं जिसमें लोगों को बेहतर इलाज मिल सकता है लेकिन इन योजनाओं से वंचित शिक्षामित्र का न तो राशनकार्ड है न ही आयुष्मान कार्ड किसी तरह की कोई सुविधा नहीं ले देकर एक मकान वह भी किसी काम का नहीं बेंच नहीं सकते राशनकार्ड न आयुष्मान कार्ड हालातों के मारे शिक्षा मित्र से जन एक्सप्रेस संवाददाता ने बात की तो उसने बताया मेरे साथ ऐसा हुआ है न सोच पा रहा हूं न कुछ समझ पा रहा हूं आज शनिवार को लखनऊ जाना था नहीं जा पाए इलाज के लिए रूपए नहीं थे इससे पूर्व परिवार के सदस्यों ने मदद की जो रूपए थे इलाज जांच किराए आदि में चले गए आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है पत्नी खाना नहीं खा पा रही बड़ी मुश्किल से पानी पी पी कर हलक से हल्का फूल्का भोजन का सेवन कर पा रही उस दौरान होने वाली पीड़ा को बेटियां बेटा देख काफी दुखी होते हैं। हर तरफ से हालात में घिर गया परिवार और बीमारी के असमंजस में फंसे शिक्षामित्र ने अपनी पीड़ा तो सुनाई लेकिन अपने आशु रोक नहीं सका शिक्षा मित्र की इस दर्द भरी पीड़ा वाकई कष्ट दाई है। हंसता खेलता परिवार में एक बीमारी ने मातम सा माहौल ला दिया।

# गन्ना भरी बुग्गी खेत से निकालने को लेकर विवाद, किसान की गला दबाकर हत्या

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**



पसगवां थाना क्षेत्र के गांव चोरहाखुर्रमनगर में शनिवार सुबह करीब 11 बजे किसान की गला दबाकर हत्या कर दी गई। परिजनों ने बताया कि मौत से पहले पड़ोसी खेत मालिक सेवाराम से गन्ना भरी बुग्गी और ट्रैक्टर को खेत से निकालने को लेकर वाद विवाद हुआ। सूचना पर पहुंचे एसएचओ पसगवां व बरवर चौकी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी जुटाई। पुलिस मामले को संदिग्ध बता रही है। बताते चलें गांव चोरहाखुर्रमनगर निवासी 48 वर्षीय राजाराम पने खेत में बुग्गी में गन्ना भरने गया था। उसके पड़ोस में ग्रामवासी सेवाराम का खेत है। राजाराम ने सेवाराम के खेत से ट्रैक्टर बुग्गी निकालने का प्रयास किया। लेकिन सेवाराम ने खेत से ट्रैक्टर निकालने से मना किया। जिसे लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। विवाद बढ़ने पर सेवाराम ने अपने पुत्र जदुवीर के साथ मिलकर राजाराम का गला दबा दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राजाराम के बड़े बेटे संजय के पुत्र अमन व रमन भी अपने बाबा राजाराम के साथ खेत पर गए थे। झगड़ा होने पर एक बच्चा इसकी सूचना देने के लिए घर आ गया। जबकि दूसरा वहीं रुक गया।

खेत पर गन्ना भरे वाहन निकालने पर विवाद होने की सूचना मिलते ही राजाराम के परिजन खेत पर पहुंचे। राजाराम के परिजन सहित अन्य ग्रामीणों को आता देख सेवाराम व उसका पुत्र जदुवीर मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर परिवार वालों के पहुंचते ही राजाराम की मौत हो गई थी। पास में ही उसका पौत्र रो रहा था जिसने आरोपितों द्वारा मारपीट करते हुए गला दबाए जाने की बात बताई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पिता की हत्या करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे, पत्नी भी संदेह के घेरे में

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**




महमूदाबाद। कोतवाली पुलिस ने पिता को बेरहमी से बांके से गला काटकर मौत के घाट उतारने वाले बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस हत्यारे पुत्र की पत्नी की भूमिका की जांच कर रही है। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कोतवाल अनिल कुमार, एसएसआई अरविंद कटियार, आरक्षी राहुल, विनोद की टीम द्वारा पैंतेपुर के संगत मंदिर के पास से पिता का बांके से गला काटकर मौत के घाट उतारने वाले बेरहम कातिल बेटे राम सजीवन पुत्र अवधराम को शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मालूम हो कि पिता द्वारा 18 बीघा जमीन बहन के नाम कर देने की शंका में महमूदाबाद कोतवाली के सायपुर के राम सजीवन ने अपने 65 वर्षीय पिता अवधराम की बुधवार की सुबह शौच के लिए जाते समय बांके से गला काटकर हत्या कर दी थी। मृतक की बेटी द्वारा भाई राम सजीवन के साथ उसकी पत्नी अनीता को नामजद करते हुए कोतवाली में हत्या का केस दर्ज कराया था।

# छोटी काशी कॉरिडोर निर्माण के साथ अन्य मंदिरों का होगा सौंदरीकरण

*** विधायक निधि से कराए गए विकास कार्यों के बारे में दी जानकारी**

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



छोटी काशी कॉरिडोर निर्माण के संबंध में फार्म हाउस पर हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक ने बताया कि कॉरिडोर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा।शुक्रवार को हुई कांफ्रेंस में विधायक अमन गिरि ने बताया कि कॉरिडोर का प्रस्ताव शासन द्वारा स्वीकृत हो चुका है शीघ्र ही बजट का आवंटन होगा। नगर का स्टेडियम अधूरा निर्माण शीघ्र पूर्ण कराकर लोकार्पण किया जाएगा।और अपने विधायक निधि से कराए गए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने और उन्होंने यह भी बताया कि अलीगंज रोड से लखीमपुर रोड का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। इसका शीघ्र ही लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद लोकार्पण करेंगे। साथ ही नगर व क्षेत्र के मंदिरों का सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा जिसका प्रस्ताव भी शासन को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया शासन के समक्ष नगर के प्राचीन मंदिरों में बाबा भूतनाथ, मां मंगला देवी, क्षेत्र के बाबा तेरे नाथ बिजुआ के चांदडे बाबा मंदिर हनुमान मंदिर अहमदनगर का क्लेश हरण मंदिर सिकंदराबाद स्थित गजमोथन नाथ मंदिर तेरे नाथ मंदिर सहित कई मंदिरों का प्रस्ताव भेजा है। जिस पर शीघ्र ही कार्य शुरू होगा। बैठक में कई लोगों ने धर्म शालाओं का जीवन उद्धार कर कर लाजवाब होटल जैसे नए स्वरूप में विकसित करने का भी सुझाव दिया द्य जिस पर विधायक ने कहा इस मामले पर भी विचार किया जाएगा।इस मौके पर भाजपा नेता धर्मेंद्र मोंटी गिरी पूर्व प्रधानाचार्य के के शुक्ला, सुरेंद्र शर्मा, जवाहर वर्मा, जगदीश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# नौवा महमूदपुर गौशाला पहुंचे भारतीय किसान मंच के जिलाध्यक्ष, हकीकत देख गए चौंक

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

**रामकोट।** जहां एक और सरकार गोवंशो के लिए गांव-गांव व शहरों में आशियाना बनवा रही है, लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं दूसरी और जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। इसका जीता जागता सबूत फिर एक बार जनपद सीतापुर में देखने को मिला है। ब्लॉक परसेंडी ग्राम पंचायत नवा महमूदपुर मे गोवंश मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई जिसको देखते हुए भारतीय किसान मंच के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने कहा कि इससे पहले भी इस गौशाला में गोवशो की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसको लेकर सीतापुर सदर उप जिलाधिकारी को सूचना अवगत कराई गई थी परंतु जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं की गई थी। आज फिर ग्राम पंचायत नवा महमूदपुर में बने गौशाला में जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी अपने पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच कर गौशाला का निरीक्षण किया। तो गौशाला में देखा गया तो बड़ी-बड़ी कमियां पाई गई। मौके पर वहां देखा गया कि गड्ढे खुदवाकर मृत्यु गोवंशों को ऐसे ही डाल दिया जाता है मिट्टी भी नहीं डाली जाती है। जिससे क्षेत्र में वातावरण दूषित हो रहा है और बीमारियां फैलने का खतरा हर वक्त बना रहता है। ऐसा कूत्य जिम्मेदारों द्वारा आयेदिन किया जाता है और मृत्यु गोवंशों का पोस्टमार्टम भी नहीं कराया जाता है। जिसको देखते हुए भारतीय किसान मंच संगठन के पदाधिकारीयों में बड़ा रोष व्याप्त हो चुका है। दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए इन गोवंशो की मृत्यु भूख प्यास बीमारी से तड़प तड़प कर हुई है। जिला प्रशासन भी गोवंशो की ऐसी हालत पर मौन व्रत धारण किए हुए हैं। जबकि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रधानों की देख रेख में गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। तथा हर गौशाला में रह रहे गोवंश की खाने-पीने की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम प्रधान को ही जाती है। सरकार द्वारा छोट्टे घूम रहे गोवंशो के लिए भी गौशालाओं का निर्माण कराया गया है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का गोवंशो के प्रति प्रेम जग जाहिर है कोई भी इस जानकारी से अछूत नहीं है।

# आठ दिन बाद मिली लापता युवक की लाश



**जन एक्सप्रेस । तिकुनिया/खीरी**

थाना तिकुनिया छेत्र बनवीरपुर श्रीचंद पुत्र भगौती उम्र 35 वर्ष 16/2/2024 को लापता हो गया था जिसको लास आज रपटा पुल सिसवारी रोड के किनारे मिलने से छेत्र में सनसनी फ़ैल गई मर्तक के पिता ने बताया की उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी 16/2/2024 को शाम को गायब हो गया था जिसका इस्तखार भी पेपर में दिया था वहीं गांव में तरह तरह चर्चा का विषय बना हुआ है की मृतक को मार कर डाला गया है मृतक के चार बच्चे है दो लड़के दो लड़कियां वहीं पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है क्या कहते हैं थाना प्रभारी मनोज कुमार मृतक की डेड बॉडी मिली है पोस्टमार्टम के लिए भेजी जा रही है पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# एसपी ने अरवल थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

पुलिस अधीक्षक केशवचंद गोस्वामी ने शुक्रवार को अरवल थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने में रखे अभिलेखों, कंप्यूटर, सीसीटीवी कैमरे व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस, बंदीगृह, मेस, बैरक, महिला हेल्प डेस्क थाना परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने थाना परिसर में पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों के लिए नवनिर्मित बैरक का भी निरीक्षण किया। थाने पर मौजूद सरकारी वाहनों के रखरखाव व उनकी साफ सफाई पर ध्यान केंद्रित करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए।एसपी द्वारा किये गए

# संत शिरोमणि रविदास जी की 647वीं जयंती के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन





**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**

कस्बा में संत शिरोमणि रविदास जी की 647वीं जयंती के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया अनुयायियों ने नगर में शोभा यात्रा निकालकर उनके द्वारा बताए गए समाज में उच्च नीच के भेदभाव को समाप्त करने का संदेश दिया। कस्बा के मोहल्ला शंकरपुर छावनी में बने संत रविदास मंदिर पर जयंती के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया अनुआइयों ने पूजा अर्चना कर उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सुरक्षा के बीच कन्हैया लाल शास्त्री, शील प्रिया गौतम, वीर प्रताप सिंह, किशोरी लाल, राजकिशोर निराला की उपस्थिति में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सजाई गई झांकिया के साथ नगर में भ्रमण कर लोगों को उच्च नीच का भेद मिटाते हुए भाईचारे के साथ रहने का संकल्प का उद्घोष करते हुए बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष सम्मिलित हुए। यात्रा के समापन पर रविदास मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में गांव से आए लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय खेल समारोह का हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी**

शुक्रवार को 55वें वार्षिक खेल दिवस के समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कॉलेज की खेल प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया द्य नगर के सीजी एनपीजी कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का समापन किया गया। खेल में खेलकूद में रेस के साथ कई उत्कृष्ट प्रदर्शन किए गए। 400 मीटर की रेस में डाली वर्मा प्रथम शिवांगी ड्यूटी रजनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर की रेस में अनूप सरोज बार डाली वर्मा प्रथम आदित्य आदित्य सिंह द्वितीय शाहनवाज हुसैन तृतीय स्थान पर रहे। सभी खेल समारोह में उत्कर्ष प्रदर्शन करने पर अनूप सरोज और डाली वर्मा चैंपियन रहे जिन्हें विजेता कब देकर पुरस्कार किया गया संचालन खेल प्रभारी डॉक्टर नवनीत ने किया इस मौके पर प्राचार्य पंकज सिंह, पियूष शुक्ला, बीके शुक्ला, रीमा छाबड़ा, मंजू शुक्ला, योगेश कनौजिया, कॉलेज के पूर्व छात्र संघअध्यक्ष राजेश गिरी मौजूद रहे।

# माघ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

शनिवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर अरवल थाना क्षेत्र के चियासर घाट पर सुबह से ही बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई तथा दान पुण्य कर लाभ अर्जित किया।यहां सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजामात किये गए थे।मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर पुलिस बल के साथ खुद थानाध्यक्ष तैनात रहे। जानकारी के अनुसार शनिवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर अरवल थाना क्षेत्र के चियासर गंगा घाट पर सुबह से ही गंगा श्रद्धालुओ के पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया।गंगा श्रद्धालु पैदल व ट्रैक्टर ट्राली के अलावा अन्य दो पहिया व चार पहिया वाहनों से गंगा स्नान करने पहुंच गए जिससे गंगा तट पर मेले में भारी भीड़ का नजारा देखने को मिला। पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए कई बार जाम खुलवाया जिससे आवागमन सामान्य रूप से चलता रहा।

घाट पर लगे मेले में झूले बच्चों के आकर्षण केंद्र रहे बच्चों ने खूब टेडी बियर का लुफ्त उठाया।महिलाओं व युवतियों ने भी मेले से जरूरत के सामानों की खरीददारी की।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर यहां अरवल थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार खुद पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# सभी सेक्टर अधिकारी व सेक्टर पुलिस अधिकारी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर लें :-डीएम

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

रसखान प्रेक्षागृह मे जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता मे वलनरेबिलिटी मैपिंग के सम्बन्ध मे सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा की सभी सेक्टर अधिकारी व सेक्टर पुलिस अधिकारी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर लें। मतदान दलों से मोबाईल के माध्यम से जुड़े रहें। संवेदनशीलता की अच्छी तरह से पहचान सुनिश्चित कर लें।

सेक्टर अधिकारी कमजोर वर्ग की बस्तियों मे बैठक कर लें। मतदान केंद्रों के पूर्व के वर्षों का रिकार्ड अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र को असुरक्षित या संवेदनशील बनाने वाले व्यक्तियों की पहचान की जाये। जाति या समूहों व समुदायों के बीच संघर्ष का इतिहास देखा जाये। इस सम्बन्ध मे सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट चुनाव आयोग के निर्देशों का अध्ययन कर लें। क्षेत्र मे स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जाये। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सेक्टर पुलिस अधिकारी क्षेत्र मे निरंतर भ्रमणशील रहें। उपनिदेशक केटीएस विजय सिंह द्वारा मतदान प्रक्रिया व ईवीएम की जानकारी दी गयी। सभागार मे ईवीएम के प्रदर्शन से सम्बंधित वीडियो क्लिप दिखाई गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों के खाते में भेजा 12 करोड़ 45 लाख

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर ने नए पेराई सत्र के दौरान खरीदे गए गन्ने के 12 करोड़ 45 लाख 20 हजार 322 रुपये किसानों के खाते में भेज दिए हैं। डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड यूनिट जवाहरपुर के मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया पिराई सत्र 2023-24 में किसानों से क्रय किये गए गन्ने का भुगतान 11-02-2024 तक का 12,45,20,322.33 किसान भाइयों के खाते में भेजा जा चुका है।

चीनी मिल में जिले के लाखों से अधिक किसान गन्ना बेचते हैं। इस सबके बीच राहत भरी खबर यह है कि डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर ने 12 करोड़ 45 लाख 20 हजार 322 रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेजा है। चीनी मिल ने पिछले कुछ दिनों में भुगतान को लेकर जो संजीदगी दिखाई हैं। उसी का नतीजा है कि नए पेराई सत्र का 11 फरवरी तक का शत प्रतिशत भुगतान हो गया। चीनी मिल ने नए गन्ना पेराई सत्र में खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है। इससे किसानों के चेहरे पर खुशी आ गई है। चीनी मिल के उप अधिशासी निदेशक टी एन सिंह ने बताया कि मिल ने गन्ना पेराई सत्र 2023-24 में खरीदे गए गन्ने का 11 फरवरी तक का पूरा भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है। और कहा कि हमारे द्वारा किसानों को गन्ने की फसल से संबंधित रोगों की रोकथाम व उसमें पड़ने वाली दवाओं के बारे में समय-समय पर कैंप लगाकर किसानों को अवगत कराते रहते हैं। जिससे कि किसानों की फसल की उपज अच्छी हो। हम उम्मीद करते हैं की हमारे क्षेत्र के किसानों में काफी खुशी का माहौल होगा।

# तंगहाली के चलते ट्रक चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

शराब के आदी ट्रक ड्राइवर ने अपने घर में कमरे के अंदर अपनी ही पैंट से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। शराब के नशे के चलते वह तंगहाली में जीवन यापन करने को विवश था।हालांकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार साण्डी थाने के रसूलपुर गोवा निवासी श्यामसुंदर का लगभग 30 वर्षीय पुत्र विनय तिवारी ट्रक चलाता था। दो भाइयों में छोटे विनय की शादी नहीं हुई थी। ट्रक चलाने से उसे जो पैसे मिलते थे उससे वह शराब पी लेता था। शराब की लत के चलते जो भी पास में था उसे बेच कर उसे नशे के रास्ते खर्च कर चुका था। और उसी के बाद से वह तंगहाली जीवन जीने को मजबूर हो गया। बताया गया है कि विनय शुक्रवार को घर पहुंचा। उसने किसी से कोई बात नहीं की और चुपचाप कमरें में चला गया। काफी देर तक जब उसकी कोई आहट नही सुनाई दी तो उसके बड़े भाई शैलेंद्र कमरें में गया, तो वहां विनय का शव फंदे पर लटका देख कर वहां से चीखता हुआ बाहर भागा। उसके शोर करने पर सारे घर वाले दौड़ पड़े। सूचना देने पर वहां पहुंची पुलिस ने इस बारे में पूछताछ कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



पाली। पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पास्को एक्ट के एक वांछित आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 15 फरवरी को गावं का ही मंजेश उसकी बेटी (16) को बहलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे पुलिस ने शाहाबाद मार्ग पर दरियापुर मोड़ के पास से मंजेश को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जबकि किशोरी को पुलिस पहले ही बरामद कर चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि किशोरी के कोर्ट में दिए गए बयान के आधार पर आरोपित युवक के खिलाफ पाक्सो एक्ट व दुष्कर्म की धाराओं को मुकदमे में बढ़ाकर आरोपी युवक को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में निकाली जागरूकता रैली

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

नेहरू युवा केंद्र हरदोई के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन ब्लाक पिहानी और ब्लॉक सांडी में किया गया। पिहानी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक अनुराग आर्य एवं सोनपाल द्वारा तथा सांडी में संगीता शर्मा और रतनदीप पांडे द्वारा कार्यक्रम का संयोजन किया गया। पिहानी में खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।सांडी एवं पिहानी में युवाओं ने स्लोगन, पैम्पलेट, एवं नारों के माध्यम से लोगो को जागरूक किया। दोनो हो ब्लॉकों में मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार सामग्री घर घर बांटकर लोगों को मतदान हेतु जागरुक किया गया। खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार द्वारा मतदाता शपथ भी दिलाई गयी।

# शाहाबाद में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**




शाहाबाद। शाहाबाद के आवास विकास कालोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर पालिका द्वारा किया गया।जिसमे सभासदों ने भाग लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में आए लाभार्थियों को संबोधित करते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल पांडेय पिंटू ने कहा भाजपा सरकार में सभी लाभार्थियों को समान रूप से लाभ दिया जा रहा है।सभी पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को पूरा राशन दिया जा रहा है। इससे पहले की सरकारों में महिलाएं बच्चे सुरक्षित नहीं थे। लेकिन वर्तमान सरकार ने महिला शक्ति मिशन को लागू कर महिलाओं को सशक्त बनाते हुए सुरक्षित रहने का वादा पूरा किया है।सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया गया। इस अवसर पर सभासद अजीत सैनी, माशूक अली, शोएब खां, रचित गुप्ता, रमाकांत मौर्य, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## डीएम ने देखी प्रथम रेन्डमाइजेशन से ईवीएम के विधानसभा वार आवंटन की प्रक्रिया

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** जनपद के एनआइसी कक्ष मे डेमो सर्वर पर प्रथम व द्वितीय रेन्डमाइजेशन का ड्राई रन कराया गया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी पूरी प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहे। डेमो सर्वर पर ड्राई रन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा व उनकी टीम द्वारा कराया गया। इसके लिए वास्तविक रेन्डमाइजेशन किया जायेगा।

# 9 लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

पाली। कनेक्शन कटने के बाद भी चोरी से बिजली का प्रयोग कर रहे नौ लोगों को छापेमारी कर बिजली कर्मियों ने पकड़ लिया। बिजली विभाग ने सभी के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पाली विधुत उपकेंद्र के जेई सरफराज अहमद ने बताया है कि क्षेत्र के अखरी की मड़ैया गावं में बकाया बिल वूसली को लेकर टीम ने छापेमारी की। जिसमें गावं के दिनेश कुमार, राधा, महेश, उमेश, रामू, संजय, राकेश, रामदेव, छोटेलाल को बिजली से चोरी जलाते पकड़ा गया है। बताया इन सभी के बिजली का बकाया बिल जमा न करने के कारण विभाग द्वारा विधुत कनेक्शन काट दिए गए थे। उसके बाद भी सभी बिजली के पोल से केबिल बांधकर बिजली का प्रयोग कर रहे थे।

## चोरों ने मिठाई की दुकान में लगाई सेंध, नगदी सहित हजारों का माल पार

जन एक्सप्रेस । कालपी

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना बस स्टैंड पर स्थित मिठाई की दुकान में चोरों ने सेंध लगा दी। जहां से चोर दुकान के अन्दर रखा समान सहित हजारों रुपए की नगदी समेट कर रफूचक्कर हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना निवासी राज कुमार पुत्र घसीटा बस स्टाप पर मिठाई की दुकान किए है। जो रोज की तरह दुकान बंद करके घर चला गया। शनिवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचा, तो देखा की छत टूटी पड़ी है और काफी सामान गायब था। जिस पर उसे चोरी का अहसास हो गया, और उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन शुरू कर दी। दुकान मालिक के अनुसार दुकान से लगभग 40 हजार का सामान व नगदी चोरी हुई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विजय पांडे ने बताया की मामले की छानबीन की जा रही है।

# संत रविदास की तरह कर्म को प्राथमिकता देकर बढ़ें आगे : बृजराज सिंह

✻ मन चंगा तो कठौती में गंगा- संत शिरोमणि गुरु रविदास

जन एक्सप्रेस । महोबा





भारत के प्रसिद्ध संत रविदास को रैदास के नाम से भी जाना जाता है, रविदास ऐसे संत और कवि थे, जिनका भक्ति आंदोलन में अहम योगदान रहा, समाज विभाजन को दूर करने पर इन्होंने जोर दिया और व्यक्तिगत आध्यात्मिक आंदोलन के लिए एकता को बढ़ावा दिया। रविदास के जन्मदिन को ही हर साल रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है। संत रविदास ईश्वर को पाने का केवल एक रास्ता जानते थे और वो है 'भक्ति इसलिए उनका एक मुहावरा 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' वर्तमान में काफी प्रसिद्ध है, संत रविदास ने अपना सारा जीवन समाज सुधार कार्य, समाज कल्याण और समाज से जाति भेदभाव को दूर करने के कार्यों में समर्पित कर दिया। गुरु रविदास एक महान कवि, दार्शनिक और समाज सुधारक थे, संत रविदास का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी क्षेत्र में माघ पूर्णिमा को 1377 में हुआ था। इसलिए हर साल माघ पूर्णिमा के दिन रविदास जयंती मनाई जाती है, लेकिन इनके जन्म को लेकर विद्वानों के बीच अलग-अलग मत हैं। इनकी माता का नाम कर्मा देवी और पिताजी का नाम संतोष दास था, संत रविदास का जन्म एक मोची परिवार में हुआ था और इनके पिता जूते बनाने का काम किया करते थे। रविदास जी बचपन से बहादुर और ईश्वर के भक्त थे, पंडित शारदानंद गुरु से इन्होंने शिक्षा प्राप्त की, जैसे-जैसे रविदास जी की उम्र बढ़ने लगी भक्ति के प्रति इनकी रुचि भी बढ़ गई, आजीविका के लिए रविदास ने पैतृक काम को करते हुए भगवान की भक्ति में भी लीन रहे, चर्मकार कुल के होने के कारण वे जूते बनाया करते थे और अपने पैतृक कार्य में उन्हें आनंद भी मिलता था, वे अपना काम ईमानदारी, परिश्रम और पूरे लगन से करते थे। साथ ही लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा भी दिया करते थे। वहीं जिले के ग्राम सिजहरी में हर वर्ष की भांति संत रविदास जी की जयंती बहुत ही जोर शोर से मनाई गई। जिसमे मुख्य अतिथि में तौर पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव चौधरी सागर सिंह एवं प्रदेश सचिव बृजराज सिंह अहिरवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नन्हे बच्चों ने सामाजिक संगीतों में नृत्य किया तथा समाज को सीख देने का प्रयास किया। कार्यक्रम में सागर सिंह ने अपने भाषण में ग्रामवासियों से संत रविदास मार्ग पर चलने की अपील की। इस दौरान बृजराज अहिरवार ने सन्त रविदास के जातपात को दूर करने के प्रयासों को ग्रामवासियों के सामने रखा। कार्यक्रम के दौरान अखिलेश वर्मा, रामकिशन नेता, विजयपाल सिंह लोधी, अखिलेश कुमार, हरिहर, मनोज चौधरी, राजकुमार के साथ सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जब तक व्यक्ति के विचारों का परिवर्तन नहीं होगा तो जीवन नहीं बदल सकता: बी0के0 सुदामा बहन




**जन एक्सप्रेस/महोबा।** सेवाकेंद्र के द्वारा ग्राम तिंदोली में ग्राम विकास प्रभाग के अंतर्गत मूल्यनिष्ट समाज बनाने नई आशाएं लाई शिव जयंती फिर है आई, विषय पर हुआ कार्यक्रम। जिसमें बीके सुदामा बहन ने सभी भाई बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि, इस समाज का परिवर्तन क्यों संभव नहीं लग रहा, क्योंकि हम समाज को सुधारने की बात करते हैं, हमारा ध्यान स्वयं के परिवर्तन पर नहीं है, और हमारा स्लोगन है स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन तो जब तक व्यक्ति के विचारों का परिवर्तन नहीं होगा तो जीवन नहीं बदल सकता। क्योंकि हमारे विचारों का प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है, और जीवन परिवर्तन के लिए आध्यात्मिक ज्ञान और परमात्मा की याद को अपने दैनिक दिनचर्या में, शामिल करना पड़ेगा। साथ ही शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया और उसके बाद सभी भाई बहनों को प्रसाद वितरण किया गया।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके तहत कुल 252 जोडे एक दुजे के बंधन में बंधे, जिसमें 236 हिन्दू जोडे का विवाह हिन्दू रीतियों से तथा 16 मुस्लिम जोडो का निकाह सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से कई गरीब परिवारों के बेटे-बेटियों का विवाह भव्यता के साथ हो रहा है। पहले आर्थिक कठिनाइयों की वजह से गरीब परिवारों को अपनी बेटियों की शादी का खर्च उठाने में समस्या होती थी। इस योजना के चलते कई गरीबों के सपने साकार हुए हैं। उन्होंने नवदंपत्तियों को सुखद भविष्य की कामना की।सांसद सलेमपुर रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि सरकार की योजनाओं के अंतर्गत 252 जोड़ों का एक साथ परिणय सूत्र में बंधना मा0मुख्यमंत्री जी की ईमानदार नीयत और कल्याणकारी नीति को दर्शाता है। सरकार की योजना की वजह से गरीब लोगों के जीवन में भी खुशियां आ रही हैं। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश सरकार की अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है। योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जोड़ें पर रू0 51000.00 व्यय किया गया, जिसमें विवाहित कन्या के खातें में रू0 35000.00 अन्तरित किया जाता है, रू0 10000.00 की कन्या को गृहस्थी की सामग्री एवं वस्त्र-आभूषण आदि दिया गया तथा रू0 6000.00 भोजन, टेन्ट आदि पर व्यय किया गया। उक्त वैवाहिक कार्यकम में प्रतिनिधि एमएलसी राजू मणि, ब्लाक प्रमुख अनुभा सिंह, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें। उक्त कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहें, जिन्होनें वैवाहिक जोड़ों को उनके सफल जीवन के लिये आर्शीवाद प्रदान किया।

### नगर निगम की तरफ से साक्ष्य देने के लिए दुकानदारों को मिली मोहलत...फिर होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** बक्शीपुर में नगर निगम की ओर से 20 दुकानदारों को दिए गए नोटिस का समय पूरा हो चुका है। अब दुकानदारों के अनुरोध पर निगम ने साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए कुछ दिनों की और मोहलत दे दी है। बक्शीपुर में नगर निगम की ओर से 20 दुकानदारों को दिए गए नोटिस का समय पूरा हो चुका है। अब दुकानदारों के अनुरोध पर निगम ने साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए कुछ दिनों की और मोहलत दे दी है। उधर, दुकानदारों ने जॉर्ज इस्लामियां सोसाइटी के पदाधिकारियों से भी दस्तावेज मांगे हैं। दरअसल, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण उर्फ खोखा सिंह की शिकायत पर नगर निगम ने 20 दुकानदारों को नोटिस दिया था। इसके बाद दुकानदारों ने नोटिस को गलत ठहराया था। उनका कहना था कि उनकी दुकानें निगम की जमीन पर नहीं हैं। वह जार्ज इस्लामियां हाईस्कूल सोसाइटी को दुकानों का किराया देते आ रहे हैं। वहीं, नगर निगम का कहना है कि आराजी संख्या पर संबंधित दुकानें बनी हैं, वह नगर निगम की जमीन है। यही नहीं, सोसाइटी की ओर से संचालित मियां साहब इस्लामियां इंटर कॉलेज भी नगर निगम की ही जमीन पर बना है। वहीं, उधर पूर्व विधायक का कहना है कि जिस जमीन की शिकायत उन्होंने की थी, उसका संज्ञान नहीं लिया गया। निगम प्रशासन को पहले उस जमीन की जांच करानी चाहिए। अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने बताया कि नोटिस का समय पूरा हो गया है, लेकिन कुछ लोगों ने इसका समय बढ़ाने का अनुरोध किया था। उनका कहना था कि तहसील से पुराने अभिलेख निकलवाने के लिए थोड़ा समय चाहिए। इसलिए यह मोहलत बढ़ाई गई है। उनकी ओर से जो साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे, उसे देखने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक व ट्रेलर आपस में भिड़े

**जन एक्सप्रेस/बरियारपुर देवरिया।** बरियारपुर थाना क्षेत्र के महुआनी चौराहा पर शनिवार की भोर में ट्रक और ट्रेलर गाड़ी में आमने- सामने की भिड़ंत हो गयी। दोनों गाड़ियों के चालक व खलासी सुरक्षित है।ट्रक गिट्टी लेकर कंचनपुर की तरफ जा रहा था, जबकि ट्रेलर गाड़ी बालू लेकर देवरिया के तरफ जा रहा था।

## वर-वधुओं ने एक दूसरे को जयमाला पहनाकर माना अपना जीवन साथी

✻ पाल-बघेल विकास महासभा के बैनर तले हुआ सामूहिक कन्या विवाह समारोह

जन एक्सप्रेस । उरई



पाल बघेल विकास महासभा शाखा जालौन द्वारा 12 वां सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। वहीं पर छह वर बंधुओं ने एक दूसरे को जयमाला पहनाकर अपना जीवनसाथी माना। इसके बाद मौके पर मौजूद अतिथियों ने सभी छह वर-बधुओं को आशीर्वाद देकर उनके मंगल मय जीवन की कामनाएं की। इस दौरान महासभा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। पाल बघेल विकास महासभा शाखा जालौन का 12 वा सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन शहर के लहरिया पुरवा स्थित महाकवि कालिदास उच्चतम माध्यमिक विद्यालय में शनिवार की दोपहर संपन्न हुआ। वहां मौजूद वर वधुओं ने एक दूसरे को जयमाला पहनाकर साथ-साथ रहने की कसमें खाई। वही कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने वर वधुओं के मंगलमय जीवन के लिए उनको आशीर्वाद दिया।

इस दौरान पाल बघेल विकास महासभा के सरक्षक पूर्व सांसद रामपाल, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजा रामपाल, प्रमुख अतिथि एवं क्षेत्रीय भाजपा के बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी प्रकाश पाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पाल बघेल विकास महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पाल फौजी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शंभू दयाल बघेल और पूर्व विधायक प्रदेश अध्यक्ष अपना दल के राजकुमार पाल मौजूद रहे।वही आये हुए अतिथियों का कोषाध्यक्ष संजीव कुमार पाल ने फूलमाला व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान लालू रामपाल लोहई, प्रयागराज पाल, संजीव कुमार पाल, सुनील पालज़ अमखेड़ा, हर नारायण सिंह पाल, करण सिंह पाल, श्रीमती पुष्पराज पाल, बीना धनगर, पल्लवी पाल, उमेश चंद्रपाल, रमेश बाबू पाल, कालीचरण पाल, शुगर सिंह पाल, अरविंद कुमार पाल, उदय पाल सिंह कानपुर, समेत सैकड़ो पाल बघेल विकास महासभा के अतिथिगण मौजूद रहे।

### महिला को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/बरहज,देवरिया।** कपरवार क्षेत्र के एक बगीचे में रह रहे एक परिवार की महिला को पांच दिन पूर्व अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया। एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर शुक्रवार की शाम सीओ आदित्य गौतम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़िता से जानकारी भी ली। पुलिस की जांच शुरू होने से खलबली है।क्षेत्राधिकारी आदित्य गौतम अचानक बगीचे में पहुंचे। सीओ को देख बगीचे में आसपास के लोग भी जुट गए। उन्होंने पीड़िता, उसके पति और जेठ से जानकारी ली। जबकि स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की।सीओ ने बताए जा रहे घटनास्थल पथेरी का भी मुआयना किया। करीब आधे घंटे तक सीओ ने विभिन्न बिंदु पर तहकीकात की। पुलिस की कार्रवाई से आरोपियों में खलबली रही। सीओ आदित्य गौतम ने बताया कि बगीचे में रह रही पीड़िता के परिजन टेंट बनाकर रहते हैं। सामूहिक दुष्कर्म के मामले की जांच की जा रही है।

## थाना समाधान दिवस में 6 मामले प्रस्तुत, 4 का निस्तारण



जन एक्सप्रेस । कालपी

कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद की मौजूदगी व तहसीलदार अभिनव तिवारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 6 मामले प्रस्तुत किए गए। 4 प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया है।

कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में मौजूद पुलिस व राजस्व कर्मचारियों की मौजूदगी में मनोज कुमार निवासी मोहल्ला नई बस्ती राम चबूतरा कालपी ने विपक्षियों के द्वारा मारपीट करने की शिकायत की। पुष्पा ने मकान के मामले को लेकर शिकायत की। मैकू निवासी मोहल्ला धर्मपुर ने मारपीट करने की शिकायत की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया प्रस्तुत किए 4 मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। तहसीलदार अभिनव तिवारी ने कहा कि जनसमस्याओं तथा शिकायतो को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ, महमूदपुर चौकी इंचार्ज संतोष कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक वसीम अहमद के अलावा राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## गांजे की बड़ी खेप के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

जन एक्सप्रेस । उरई

डकोर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दल बल सहित क्षेत्र में धर पकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश डालते हुए 25 किलो गाजें के साथ महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मौके से फरार हुए अन्य एक आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी गिरजाशकर त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी, नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाने में लगे हुए थे। तभी मुखबिर द्वारा उन्हें भारी मात्रा में तस्करी कर लें जाए जा रहे गांजे की भनक लगी। भनक लगते ही प्रभारी निरीक्षक ने टीम सहित मुखबिर के बताए ठिकाने ग्राम जैसारी कला में स्थित एक मकान में दबिश डाल दी। जहां पर घेराबंदी कर 25 किलो गाजें की बड़ी खेप बरामद कर ली। जबकि पुलिस ने मौके से पूजा देवी पत्नी अजय गुप्ता व रामहेत गुप्ता पुत्र लक्ष्मी चन्द्र गुप्ता निवासीगण ग्राम जैसारीकला थाना डकोर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अजय गुप्ता पुत्र श्रीराम गुप्ता निवासी ग्राम जैसारीकला डकोर मौके से भागने में सफल हो गया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है, उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएग।

### चुरिया में पांच फरवरी को बरामद हुआ शव, आरोपी पुलिस के पकड़ से बाहर

**जन एक्सप्रेस/मेहरौना,देवरिया।** लार थाना क्षेत्र के चुरिया प्राथमिक स्कूल के समीप गेहूं के खेत में 5 फ़रवरी की सुबह एक महिला के शव को पुलिस ने बरामद किया था। शव की शिनाख्त रिंकू यादव पत्नी राजू यादव निवासी चुरिया के रूप में हुई थी। पुलिस ने इस मामले में मृतका के पिता बेचन यादव की तहरीर पर रिंकू के पति राजू यादव उर्फ़ लाला के विरुद्ध हत्या व साक्ष्य मिटाने का केस दर्ज किया। सूत्रों की मानें तो लार पुलिस शव का शिनाख्त कराने के बाद मृतक महिला रिंकू यादव के मायके बलिया ज़िले के सिकंदरपुर के मिल्कीपुर गांव पहुँची थी।पुलिसकर्मी वहां पहुँच अभी मृतका के पिता और भाई को घटना की जानकारी दे फ़ोटो दिखा रहे थे कि घर के अंदर बैठा राजू पुलिस देख उनके सामने से ही खिसक लिया और पुलिस को इसकी भनक भी नहीं लगी।

## नगर आगमन पर पूर्व पालिका अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस । उरई



भारतीय जनता पार्टी मे शामिल होने के बाद पूर्व पालिका अध्यक्ष बिजय चौधरी के जिला आगमन पर कालपी पुल से लेकर शहर तक जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। कार्यकर्ताओं ने पूर्व पालिका अध्यक्ष को फूलमालाएं पहनाई और मिठाई भी खिलाई।

शनिवार को तय कार्यक्रम के अनुसार स्वागत समारोह की शुरूआत जिले के प्रवेश द्वार कालपी से हुई। यमुना पुल से खुली गाड़ी में सवार होकर पूर्व पालिका अध्यक्ष बिजय चौधरी ने नगर में भ्रमण किया। जहां पर विधायक नरेंद्र सिंह जादौन के कार्यालय पर भव्य स्वागत हुआ। इसके बाद जोल्हूपुर मोड़, उसरगांव, आटा, चमारी आदि जगहों पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं शहर में कालपी बस स्टैंड, अंबेडकर चौराहे, शहीद भगत सिंह चौराहों पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों का काफिला पूर्व पालिका अध्यक्ष की गाड़ी के साथ घूमा। शाम को कालपी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में अभिनंदन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व पालिका अध्यक्ष बिजय चौधरी ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है वह उस पर शत-प्रतिशत खरे उतरने का प्रयास करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा व जिला अध्यक्ष उर्मिला दीक्षित ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी में शामिल होने पर उन्हें बधाई दी। इस दौरान विधायक मूलचंद निरंजन, पुष्पेन्द्र सेंगर,, देवराज सिंह, देवेंद्र यादव, पंकज राजपूत, हरेंद्र विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

## संदेश देकर हृदय परिवर्तन की राह दिखाती है भारतीय ज्ञान परंपरा: ए विनोद

जन एक्सप्रेस । भाटपार रानी, देवरिया



संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सहसंयोजक ए विनोद ने कहा कि प्लास्टिक प्रकृति के लिए नुकसानदायक है, यह तथ्य विज्ञानियों द्वारा प्रमाणित है, किंतु फिर भी समाज में उसका दुरुपयोग हो रहा है। इस दुरुपयोग का निदान आदेश ,निर्देश से संभव नहीं है बल्कि संदेश देकर हृदय परिवर्तन से सम्भव है।उक्त बातें श्री विनोद शनिवार को कस्बे के मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत **भारतीय भाषा एवं ज्ञान परंपरा** विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने समय के व्यापक पक्षों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उसका सूक्ष्म रूप मुहूर्त है। समय पर, समय से पहले, जाने का अभ्यास करें। यही भारतीय ज्ञान परंपरा है। जो समय का प्रबंधन कर शिखर तक पहुंचाने का दिशा दिखती है। भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय भाषा में हो, जिसमें आधुनिक ज्ञान और विज्ञान शामिल हो, सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ इसका व्यावहारिक पक्ष भी उद्घाटित हो। यह एक जीवन पद्धति है।जिसमें परिणाम के लिए प्रयोग का प्रतिमान स्थापित करना है। जो बहुकोणीय क्षेत्र में विकासशील, नैतिक एवं सैद्धांतिक परिवर्तन ला सके। विशिष्ट अतिथि के रूप में मालवीय संस्थान के उपाध्यक्ष शिक्षाविद, कवि एवं साहित्यकार डॉ पवन कुमार राय ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का अभिन्न हिस्सा भारत के महान संत रविदास है, जिनका आज अवतरण दिवस है।

### पत्नी के विवाद पर पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ी खुर्द में पत्नी से हुए मामूली विवाद के बाद पति ने फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ी खुर्द निवासी पवन 28 वर्ष पुत्र कल्लू बाल्मिकी ने शुक्रवार देर शाम खेरापति मंदिर के पासलगे नीम के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में बताया गया कि शुक्रवार को सब्जी में नमक ज्यादा होने पर पति पत्नी के बीच में विवाद हो गया था। जिससे नाराज होकर वह घर से रस्सी लेकर निकल गया। बताया गया कि जब वह देर रात तक घर नही पहुंचा तब परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। शनिवार की सुबह खोजबीन के दौरान उसका शव पेड़ पर लटकता मिला। फांसी के फंदे पर लटक रहे शव को देखकर गांव में हड़कंप मच गया।

## बिना चिकित्सक के पर्चे पर दवा बेच रहे मेडिकल स्टोरों पर ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी

जन एक्सप्रेस । महोबा




जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में एंटी माइक्रोबियल संक्रमण से सम्बन्धित जीवाणुओं के द्वारा विभिन्न एण्टीबॉयोटिक्स के प्रति पायी जा रही प्रतिरोधक क्षमता के बढ़ते हुये प्रकरणों के सम्बन्ध में जनपद के विभिन्न मेडिकल स्टोरों पर जन सामान्य के द्वारा बिना चिकित्सीय पर्चे के खरीद पर रोक किये जाने की जाँच व सम्बन्धित औषधि विक्रेता फर्म द्वारा उनकी आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में गोपनीय तरीके से मुखवीर को भेजकर औषधियों को खरीदने के निर्देश दिये गये। मे0 न्यू चौहान मेडिकल स्टोर, नारूपुरा, महोबा, मे0 अपना मेडिकल स्टोर, सुभाष चौकी, महोबा, मे0 जनता मेडिकल स्टोर, ऊदल चौक, महोबा एवं मे0 अनुपम मेडिकल स्टोर ऊदल चौक, महोबा से एण्टीबॉयोटिक्स, नॉरकोटिक्स व साइक्रोट्रोपिंक व अन्य हैविट फॉरमिंग ड्रग औषधियां जिनको लेने पर उनकी लत लगने की सम्भावना हो खरीद करके जाँच की गयी कि फर्म द्वारा अवैध तरीके से बिना चिकित्सीय पर्चे के एण्टीबॉओटिक्स की आपूर्ति तो नहीं की जा रही है, जाँच करने के बाद पाया गया कि मे0 अपना मेडिकल स्टोर, सुभाष चैकी, महोबा, मे0 अनुपम मेडिकल स्टोर, ऊदल चौक, महोबा द्वारा उक्त श्रेणी की दवाईयां बिना चिकित्सीय पर्चे के तथा आपूर्तित की गयी जिसके सन्दर्भ में सम्बन्धित फर्मों को चेतावनी जारी करते हुए घटना की पुनरावृत्ति न करने के निर्देश दिये गये। मे0 शुक्ला मेडिकल स्टोर, भटीपुरा महोबा, मे0 स्वाती मेडिकल स्टोर, छोटा रमना, चरखारी, मे0 धुरिया मेडिकल स्टोर, छोटा रमना, चरखारी, मे0 माँ काली मेडिकल स्टोर, छोटा रमना, चरखारी, मे0 मदरर्स मेडिकल स्टोर, देवगनपुरा पनवाड़ी, मे0 प्रजापति मेडिकल स्टोर, अजनर का निरीक्षण आशुतोष कुमार चौबे, औषधि निरीक्षक, महोबा द्वारा उक्त मेडिकल स्टोर का निरीक्षण एण्टीबॉयोटिक्स, नॉरकोटिक्स व साइक्रोट्रोपिक व अन्य हैविट फॉरमिंग ड्रग के सन्दर्भ में जाँच करने पर कमियों को निरीक्षण आख्या में अंकित करते हुए सम्बन्धित फर्म को विशेषकर उक्त श्रेणी की औषधियों को बगैर चिकित्सीय पर्चे के विक्रय न करने के निर्देश दिये गये। उक्त फर्मों से कुल 08 संदिग्ध औषधियों के जॉच हेतु नमूनें संकलित किये गये जिनके विरूद्ध विधिक विभागीय कार्यवाही परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात की जायेगी।

# विहिप संगठन कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा का करेगी संचार: मिलिंद परांडे

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

विश्व हिन्दू परिषद के अतर्राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने आज यहाँ कहा कि विहिप अपने षष्ठी पूर्ति वर्ष के अंतर्गत देश के एक लाख स्थानों पर संगठन को विस्तार देगी, कारसेवकपुरम् में विहिप प्रन्यासी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में हिंदू समाज को संगठित करने तथा देश में चल रहे जनसंख्या असंतुलन, लव जिहाद, विदेशी मुस्लिम घुसपैठ, गुपचुप तरीके तरीके से ईसाई मिश्नरियों द्वारा चलाये जा रहे अवैध धर्मांतरण जैसे गंभीर विषयों पर मंथन चिंतन करेगी तथा इससे निपटने की कार्ययोजनाओं को मूर्त रूप देगी। विहिप महामंत्री श्री परांडे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्यशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा विहिप की यह प्रन्यासी मंडल की आवश्यक बैठक विलंब से और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में

**✻ विहिप कार सेवक पुरम में अवैध धर्मांतरण जैसे गंभीर विषयों पर होगा मंथन-चिंतन**

विराजमान श्रीराम लला के दिव्य भव्य प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत अयोध्या धाम में संपन्न होने जा रही है। उन्होंने कहा संकल्प की सिद्धि का सुखद आनंद सभी ध्येये निष्ठ कार्यकर्ताओं के हृदय को स्वाभिमान और गर्व से झंकृत कर रहा है। यहाँ आयोजित यह षष्ठी पूर्ति वर्ष की बैठक संगठन कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा का संचार करने के साथ आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना को गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा इस बैठक में विहिप देश के एक लाख स्थानों पर संगठन विस्तार करने की योजना बनायेगी वहीं देश में षड्यंत्र के तहत हो रहे विदेशी मुस्लिम घुसपैठ के कारण जनसंख्या असंतुलन और बढ़ रहे लवजेहाद



तथा ईसाई मिशनरियों द्वारा अवैध रूप से चलाये जा रहे धर्मांतरण जैसी गंभीर साजिशों पर कार्य योजना बनाने पर भी विचार होगा। उन्होंने बताया प्रत्येक वर्षों की भांति ही इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद सहित उसके अनुसांगिक संगठनों बजरंग दल, दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन भी होगा, वर्ग में देश के हजारों हिन्दू युवा सहभागी बनकर राष्ट्रोत्थान में संकल्पित होंगे। उन्होंने कहा केंद्र सरकार द्वारा घोषित किये गये सी. ए. ए. कानून का लाभ जिसमें पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये हुये निर्वासित हिन्दू, जैन, बौद्ध सिक्ख समाज के लोगों को भारत की नागरिकता दिलाने के लिये विहिप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे रहेगी।उन्होंने कहा विगत दिनों में पश्चिम बंगाल में माता बहनों और साधूसंतों पर जो नृसंश एवं पाशविक अत्याचार जेहादी मुस्लिम अराजक तत्वों द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार तथा स्थानीय प्रशासन के संभावित संरक्षण में किये गये उसका विश्व हिन्दू परिषद घोर निंदा करती है। उन्होंने कहा विहिप अपराध में लिप्त जेहादी मुस्लिम नरपिशाचों को फांसी देने की जोरदार ढंग से मांग करती है।

उन्होंने कहा पश्चिम बंगाल में आस्थीरता का दौर चल रहा है, अपराधी बेखौफ हो चुके हैं।

अपराध करने वाले अत्याचार करने वाले सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता हैं, उन्हें सत्ता पक्ष सीधे-सीधे बचा रहा है।

उनके अत्याचारी कृत्य को हिन्दू समाज को कभी भूलना नही चाहिए। उन्होंने कहा ऐसी घटनायें भविष्य में दुबारा चुनौती ना देने पायें। इसके लिये ये संपूर्ण हिंदू समाज को एक जुटता के साथ लोकतंत्र को मजबूत करने वाली शक्ति का स्मरण करते हुए हिन्दू हितकारी लोगों को ही सत्ता पर आसीन करना होगा।

उन्होंने समाज का आह्वान करते हुए कहा अत्याचार, अनाचार और दुराचार को समाप्त करने के लिये हमे अपने मताधिकार तथा मतदान के कर्तव्य को अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए, इस निमित्त विहिप की इस बैठक में प्रस्ताव भी लाया जायेगा। इस बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष आर एन सिंह (पद्मश्री), कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार तथा विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष चम्पत राय उपस्थित रहेंगे।

# सोनभद्र के जनजातीय कलाकारों ने तुलसी उद्यान के मंच पर किया करमा नृत्य

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रामोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जनजातीय कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी प्रथम प्रस्तुति आल्हा गायन महोबा के उमाशंकर सेन द्वारा कीरत बीमल निर्भीक महोबा नगर रहे गुरु गोरख का वरदान यही पृथ्वी पर आल्हा अमर रहे । दूसरी प्रस्तुति प्रयागराज के दिनेश यादव की बिरहा लोक गायन राम जन्म सोहर पियरी पहिरी राजा दशरथ अइले अंगनवा हो...

अवधी गीत होली गीत राम की होली रही इसके बाद सोनभद्र के राम आधार एवं दल द्वारा करमा नृत्य जिसे भादो माह मे सात कुंवारी लड़कियां व्रत रहकर करम वृक्ष की डाल को आंगन में गाड़कर महिला पुरुष दोनों खेलते हुए नृत्य करते हैं यह नृत्य दशहरा या दिवाली के अवसर पर देवी को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है तथा संतान की प्राप्ति के लिए शीतला माता की आराधना में करमा नृत्य को करते हैं।

इसके बाद पंजाब के मनप्रीत सिंह एवं दल का भांगड़ा नृत्य जिसे खुशी का प्रतीक जब वैशाख में फसल की कटाई के बाद जो भी फसल प्राप्त होते हैं तो उसकी खुशहाली मे भांगड़ा नृत्य करते है फसल के उगने की प्राप्ति की खुशहाली को मेले में जाकर भांगड़ा नृत्य कर खुशियां मनाते है। इसके बाद लखनऊ कीआकाक्षा श्रीवास्तव की नृत्य नाटिका जिसमें रामायण के विभिन्न प्रसंग राम जन्म फुलवारी प्रसंग राम विवाह राम वन गमन राम का अयोध्या आगमन आदि पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति बहुत जोरदार रही दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। इसके बाद राजस्थान के हीरा नाथ का कालबेलिया नृत्य रहा।

# प्रदर्शनी का सांसद लल्लू सिंह ने किया शुभारंभ



जन एक्सप्रेस । अयोध्या।

शनिवार को राजकीय उद्यान कंपनी गार्डन में दो दिवसीय मंडलीय फल शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ। प्रदर्शनी का शुभारंभ अयोध्या सांसद लल्लू सिंह ने फीता काट कर किया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के फूल पौधे व कृषि संबंधित पौधे भी नजर आए। वही उद्घाटन के उपरांत जिलाधिकारी व मंडलायुक्त ने प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया। पूरे गार्डन को फूल-मालाओं व विभिन्न तरीके से सजाये भी गए। प्रदर्शनी में फूलों से बनी हुई श्री राम की प्रतिमा भी नजर आई। प्रदर्शनी के समापन के दिन अच्छी फसल पैदावार करने वाले किसानों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर उद्यान अधीक्षक पारसनाथ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बोलो बोलो मेरे श्री राम कब तुम आहो अंगन में बुंदेली लोक भजनों से गुंजायमान रहा साहित्य सांस्कृतिक मंच

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। बुंदेलखंड की सुप्रसिद्ध बुंदेली लोक गायिका अर्चना कोटार्य द्वारा सर्वप्रथम राम का सोहर-देवी दुर्गा ने दओ वरदान हमाये घर रामा भये से शुरू किया , उसके बाद लोक भजन बिन पग धोये न करिहों गंगा पार मै हरि सुनाया। तत्पश्चात होली गीत सिर बांधे मुकुट खेलें होरी सुनायाद्य अर्चना ने एक से बढ़कर एक राम भजनों की प्रस्तुति दी द्यजिसमे से हनुमत तोरे सहारे मैंने आज सागर में नैया डार दई। अर्चना कोटार्य आकाशवाणी और दूरदर्शन की ग्रेडेड कलाकार जिन्होंने संस्कृति विभाग, पर्यटन विभाग, उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र, भारत सरकार, सूचना विभाग के विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों से कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुकी हैंद्यइस अवसर पर नोडल अधिकारी अभय निर्भीक, मौजूद रहे।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ देश दीपक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

महाराज भरत के तपोस्थली भरत कुंड के निकट स्थित देश दीपक आदर्श जूनियर /इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सुमन सिंह प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र कुमार सिंह तहसीलदार बीकापुर रहे। विशिष्ट अतिथि ने वार्षिकोत्सव मनाने के उद्देश्य के विषय में बताया कि विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से छात्र -छात्राओं में विभिन्न प्रकार की कलाओं का ज्ञान होता है साथ ही साथ छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका मिलता है। मुख्य अतिथि ने छात्रों की उज्जवल भविष्य



की कामना की साथ ही साथ मेघावी छात्र-छात्राओं के पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 12 की छात्रा वैष्णवी उपाध्याय को एक स्कूटी दिया गया। वैष्णवी उपाध्याय ने इंटरमीडिएट में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया था, हाई स्कूल के छात्र अनुरागको भी एक स्कूटी दिया गया। इन्होंने कक्षा 10 की परीक्षा में प्रदेश स्तर पर 10वा स्थान प्राप्त किया था। प्रबंधक महोदय ने समस्त मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम पांडे के द्वारा किया गया कार्यक्रम में सरस्वती वंदना ,कव्वाली ,जेठालाल की कॉमेडी, शुभारंभ शुभ दिन, हवाओं ने यह कहा, केसरी के लाल आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने अनेक विधाओं से जुड़ी कलायो को दिखाया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठा दुबे, अजय तिवारी, राम तीरथ, बबन प्रसाद, सर्वदेव उपाध्याय, चित्रांशी, प्रियंका राय, मंजू पाल, सुनील तिवारी, सुनील गुप्ता, संतोष दुबे आदि लोग लोगों ने सहभागिता निभाई।

# प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित उद्यान का छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को मध्य प्रदेश के पंचमढ़ी में देश के प्रथम प्रधानमंत्री राजेंद्र प्रसाद द्वारा स्थापित राजेंद्र गिरी उद्यान का भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान वनस्पतियों तथा उनके स्वभाव के विषय में जानकारी प्राप्त की। जानकारी के अनुसार 24 फरवरी को एमएलके पीजी कॉलेज मे वनस्पति विज्ञान विभाग के शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन के नेतृत्व में तथा डॉ मोहम्मद अकमल व डॉ वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में एम0एस0सी0 बॉटनी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने पचमढ़ी (मध्य प्रदेश) के विभिन्न स्थानों पांडव गुफा, ईको पॉइंट (प्रियदर्शनी), ग्रीन वैली, ऐतिहासिक गुप्त महादेव के साथ-साथ राजेंद्र गिरी उद्यान, चंपक झील और आयुर्वेद उद्योग का भ्रमण किया। शैक्षिक भ्रमण



की जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन ने बताया कि पचमढ़ी को अपनी जैव विविधता के कारण इसे वानस्पति वैज्ञानिकों के स्वर्ग के नाम से जाना जाता है । ऐतिहासिक पांडव गुफा पचमढ़ी में स्थित है जिसका नाता पांडवों के वनवास से है। पांडव अपनी पत्नी के साथ यहां करीब 12 साल रुके थे जिसमें पांच गुफाएं हैं। इस गुफा की भव्यता यहां पर लगाए गए सुंदर पौधों से है जिसमें ओपियम पोपी, प्राइमुला, फ्लॉक्स, कारनेशन, नागफनी तथा विभिन्न प्रकार के गुलाबों का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं द्वारा अध्ययन किया गया। ईको पॉइंट (प्रियदर्शनी) पचमढ़ी में वह जगह है जहां पर हमारे देश की पूर्व प्रधानमंत्री, आयरन लेडी माननीय इंदिरा गाँधी जी आकर रूकी थी इसलिए इस स्थान का नाम प्रियदर्शनी रखा गया वहाँ से पूरी पचमढ़ी घाटी का नजारा देखा जाता है यह पॉइंट सूर्यास्त देखने की सबसे अच्छी जगह है।

हाँडी खोह पचमढ़ी जंगल में एक खंड है जो आश्चर्यजनक प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है । इसमें 300 फीट ऊंचा आवक्षेप है जो ऊंची और नीची चट्टानों से घिरा है ।

छात्र-छात्राओं ने वहां पर अपने शिक्षकों के साथ पेड़ पौधों एवं विभिन्न वनस्पतियों का अध्ययन किया। इसी क्रम में सतपुड़ा के खूबसूरत पर्वत पर स्थित पचमढ़ी में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने राजेंद्रगिरी उद्यान की स्थापना की थी, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पुष्पों एवं प्राकृतिक खूबसूरती का अवलोकन किया।

# जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में पड़ा सूखा मरीजों को करना पड़ रहा है दिक्कतों का सामना

जन एक्सप्रेस । अंबेडकरनगर

जिला अस्पताल में चल रहे ब्लड बैंक में ब्लड का संकट पैदा हो गया है। ऐसी स्थिति में जरूरतमंदों को ब्लड के लिए मेडिकल कॉलेज तक जाना पड़ रहा है। ,इलाज के समय मरीजों के लिए आवश्यक ब्लड की इस ब्लड बैंक से आपूर्ति कराई जाती है।मरीजों की सुविधा के लिए ब्लड बैंक की स्थापना की गई है। ब्लड की कमी होने से मरीजों को इधर-उधर दौड़ना न पड़े, इसके लिए जिला अस्पताल में 300 यूनिट का ब्लड बैंक बनाया गया है। ब्लड बैंक बनने के बाद मरीजों को काफी सुविधा होती है, लेकिन मौजूदा समय में ब्लड बैंक में ब्लड की भारी कमी है। वर्तमान हालात देखते हुए कहा जा सकता है कि यह ब्लड बैंक अपनी उपयोगिता खोने लगा है।

ताजा स्थिति यह है कि इस ब्लड बैंक में मात्र 21 यूनिट खून ही बचा है, जिसमें ओ-पॉजिटिव पांच यूनिट, एबी पॉजिटिव के तीन बी पॉजिटिव




के तीन ए निगेटिव के दो एबी निगेटिव के दो, ओ निगेटिव का एक यूनिट ब्लड बचा है।ब्लड बैंक में ए पॉजिटिव, बी निगेटिव ग्रुप का ब्लड उपलब्ध ही नहीं है। शनिवार को ब्लड लेने के लिए पहुंचे मरीजों के तीमारदारों को मायूस होकर लौटना पड़ा। ब्लड बैंक पहुंचने वाले मरीजों को बताया गया कि ब्लड बैंक में ब्लड उपलब्ध नहीं है।ब्लड बैंक कर्मचारियों ने उन्हें संबंधित ग्रुप का ब्लड लेने के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर जाने की सलाह दी। ऐसे में मरीजों व तीमारदारों को मेडिकल कॉलेज तक की दौड़ लगानी पड़ी।यह तो एक दिन की बात है।ऐसी स्थिति इस ब्लड बैंक में प्रायः बनी रहती है।

# सीबीएसई द्वारा आयोजित सीपीएस ओलंपियाड के परिणाम की घोषणा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को आयोजित प्रार्थना सभा में सीबीएसई द्वारा आयोजित सीपीएस ओलंपियाड के परिणाम की घोषणा की गई।

जानकारी के अनुसार 24 फरवरी को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलरामपुर में प्रार्थना सभा में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित सी पी एस ओलंपियाड के परीक्षा फल का परिणाम घोषित किया गया। सीपीएस ओलंपियाड इंचार्ज शिवम सक्सेना एवं वली आलम के निर्देशन में दिसंबर माह 2023 में आयोजित हुई इस परीक्षा में सेंट जेवियर्स के बच्चों ने देशभर में आयोजित कडी परीक्षा में उत्कृष्ट



प्रदर्शन किया। कक्षा 6 की आराध्या उपाध्याय ने 87.5 अंक हासिल किये और देशभर के प्रतिभागी बच्चों में से 22वां स्थान प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के ईसान टंडन, सर्वज्ञ तिवारी ओयनिक यादव, नेहल, निशांत शुक्ला, आराध्या उपाध्याय ने इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया। सीपीएस ओलंपियाड समिति द्वारा गणित, हिंदी, कंप्यूटर, विज्ञान और सामाजिक विषय में परीक्षा संबंध में विशेष योगदान हेतु राजेश जायसवाल, संजय सिंह तोमर, शरद श्रीवास्तव, शिवम सेक्सेना, राजू मित्तल एवं रुवीना निसार को विशेष योगदान प्रमाण भेजे गए जिसे विद्यालय प्राचार्य एम ए रूमी द्वारा प्रार्थना सभा में संबंधित शिक्षकों को प्रदान किए गए। विद्यालय प्रधानाचार्य ने बच्चों की सफलता पर बधाई प्रेषित करते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की मंगल कामना की। प्रार्थना सभा के अंत में विद्यालय प्राचार्य एम ए रूमी एवं समन्वयक राजेश जायसवाल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों ने दिखाया आपने प्रतिभा का जौहर

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के टांडा तहसील के पकडी भोजपुर स्थित बाबू राम बहाल कान्वेंट स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कपिल देव वर्मा पूर्व भाजपा प्रत्याशी टांडा विधानसभा विशिष्ट अतिथि बलराम मौर्य पूर्व चेयरमैन कोआपरेटिव बैंक धर्मवीर सिंह बग्गा समाज सेवी रजनीश मौर्य समाज सेवी डा आर एस मौर्य डायरेक्टर मौर्य हास्पिटल बसखारी विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट वैभव नरेश मौर्य प्रधानाचार्य डाक्टर प्रीति मौर्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया।

वहीं मुख्य अतिथि कपिल देव वर्मा पूर्व भाजपा विधानसभा प्रत्याशी विधानसभा टांडा ने छात्राओं द्वारा




प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया जाना चाहिए जिससे बच्चों में आत्मनिर्भरता बढ़ती है

विद्यालय के प्रबंधक वैभव नरेश मौर्य ने आएं हुए सभी अभिभावकों व अतिथियों का? अभिवादन कर छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार हमेशा उच्च कोटि की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित अध्यापक अध्यापिकाओ द्वारा शिक्षण कार्य हमारे विद्यालय में किया जा रहा है। विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को देखकर मौजूद सभी लोगों ने काफी सराहना की।

वहीं विशिष्ट अतिथि बलराम मौर्य ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ता है जो विद्यार्थी पूर्ण मनोयोग व मेहनत से पढ़ाई करता है वह निश्चित रूप से सफलता हासिल करता है विद्यालय एक मंदिर है इसमें शिक्षा रूपी ज्योति मानव के जीवन में रोशनी करती है और शिक्षकों का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि अपकी मेहनत से बच्चे पढ़ लिख कर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

वहीं कार्यक्रम में पहुंचे सांसद रितेश पांडे ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है इन्हें निखारने दें विद्यालय से पढ़कर ही कोई भी व्यक्ति शिक्षक इंजीनियर अच्छे राजनेता एवं अधिकारी बनते हैं गुरुओं और माता-पिता का सम्मान करें तभी आप उच्च शिखर पर पहुंचेंगे। विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के बाद शोलो डांस आर्मी सांग ग्रुप डांस और लाल सरार सहित छोटे बच्चों द्वारा ग्रुप डांस किया गया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि कपिल देव वर्मा द्वारा किया गया कार्यक्रम में शिरकत किए प्रथम और द्वितीय तृतीय स्थान लाने वाले बच्चे आर्या वर्मा सौरभ अनुराधा मौर्य कशिश अंशिका मौर्य, अंशु मौर्य, आस्था मौर्य और अभिनव को प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति जनप्रतिनिधि गण अभिभावकों और विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभा किया।

# पोल्ट्री फार्म में आग लगने से तीन लाख की नगदी समेत सैकड़ों मुर्गियों की जलकर मौत

- आग की चपेट में आने पोल्ट्री फार्म संचालक गंभीर रूप से झुलसा
- चाय बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । अजय शर्मा



**ट्रांस क्षेत्र को फायर ब्रिगेड की है दरकार**

नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र की 17 ग्राम पंचायतों में लगभग पौने दो लाख की आबादी निवास करती है। हर साल फायर सीजन में दर्जनों ग्रामीणों के घर और फसलों में आग लगने से लाखों रुपए का नुक़सान झेलना पड़ता है।नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र होने के बाद भी आग पर काबू पाने के कोई इंतजाम नहीं है। तहसील मुख्यालय से दमकल की गाड़ी पंहुचने तक सब कुछ राख हो जाता है।ग्रामीणों ने क्षेत्र में आगजनी की घटना रोकने के लिए दमकल की मांग किया है।

**हजारा(पूरनपुर)।** पोल्ट्री फार्म के अन्दर चाय बनाते समय तेज धमाके की आवाज के साथ गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई।कुछ ही देर में आग की लपटे बेकाबू हो गई। पोल्ट्री फार्म में रखी तीन लाख रुपए की नगदी और सैकड़ो मुर्गियों की जलकर मौत हो गई।आग बुझाने की कोशिश कर रहा पोल्ट्री फार्म स्वामी भी आग की लपटों में घिरने से गंभीर रूप से झुलस गया।हालत गंभीर होने पर उपचार लिए लखीमपुर-खीरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज के बमनपुरी भागीरथ टिल्हा नंबर 4 निवासी अमरजीत सिंह ने गांव से एक कि.मी दूर खेत में पोल्ट्री फार्म खोल रखा है।शनिवार सुबह पोल्ट्री फार्म मे काम कर रहा कृष्णा सिंह गैस सिलेंडर पर चाय बना रहा था। अचानक तेज धमाके के साथ सिलेंडर फटने से पोल्ट्री फार्म में आग फैल गई।देखते ही देखते आग की लपटे बेकाबू हो गई।आग ने पूरे पोल्ट्री फार्म को आगोश में ले लिया।घटना को लेकर खलबली मच गई। तेज लपटों को देख मौके पर जुटे सैकड़ों ग्रामीणों ने पानी डालकर बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान चपेट में आने से पोल्ट्री फार्म संचालक अमरजीत सिंह गंभीर रूप से झुलस गया।आग पर काबू पाया जाता इससे पहले पोल्ट्री फार्म में मौजूद लगभग तीन सौ मुर्गिया,कैश काउंटर में रखी तीन लाख रुपये की नगदी,चार एंड्राइड मोबाइल फोन,दो सोलर पैनल, बैट्री,इनवर्टर तीन तख्त, इलेक्ट्रिक पंखा,पानी का मोटर सहित अन्य लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।टाटरगंज ग्राम प्रधान पति सतनाम सिंह भी आग बुझाने के दौरान बाल बाल बच गए। गंभीर रूप से झुलसे पोल्ट्री फार्म स्वामी अमरजीत सिंह को इलाज के लिए पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी के लिए रेफर कर दिया।ग्राम प्रधान पति सतनाम सिंह ने बताया है कि आगजनी की घटना की सूचना पूरनपुर तहसील प्रशासन को दी गई है। लेखपाल भूपेंद्र शर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

# डीएम-एसपी ने इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र का किया दौरा, मतदाताओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

- सीमावर्ती क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या दूर करने के लिए अधीनस्थों को दिए निर्देश

**हजारा(पूरनपुर)।** चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचकर मतदान केंद्रों का सत्यापन करने के साथ-साथ मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया है। शुक्रवार जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने एसएसबी के जवानों के साथ इंडो नेपाल बॉर्डर पर नो मेंस लैंड का निरीक्षण किया।सीमा पर अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। बमनपुरी भागीरथ के मजरा राघवपुरी प्राथमिक विद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में पहुंचकर क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ संवाद किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। मतदाताओं को मतदान अवश्य करने की अपील की।जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा चुनाव के दौरान जहां मतदान केंद्रों पर नेटवर्क की समस्या रहती है। उन मतदान केंद्रों का विशेष कर नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। नेटवर्क समस्या के समाधान करने के लिए अधिनस्थों को निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों के खिड़की,दरवाजे, बिजली, पानी,शौचालय आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तत्काल सभी मतदान केंद्रों की कमियों को दुरस्त करने का निर्देश दिया।इस दौरान बैल्हा ग्राम प्रधान अमरीक सिंह,प्रधान कुलविंदर कौर,ग्राम प्रधान परमजीत कौर,पूर्व प्रधान गुरदेव सिंह,प्रधानपति सतनाम सिंह ग्राम सुरक्षा समिति अध्यक्ष पीजी सिंह आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या शारदा कटान प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने व भूमिधरी का अधिकार दिलाने के अलावा नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र की तीनों ग्राम पंचायतों क्रमशःबैल्हा, बमनपुरी भगीरथ व सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में बारात घर एवं अंत्येष्ठी स्थल बनवाने का मांग पत्र दिया है। इस मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के दौरान एडीएम ऋतु पूनिया,सीओ आलोक सिंह, तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी बीडीओ अरुन सिंह, संपूर्णानगर रेंजर रुद्र प्रताप सिंह, हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार एवं 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी व जवान एवं राजस्व लेखपाल भूपेंद्र शर्मा,राहुल गौड,आशीष निषाद,श्याम मौर्य,नरेश गंगवार सहित अन्य अधिकारी व सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बरसठी पुलिस ने 2 नफर वारंटी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा महोदय जनपद जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान अपराध एवं अपराधियों एवं वाँछित वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ महोदय के पर्यवेक्षण एवं दिशा-निर्देशन में थाना बरसठी थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार पाठक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जगनारायण सिंह मय हमराह कास्टेबल दुर्गेश कुमार गौड कास्टेबल शेरबहादुर यादव के द्वारा 02 नफर वारंटी 1. अखिलेश यादव उर्फ दरोगा पुत्र रामअधार निवासी गहरपुर थाना बरसठी जौनपुर उम्र करीब 47 वर्ष हुलिया गंदुम रंग लम्बा चेहरा इकहरा मजबूत जिस्म आँख नाक कान कद औसत चोट व जामा तलाशी शून्य गिरफ्तार शुदा संम्बन्धित मु0सं0 634/19 स्टेट बनाम रणजीत य़ादव धारा 147/323/504/325 थाना बरसठी जौनपुर ता0 पेशी 20.03.2024 जारी द्वारा माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट -4 जौनपुर को मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अभियुक्तगण के घर पर दबीश देकर समय करीब 3.00 बजे गिरफ्तार किया गया। व वारण्टी 02. शेषमणि पुत्र देवराज निवासी धावा थाना बरसठी जौनपुर उम्र करीब 50 वर्ष हुलिया सावला रंग गोल चेहरा मजबूत जिस्म आँख नाम कान कद औसत चोट व जामा तलाशी शून्य गिरफ्तार शुदा सम्बनधित मु0नं0 1176/23 स्टेट देवराज धारा 323,504 भादवि थाना बरसठी जौनपुर ता0 पेशी 07.03.2024 जारी द्वारा माननीय ए0सी0जे0एम0 चतुर्थ जौनपुर द्वारा जारी माननीय न्यायालय एसडी एफटीसी जौनपुर के आदेश के अनुपालन में अभियुक्तगण के घर पर दबीश देकर समय करीब 05.45 बजे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में भेज दिया।



### तीन दिवसीय भारत स्काउट/गाइड शिविर प्रशिक्षण संपन्न

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बरसठी।भारत स्काउट गाइड के तीन दिवसीय शिविर/कैम्प के समापन के अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय भन्नौर बरसठी में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि श्रेष्ठ नागरिक निर्माण में स्काउट गाइड प्रशिक्षण की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिविर के अंतिम दिन शुक्रवार को सभी बच्चों ने अपने अपने शिविर लगाए तथा अनेक कौशलों का प्रदर्शन किया तथा यह विश्वास भी दिलाया कि हम एक श्रेष्ठ नागरिक बनेगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश उपाध्याय ने सभी अतिथियों एवं प्रशिक्षक द्वय श्री संजीव शर्मा तथा निखिल चौरसिया, को धन्यवाद व आभार प्रकट किया, साथ ही प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए आश्वासन भी दिया कि समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि परोपकार की भावना, जीवों पर दया, टीम भावना और नेतृत्व जैसे सद्गुणों का विकास हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किए।



### तालाब में मिली किशोरी की लाश, फैली सनसनी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सरपतहा थाना क्षेत्र के सवायन गांव स्थित तालाब में शनिवार सुबह एक किशोरी की लाश मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम घर के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि सवायन (राम सिंह पूरा) गांव निवासी सोहन राजभर की उन्नीस वर्षीया पुत्री तारा लगभग दस दिन पूर्व घर वालों की डांट पर घर से गायब हो गई थी। परिजन इधर उधर उसकी तलाश कर रहे थे कि इसी बीच शनिवार सुबह दस बजे उसकी लाश गांव के ही एक तालाब में तैरती हुई नजर आई।लाश मिलने की सूचना पर जहां समूचे गांव में सनसनी फ़ैल गई वहीं मौके पर किशोरी के परिजन भी पहुंच गए। पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इधर सूचना पर थानाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद सिंह भी दल-बल के साथ मौके पर पहुंच लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों की डांट पर किशोरी घर से गायब थी। जिसके सन्दर्भ में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। फिलहाल लाश पोस्टमार्टम हेतु भेज दी गई है, रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### शिशु विहार स्कूल के सामने हुई बाइक टक्कर, तीन लोग घायल

जन एक्सप्रेस। बीसलपुर। बरखेड़ा से अपने घर बापस लौट रहे एक बाइक सवार को दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे तीन लोग घायल हो गए जिन्हें बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव हरैया निवासी सहरोज पुत्र इकबाल अपनी बहन सोनम और मैनाज के साथ बरखेड़ा से अपने गांव वापस लौट रहे थे तभी शिशु विहार स्कूल के सामने किसी बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे सहरोज और उसकी बहन सोनम और मैनाज गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए हैं।

### कूड़ा डालने का विरोध करने पर मारपीट कर किया घायल

जन एक्सप्रेस। बीसलपुर। कूड़ा डालने का विरोध करने पर मां बेटों को मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दियोरियाकोतवाली क्षेत्र के गांव बेनीपुर निवासी नत्थू लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनकी पत्नी प्रेमवती व बेटे प्रेमपाल व फूलचंद अपने घर पर बैठे हुए थे तभी गांव निवासी रामेश्वर दयाल कूड़ा डालने आए विरोध करने पर रामेश्वर दयाल, देवकीनंदन, मनोज कुमार ने गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे जिससे प्रेम पाल व फूल चंद को खुली चोट आई है तथा पत्नी प्रेम वती के सिर में गुम चोट आई है पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रामेश्वर दयाल देवकी नंदन मनोज कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# कथा में बताया यह शरीर हमे भोग के लिए नही मिला है नाम जप व तप करने के लिए प्राप्त हुआ हैं



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शनिवार को आयोजित कथा में बारहा नारद संवाद के माध्यम से बताया गया की व्यक्ति के कर्म एवं प्रारब्ध की चर्चा की भगवान ऋषभ देव जी ने अपनी संतानों को भजन की शिक्षा देते हुए कहा यह शरीर हमे भोग के लिए नही मिला है नाम जप व तप करने के लिए प्राप्त हुआ हैं। भागवत पुरान में 28प्रकार के नर्क का वर्णन किया गया है और आजामिल व्याख्यान में नाम महिमा का वर्णन किया गया। गजेंद्र मोक्ष लीला में पूज्य महाराज जी ने बताया कि गज (हांथी)और बरहा (मगरमच्छ) की लड़ाई 10हजार वर्षो तक हुआ अंत में गजेंद्र ने हार स्वीकार कर प्रभु को अपने आप को समर्पित कर दिया और पुकारा हे नाथ नारायण वासुदेव बस यह भाव पर प्रभु गरुण पर सवार होकर आ गए और गज की रक्षा की और बरहा का सर अपने चक्र से काट दिया। राम कथा के माध्यम से राजा दशरथ के द्वारा किए गए उपकारों का वर्णन किया गया और कृष्ण लीला में प्रवेश करते हुऐ बताया कि प्रभु कृष्ण सोलह कलाओं से पूर्ण और देवकी के गर्भ से जन्म लेकर देवकी के पास पहुंचे है और प्रभु का जन्म का उत्सव नंद बाबा बड़ी धूम धाम से मना रहें सम्पूर्ण संसार में प्रभु के जन्म की मंगल बधाई है। वातावरण आनंदित है देवता, मानव सभी उत्साह में है। और पंडाल के बीच नंद बाबा बालक कृष्ण लेकर उपस्थिति हुऐ और नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, तेरी माया का न पाया कोइ पार की लीला तेरी तू ही जाने इन भावों, भजनों पर श्रद्धालू झूमते दिखे पीलीभीत के बांसुरी वादक सम्यक पराशरी ने भी अपनी प्रस्तुति दी बांसुरी की तान पर भक्त उत्साहित दिखे।

# हजारा पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ पकड़ा 15 हजार का इनामी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** उत्तराखंड पुलिस से राइफल लूटने के बाद से फरार चल रहे ईनामी आरोपी को हजारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।आरोपी के पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया।पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। 2021 में आरोपी की तलाश माधोटांडा क्षेत्र में में दबिश देने आई उत्तराखंड पुलिस से मुठभेड़ में राइफल लूट ली गई थी।घटना में शामिल इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के गांव बमनपुरी भागीरथ के मजरा राघवपुरी निवासी कृष्णा सिंह फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी पर पन्द्रह हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया। आरोपी की तलाश मे पुलिस ने कई जगहों पर दबिश दी, लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं आया। शनिवार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गांव के बाहर मौजूद है। हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार के नेतृत्व में कंबोज नगर पुलिस चौकी प्रभारी राकेश कुमार,सुधीर कुमार व अमित कुमार ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास 12 बोर का अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद किया गया है। हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने बताया है कि कृष्णा सिंह पुत्र जसवंत सिंह जो की थाना माधोटांडा के मुकदमा अपराध संख्या 144/2021 के पुलिस मुठभेड़ व पुलिस से सरकारी एके-47 रायफल लूट कांड में शामिल था। पुलिस ने लूटी गई सरकारी एके- 47 राइफल बरामद कर ली थी। आरोपी फरार चल रहा था।आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# 'शाहगंज सड़कों के मामले में होगा जनपद में अग्रणी'

- सरपतहां-पट्टी नरेंद्रपुर मार्ग के निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास
- 14.85 करोड़ आएगी सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण की लागत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



लखनऊ-बलिया मार्ग स्थित सरपतहां मोड़ से वाया ईशापुर होते हुए पट्टीनरेंद्रपुर तक बेहद जर्जर अवस्था मे पहुंच चुके सरपतहां-पट्टीनरेंद्रपुर मार्ग के सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण कार्य का शनिवार को विधायक रमेश सिंह ने पट्टीनरेंद्रपुर बाजार स्थित चंद्र शेखर आजाद चौराहे पर शिलान्यास किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आने वाले तीन वर्षों में शाहगंज विधानसभा सड़कों के मामले में पूरे जनपद में अपनी अलग पहचान बनाएगा। वर्तमान समय में सड़कों को मिलाकर विभिन्न विकास परियोजनाओं पर ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे हैं। शाहगंज में बहुप्रतीक्षित बाईपास की मांग पूर्ण हो चुकी है। जिसके लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। जर्जर रोडवेज बस स्टॉप का नए सिरे से निर्माण, गैरवांह में सैकड़ों करोड़ रुपए की लागत से एथेनॉल प्लांट की स्थापना, मिनी फायर अकादमी, फायर स्टेशन सहित दर्जनों विकास परियोजनाएं विकास के पथ पर आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम को शारदा समूह के चेयरमैन आई बी सिंह प्रमुख बृजेश यादव, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय, बेचन सिंह, ने भी संबोधित किया। संचालन भाजपा के खुटहन मंडल अध्यक्ष वंश बहादुर पाल व अध्यक्षता बृजेश यादव ने किया। कार्यक्रम में बीडीओ गौरवेंद्र सिंह, अजीत सिंह, राम प्रकाश दुबे, खुशीराम मिश्र, बृजेश शुक्ल संजय तिवारी अविनाश तिवारी हृदयनारायण शुक्ला, विजय सिंह, राना प्रताप सिंह, गौरव सिंह, विनोद यादव, विवेक सिंह, रामकुमार उपाध्याय, गौरव सिंह, रीगन सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी का अभिनव प्रयास, मिशन समर्थ से बहुरेंगें दिव्यांग बच्चों के दिन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा जौनपुर की बैठक जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। रेडक्रॉस की जनपदीय समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने गरीबों की मदद करने में रेडक्रॉस की अग्रणी भूमिका की सराहना की। रेडक्रॉस जिला शाखा के सहयोग से अत्यंत निर्धन बच्चों के दिल में छेद की सर्जरी, गूगे बहरे बच्चों की सर्जरी, मोतियाबिंद आदि कराये कार्यो के बारे में जानकारी ली साथ ही जिलाधिकारी ने दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता दूर कर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ ही समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से अभिनव प्रयास करते हुए मिशन समर्थ का आगाज किया। जिलाधिकारी ने बताया कि मिशन समर्थ के तहत जनपद में 4 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों को चिन्हित कर ,कुशल डाक्टर से जॉच कराकर आवश्यकतानुसार सर्जरी कराकर उनकी दिव्यांगता को दूर किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, सीएमओं डॉ0 लक्ष्मी सिंह और जिला कार्यक्रम अधिकारी आर बी सिंह को निर्देशित किया कि 4 वर्ष से 10 वर्ष के बच्चों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध करायें जिससे उनकी स्क्रीनिंग कराकर बच्चों का अगले 03 से 04 महीने के अन्दर आपरेशन कराया जाया सके। उन्होने जनपद के व्यवसायियों, अधिकारियों, नागरिकों और अन्य सम्मानित जनों से अपील किया है कि रेड क्रास सोसाइटी के माध्यम से ऐसे गरीब परिवारों को सम्बल प्रदान करें, जिलाधिकारी ने कहा कि वे स्वंय भी हर सम्भव सहयोग करेंगे। बैठक में जिलाधिकारी के कार्यकाल के दौरान जनपद रामपुर में मिशन समर्थ के तहत कराये गये दिव्यांग बच्चों के आपरेशन के पूर्व और बाद के तस्वीरों की वीडियों क्लीपींग दिखायी गयी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत दहेज के विरुद्ध जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विशेष शिविर का आयोजन ब्रह्मलीन श्री पुजारी महाराज पी.जी. कालेज तियरा के स्वयं सेवको एवं सेविकाओं द्वारा किया गया! जिसमें कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में दहेज प्रथा के विरूद्ध अभियान चलाकर तियरा, बछाडी, कुशहां, रामीपुर, गौजा, गांव और चौराहों पर दहेज के विरुद्ध अभियान चलाकर दहेज के विरुद्ध संगोष्ठी आयोजित किया जिसमें स्वयं सेवक सेविकाओं ने गीत,भाषण, नाटक के माध्यम से अपना विचार प्रस्तुत किया। स्वयं सेविकाओं की तरफ से राधा टोली की स्वयं सेविकाओं द्वारा दहेज पर आधारित बहुत ही मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार मिश्रा ने अपने विचारों को रखते हुए कहे कि दहेज समाज के लिए अभिशाप है।कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयं सेवक सेविकाओं से अपील किया कि आप सब को समाज से इस बुराई को दूर करने के लिए कदम उठाना है।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी दिव्य प्रकाश सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी दिव्य प्रकाश सिंह,अशोक यादव,कुंवर दूबे,सुरेश रजक,विकास सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# चिकित्सक की लापरवाही से प्रसूता की मौत, परिजनों का अस्पताल में हंगामा

- मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी : मुख्य चिकित्सा अधिकारी

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित





> "मामला संज्ञान में आया है उक्त मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी साथ ही शाहगंज नगर स्थित सभी अस्पतालों की जांच की जाएगी यदि कोई भी अस्पताल मानक विरुद्ध पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
> -श्रीमती लक्ष्मी सिंह
> मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर

**एक बार फिर शाहगंज ए एन मेमोरियल अस्पताल आया चर्चा में**

वैसे तो शाहगंज नगर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत से बगैर मानक के निजी अस्पतालों की भरमार है अस्पताल संचालक के पैसा कमाने की भूख के चक्कर में प्रतिदिन किसी ने किसी मरीज की डॉक्टरों की लापरवाही से मृत्यु होने का मामला आता रहता है परंतु विभागीय अधिकारी समेत पुलिस के अधिकारी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार करते नजर आ रहे हैं जिसके चलते उत्तर प्रदेश शासन के मानक को बगैर पूर्ण किए विभागीय अधिकारियों के कृपा से अस्पतालों में आए दिन मरीजों की मृत्यु हो रही है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है

**सरकारी मानक बगैर पूर्ण किए चल रहे हैं दर्जनों निजी हॉस्पिटल**

उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर के शाहगंज नगर में उत्तर प्रदेश के शासन के मानक के बगैर पूर्ण किए दर्जनों निजी चिकित्सालय की भरमार लगी हुई है जहां सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर मौजूद नहीं है वहीं सरकारी डॉक्टर अपना निजी चिकित्सालय बगैर किसी मानक के चल रहे हैं और मरीजों से धन उगाही किया जा रहा है।

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर के शाहगंज नगर स्थित आजमगढ़ रोड पर एक निजी चिकित्सालय में एक प्रसुता की मौत हो गयी। मामले में परिजनों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस को तहरीर दी गई है। वहीं पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्ट मार्टम हेतु भेजा गया है। बताया जा रहा है कि खेतासराय थानांतर्गत जमदरा गांव निवासी इंदल यादव की 26 वर्षीय पत्नी रेनू यादव गर्भवती रहीं। पिछले एक माह से आजमगढ़ मार्ग स्थित विद्युत सब स्टेशन के बगल ए एन मेमोरियल हास्पिटल की चिकित्सक डा नीना तीवर से इलाज करा रहीं थीं। शुक्रवार दोपहर तबियत बिगड़ने पर डा नीना के पास लाया गया। दवा व इंजेक्शन देने के बाद घर भेज दिया गया। रात्रि लगभग नौ बजे पुनः डाक्टर के पास पहुंचे। बताया जाता है कि डा नीना ने पुनः इंजेक्शन दिया। जिसके बाद तबियत बिगड़ने लगी। परिजनों का कहना है कि लापरवाही के चलते रेनू की मौत हो गई। मौत के बाद डाक्टर एवं चिकित्सालय कर्मियों ने शव लेकर जाने का दबाव बनाया। जिसके बाद हंगामा मच गया। फिलहाल मृतका के पति द्वारा पुलिस को डाक्टर के लापरवाही पर जान जाने के बावत तहरीर दें न्याय की गुहार लगाई गयी हैं। मालूम रहे उक्त चिकित्सालय में पूर्व मे भी लापरवाही से मौत व हंगामा हो चुका है। जिसे लेकर परिजनों समेत स्थानीय लोगों में भी बेहद रोष व्याप्त है। इस बाबत कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने कहा कि तहरीर प्राप्त हुआ है। शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद लापरवाही मिला तो सीएमओ से विधिक राय ले मामला दर्ज किया जाएगा।

# बिल्हौर और ककवन में 80 वर-वधु ने लिए फेरे

* अधिकारी समेत प्रतिनिधि बने बराती
* मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के बिल्हौर विकासखंड कार्यालय में शनिवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत ककवन विकास खंड के 40 जोड़ों व बिल्हौर विकासखंड के 40 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित कराया गया जिसमें तमाम क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व जिले के अधिकारी शामिल होकर जोड़ों को आशीर्वाद दिया खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत व दिनेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में सभी जोड़ों ने भव्य पण्डाल में शामिल होकर विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया वर पक्ष की ओर से खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत, दिनेश कुमार वर्मा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव, सिपाही लाल कठेरिया एडीओ समाज कल्याण शिवेंद्र प्रताप सहित अन्य अधिकारी भी बाराती बनकर जीटी रोड से होकर ब्लॉक परिसर पर ढोल नगाड़ों के साथ बारात लेकर पहुंचे इसके बाद सामूहिक रूप से विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया गया कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया और योजना के अंतर्गत सभी लाभार्थियों को अन्य सामग्री उपलब्ध कराई इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनरेगा उपायुक्त रमेश चंद्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, ककवन प्रतिनिधि विनय यादव, सिपाही लाल कठेरिया, प्रीति सिंह, मनीष कुशवाहा, अधिवक्ता शुशांक मिश्रा, कमल मिश्रा समाजसेवी सुनील मिश्रा, ठाकुर अभय प्रताप सिंह समेत तमाम अन्य क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर विवाह में शामिल होने आए अन्य पारिवारिक जनों ने जमकर विवाह कार्यक्रम का लुफ्त उठाया और डीजे की धुन पर नृत्य किया। कुछ क्वालिटी के भोजन व्यवस्था का भी बाराती और जनतियों ने लुफ्त उठाया यहां तक अधिकारियों ने भी चटकारे मारे।

## राजमिस्त्री ने फांसी के फंदे से लटक कर दी जान

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



दही थाना क्षेत्र के सराय कटियान गांव में झगड़े के बाद पत्नी के मायके चले जाने से आहत युवक ने फंदे से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दही थाना क्षेत्र के सराय कटियान गांव निवासी परशुराम (35) पुत्र कैलाश पासी ने कमरे के छत मे पड़े छल्ले में मफलर डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की मौजूदगी में परिजनों ने दरवाजा तोड़कर फांसी के फंदे से उतारा और आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने परशुराम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परशुराम राज मिस्त्री का काम करता था। परिजनों के अनुसार बुधवार को पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसके बाद वह अपने मायके चली गई थी। झगड़े के बाद पत्नी सीमा ने दही थाने में तहरीर दी थी। जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। परिजनों ने पत्नी सीमा को भी सूचना दी। शनिवार दोपहर शव गांव पहुंचने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## घरों में सुनी गई प्रभु सत्यनारायण की कथा

**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव**

पूर्णमासी स्नान को लेकर नगर के यात्री पुल, बालूघाट, मिश्रा कॉलोनी स्थित पक्का घाट और जाजमऊ चंदन घाट में सर्दी होने के बावजूद स्नानार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के पांच बजे से ही घाटों पर स्नान का क्रम शुरू हो गया जो दोपहर तक चलता रहा। पौष पूर्णिमा पर भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व होता है। इसलिए घरों में भी प्रभु सत्यनारायण की कथा सुनी गई। गंगा के तटों पर भी कथा सुनने वालों की भीड़ रही। माघ पूर्णिमा स्नान को लेकर गंगा तट से लेकर पुराने यातायात पुल के नीचे विशातखाने की गई दुकानें सजी थी। जहां महिलाओं ने सुबह से दोपहर तक खूब खरीददारी की। वहीं शाम के समय नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से गंगा की महाआरती का आयोजन किया गया। जहां मां गंगा की भक्तों ने आरती की। जिसके बाद प्रसाद बांटा गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला मजदूर का शव

* तीन दिन तक कोल्ड स्टोरेज के अंदर लटका रहा शव

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत शनिवार दोपहर एक कोल्ड स्टोरेज में पेड़ पर एक मजदूर का कई दिन पुराना शव लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की और को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कानपुर देहात में रसूलाबाद थाना क्षेत्र की महेरा गांव निवासी छोटे नगर का 30 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र मेहनत मजदूरी कर पत्नी संतोषी, पांच वर्षीय पुत्र आरव व पुत्री आरुषि का भरण पोषण करता था। चार दिन पूर्व वह अरौल थाना क्षेत्र के नसिरापुर गांव के सामने जीटी रोड किनारे किनारे स्थित भगवती कोल्ड स्टोरेज में पल्लेदारी करने के लिए पहुंचा था। कोल्ड स्टोरेज के मैनेजर मनोज कटियार के अनुसार उसने कोल्ड स्टोरेज में केवल एक दिन पल्लेदारी की थी और दूसरे दिन उसे सुबह ठंड में देखा गया था इसके बाद उसे किसी ने नहीं देखा। आज कोल्ड स्टोरेज का एक कर्मचारी बाउंड्री वालों के किनारे मौजूद गाड़ियों के पास लघुशंका के लिए गया था तभी उसकी नजर बाउंड्री वॉल किनारे खड़े पेड़ पर लटके शव पर पड़ी। उसके आवाज देने पर कई कोल्ड कर्मी मौके पर पहुंच गए और मामले की सूचना फोन कॉल कर पुलिस को दी गई। जानकारी के बाद थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंच गए और घटना की जांच पड़ताल शुरू की और घटना की सूचना उसके परिजनों को दी गई। परिजनों के पहुंचने के बाद शव फांसी से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मौके पर मौजूद लोगों ने शव दो से तीन दिन पूर्ण होने की आशंका जाहिर की।

**पत्नी की बहन से आठ बार हुई बात**

मृतक युवक के पास मिले मोबाइल में मिली कॉल डिटेल में अंत में लगातार आठ बार पत्नी संतोषी की बड़ी बहन के फोन पर बात की गई थी। उससे पहले उसकी अपनी पत्नी से भी बात हुई थी। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार के अनुसार मामले की जांच पड़ताल की जा रही है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी

## बच्ची से दुष्कर्म मामले में आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल





टॉफी खिलाने के बहाने बुलाकर नाबालि
बच्ची से दुष्कर्म का पड़ोसी पर आरोप
जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो
सांप्रदायिक तनाव के चलते भारी संख्या में पुलिस बल तैनात।


**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**
**बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक मासूम बच्ची के साथ में पड़ोसी सलमान 20 वर्षीय के द्वारा हैवानियत की हदें पार कर दी थी दरिंदगी करने वाले युवक को पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद में जेल भेज दिया गया है। वहीं पर डाक्टरी परीक्षण कराने जाते वक्त पुलिस की गाड़ी से कूद कर भी उसने भागने का प्रयास किया जिस पर थानाध्यक्ष सहित हमराहियों ने घेर कर उसको पकड़ लिया जिस जगह वह कूदा है वहां पर खंती में काफी ईट आदि पड़े हुए थे।

जिससे गिरने से उसके पैर मे चोट आई है। पुलिस ने एक अन्य धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है इस घटना को जिसने जहां सुना हर किसी ने इसकी निंदा की है और आरोपित के ऊपर कठोर सजा दिलाने के लिए भी मांग की है वहीं पर समाज सेवी संगठनों ने भी थाने पहुंचकर पुलिस से घटना को गंभीरता से लेते हुए और ऐसे लोगों को समाज में दोबारा कोई घटना ना कारित कर सके वहीं पर थानाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा ने बताया कि साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है और गांव में शांति व्यवस्था है किसी तरह की कोई भी क्रिया प्रक्रिया नहीं है। घटना के वक्त से अभी तक भारी मात्रा में पुलिस बल वहां पर तैनात है। जो पल-पल की खबर उच्च अधिकारियों को दे रहे हैं। एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि घटना के मद्दे नजर अभी भी गांव में फोर्स तैनात है। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बिठूर में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा की हो रही दुर्गति, जिम्मेदार कौन ?



**जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे**

कानपुर नगर। 1857 क्रांति की महानायिका रानी लक्ष्मीबाई जिनका बचपन बिठूर में बीता था। यहीं पर उन्होंने नाना साहब तात्या टोपे से युद्ध कौशल व शिक्षा दीक्षा के गुर सीखें। जिस स्थान पर जाकर गंगा के किनारे वह अपनी सहेलियों के साथ काफी समय बिताया करती थी। नाना साहब महल से सुरंग द्वारा इस स्थान तक आया जाया करती थी। यहीं पर गंगा स्नान भी किया करती थी। वर्तमान समय में इस स्थान को रानी लक्ष्मीबाई घाट के नाम से जाना जाता है। जहां पर रानी लक्ष्मीबाई की याद में जिला प्रशासन की ओर से लाखों रुपए खर्च कर एक प्रतिमा भी लगाई गई है। साथ ही साथ नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई घाट का जीणोद्धार भी कराया गया था। लेकिन वर्तमान समय में रखरखाव के अभाव में यह प्रतिमा बुरी तरीके से टूट चुकी है। क्षेत्रीय लोगों की मानें तो बीते कुछ वर्षों में इस स्थान रानी लक्ष्मी बाई की दो बार प्रतिमा लगवाई गई लेकिन दोनों बार यह प्रतिमा टूट गई। हम सभी के लिए यह सोचनीय विषय है। कि जिन्होंने देश को आजाद करने के लिए अपने प्राणों तक को न्योछावर कर दिया आज हम उन वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा का भी संरक्षण नहीं कर सकते हैं। जबकि प्रतिदिन नगर पंचायत बिठूर की ओर से सफाई कर्मचारी घाट की साफ सफाई के लिए लगाए जाते हैं। लेकिन इसके बावजूद प्रतिमा की बुरी तरह दुर्गति हो गई। इसका जिम्मेदार कौन है यह कह पाना कठिन है।

## अनियंत्रित वैन ने महिला को टक्कर मारकर किया घायल

**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव**

शनिवार दोपहर नया खेड़ा निवासी नौशाद की पत्नी बबली अपनी बेटी के घर अली नगर से वापस नया खेड़ा जा रही थी। तभी नया खेड़ा के पास बीच में बने रोड क्रॉस में खड़ी थी। कानपुर की तरफ से आ रही एक वैन ने अनियंत्रित होकर महिला को टक्कर मार दी। महिला काफी दूर तक वाहन से घिसटते हुए गयी। महिला की आवाज़ सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े और घायल महिला को बचाया और एयर फोर्स स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सुरक्षित वाहन से निकाला लोगो ने मौके पर वाहन चालक अभिषेक जो की शक्ति नगर का निवासी को पकड़ लिया और महिला को प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। कैंट के एयरफोर्स में पढ़ रहे बच्चों को वैन से लाने ले जाने का काम करता है। शनिवार को कैंट से एयरफोर्स में पढ़ने वाले बच्चों को लेकर आजाद मार्ग से गंगाघाट मरहला की तरफ आ रहा था।

इस बात की जानकारी जब वाहन के मालिक सचिन निवासी शक्ति नगर को हुई तो वह भी नर्सिंग होम पहुंच कर घायल महिला का इलाज करा रहे है।

## बिल्हौर स्थित रोजवेल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सुभानपुर गांव स्थित रोजवेल पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर एक सीट मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी के आयोजन में विज्ञान व भूगोल वर्ग के शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिक्षकों के दिशा निर्देशन में काफी समय से अपनी अपनी कुशलता के अनुरूप छात्र छात्राएं प्रदूषण मुक्त पर्यावरण, स्वच्छ समाज, वैज्ञानिक संसाधनों से संबंधित आधुनिक मॉडल तैयार कर रहे थे। बच्चों ने प्रदर्शनी में भौगोलिक, जीव विज्ञान, रसायन व भौतिक विज्ञान से संबंधित माडल जैसे विज्ञान से संबंधित मॉडलसुविधाओं से युक्त स्मार्ट सिटी, टेस्ला काइल, ऑटोमेटिक स्पीड ब्रेकर, ऑटोमेटिक रोड लाइट स्पीड ब्रेकर, अर्थक्केल अलार्म, डिजिटल पेन, इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर, सोलर इलेक्ट्रिसिटी, पॉल्यूशन कंट्रोल सिस्टम, नंदनवन आर्ट, कार बोर्ड हाउस, जू मॉडल इग्लू, मॉडल, सिक्योरिटी अलार्म, ऑटोमेटिक वाटर फंक्शन आदि से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किये।

विद्यालय के प्रबंधक मनीष दीक्षित प्रधानाचार्या व शिक्षकों ने मॉडल्स का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया। प्रबंधक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने से छात्रों के भौतिक, मानसिक के साथ साथ उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। इस तरह के कार्यक्रम में बच्चों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं उनको जाकर देना शिक्षकों का धर्म होता है और शिक्षित बच्चों से ही देश का निर्माण होता है।

## महिला प्रधानों को दिये बेहतर नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल व निगरानी के गुर



**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव**

पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान एवं पंचायत लखनऊ मंडल द्वारा विकासखंड सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में महिला प्रधानों को नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल एवं लैंगिक समानता विषयक के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर पहुंचे रवि प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहाकि आप सभी महिला प्रधानों को ग्रामीणों से गांव की समस्याओं की जानकारी लेनी चाहिए और उन समस्याओं का संबंधित अधिकारियों से मिलकर निस्तारण करना चाहिए।

उन्होंने महिला प्रधानों को गांव की समस्याओं से अवगत कराने पर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन किया। एडीओ मोनिका सिंह ने कहाकि आज के समय मे बेटा-बेटी में फर्क न करें और कन्याभ्रूण हत्या, दहेज़ प्रथा आदि के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का संकल्प लें। प्रशिक्षक जनक सिंह, अमिता यादव, दीपक कुमार ने प्रधानों को ग्राम्य विकास योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने के लिए बेहतर तरीके से कार्य योजना बनाने के गुर सिखाए। वही लैंगिक समानता के प्रति जागरूक किया। ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी व निगरानी के बारे में बताते हुये पोषण आहार की महत्ता के बारे में बताया।

इस दौरान एडीओ मनोज कुमार, निर्भय जायसवाल मंडल समन्वयक पंचायती राज विभाग, महिला प्रधान सुनीता रावत, प्रतिभा यादव, सन्नो देवी, सुमन आदि समेत राघवेंद्र सिंह, शिवम सिंह, विजय कुमार मौजूद रहे।

## माघी पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर किया दान पुण्य





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



माघी पूर्णिमा के पावन पर्व पर बिठूर के आधा दर्जन कच्चे-पक्के घाटों पर भोर से ही कानपुर के अलावा अन्य शहरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा की पवित्र एवं निर्मल धारा में आस्था की डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। माघ पूर्णिमा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन स्नान दान और जप करना शुभ व फलदायी माना जाता है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माघ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन माघ पूर्णिमा व्रत रखा जाता है। इस विशेष दिन पर पवित्र नदियों में स्नान दान और पूजा पाठ से भी भक्तों को शुभ लाभ मिलता है। जीवन में आ रही सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। ऐसी भी मान्यता है कि माघी पूर्णिमा के दिन सृष्टि के पालन कर्ता भगवान श्री विष्णु गंगा नदी में विराजमान होते हैं। और इस दिन गंगा में स्नान कर दान पुण्य करना सर्वोत्तम माना गया है। बीते दिन शनिवार को माघी की पूर्णिमा के पावन पर पर बिठूर के ब्रह्मावर्त घाट, पत्थर घाट, भैरव घाट, गोदारा घाट, सीता घाट, रानी लक्ष्मीबाई घाट, कौशल्या घाट, भरतघाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर घाट पर बैठे तीर्थ पुरोहितों को दान पुण्य किया।

## अमन एवं युवराज के शानदार खेल से जे.डी. क्लब बना विजेता

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध एवं एम यू सी के क्लब द्वारा पहली बार आयोजित रमेश वर्मा एकलव्य स्मारक टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट पर फ्यूल ट्रॉफी का फाइनल मैच बीते दिन शनिवार को स्वरूप नगर स्थित पालिका स्टेडियम में खेला गया। फाइनल मैच में जेडी क्लब के अमन राजपूत ने 86 रन, युवराज सिंह ने 80 रन एवं जहीरूद्दीन ने नाबाद 18 रन, सचिन राठौर 18 रन 3 विकेट एवं जहीरूद्दीन 12 रन पर दो विकेट की बदौलत नेशनल क्लब को 88 रनों से करारी शिकस्त दी। जेडी क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट होकर 199 रन का विशाल लक्ष्य रखा। जिसका पीछा करते हुए नेशनल क्लब 19.5 ओवर में 111 रन पर ढेर हो गई। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत क्लब के सचिव सुरेश तिवारी एवं इंजीनियर आकाश वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कौशल कुमार सिंह उपाध्यक्ष संजय तिवारी संयुक्त सचिव सौरव गुप्ता के0पी0एल0 कमिश्नर अश्विनी कोहली रामगोपाल शर्मा पूर्व अध्यक्ष विजय पांडे गोपाल चटर्जी नंदकिशोर मिश्रा अनिल मिश्रा बृज नारायण निषाद देवाशीष वर्मा मोहित शुक्ला हर्षित शुक्ला आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## गंगाघाट कोतवाली में किया समाधान दिवस का आयोजन




**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव**

शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान थाने के दरोगा ज्ञान सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। जहां कुल 9 लोग फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें 8 मामले राजस्व से संबंधित आए। वहीं 1 मामला पालिका से संबंधित भी आया। जिसमें किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। सभी मामलों को निस्तारण के लिये संबंधित कर्मियों को सौंपा गया है। वहीं राजस्व के मामले न निस्तारित होने पर फरियादी मायूस होकर लौट गये।

## धूमधाम से मनाया रविदास जन्मोत्सव




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जन्मोत्सव व दलित समाज सेवा समिति के तत्वाधान में देवी सहाय नगर जीटी रोड निकट आईआईटी मेट्रो स्टेशन के पास गत 56 वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 24 फरवरी 2024 दिन शनिवार माघ पूर्णिमा को 663 व जन्मोत्सव पर्व प्रातः11:00 बजे से संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास मंदिर उद्यान में बड़ी धूमधाम से मनाया गया और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर आर डी चंद्रहास पूर्व निदेशक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार डॉक्टर जितेंद्र नाग डॉ.अनिल कुमार श्रवण कुमार पीवी अंबेडकर जी डॉ.विजय कुमार कार्यक्रम आयोजकों में अध्यक्ष शंभू नाथ कुरील राजकुमार कुरील अजय कुमार आर डी कुरील रमेश चंद्र गौतम छोटे लाल जिज्ञासु आदि कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया क्षेत्रीय विधायिका नीलिमा कटिहार ने महापुरुषों की मूर्तियों पर पुष्प अर्पण किए वह पूजा अर्चना की कार्यक्रम में अनेक वक्ताओं ने संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास की जन्म से लेकर उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए उकने द्वारा किए गए प्रयासों समाज को नई राह से जोड़ने और दिशा दिखाने का काम किया, उनके सत्य वचनों में रविदास जन्म के कारण होता न कोई नीचे न को नीचे कर डर ही बुरे कर्म के कीच,,, ऊंचे कुल में जन्मिया करनी ऊंचे ना होवे सोने कलश सुरा भरा साधु निंदे सोय।

# दिल्ली में 4 सीटों पर आम आदमी पार्टी, 3 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

## हरियाणा-गुजरात-गोवा-चंडीगढ़ में भी गठबंधन, पंजाब में दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ेंगे

**कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक की मौजूदगी मे आम सहमति से सीटों का हुआ बंटवारा**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सीट बंटवारे की घोषणा कर दी गई है। कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि दिल्ली लोकसभा में सात सीटें हैं। इनमें से आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इनमें नई दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली शामिल हैं। कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इनमें चांदनी चौक, उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ कांग्रेस और आप के बीच गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़ और गोवा में सीट बंटवारे की घोषणा हुई। हालांकि पंजाब और चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं हुआ है। दोनों पार्टियों अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगी। चंडीगढ़ सीट कांग्रेस के खाते में आई है। हरियाणा में नौ सीट पर कांग्रेस और एक सीट पर आप लड़ेगी।




**ऐसे हुआ सीटों का बंटवारा**

- **दिल्ली (सात सीट):** कांग्रेस- 3 और आप 4 पर चुनाव लड़ेगी।
- **गुजरात (26 सीट):** कांग्रेस 24 और आप 2 (भरूच और भावनगर में) पर चुनाव लड़ेगी।
- **हरियाणा (10 सीटें):** कांग्रेस 9 और आप 1 (कुरुक्षेत्र) पर चुनाव लड़ेगी।
- चंडीगढ़ में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ेगी।
- गोवा में कांग्रेस दोनों सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### कांग्रेस महासचिव ने दी जानकारी

कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि हरियाणा में 10 लोकसभा सीटें हैं. कांग्रेस 9 पर चुनाव लड़ेगी। एक सीट-कुरुक्षेत्र पर आप के उम्मीदवार होंगे। आगे कहा कि चंडीगढ़ पर लंबी चर्चा के बाद अंत में यह निर्णय लिया गया कि कांग्रेस का उम्मीदवार वहां से चुनाव लड़ेगा।

### आप-कांग्रेस के समझौते से भाजपा बौखलाई: पाठक

इससे पहले, आप ने एक बार फिर शुक्रवार को भाजपा पर हमला बोला है। आरोप है कि आप नेताओं को कांग्रेस से गठबंधन तोड़ने की धमकियां मिल रही हैं। ऐसा न करने की सूरत में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की धमकी मिल रही है। आप का कहना है कि कांग्रेस से समझौता होकर रहेगा, बेशक केजरीवाल की गिरफ्तारी हो जाए। साथ ही चुनौती दी है कि जिस दिन केजरीवाल गिरफ्तार होंगे, पूरे देश में आप के हक में सुनामी चलेगी और भाजपा का पूरा राजनीतिक गुना-गणित बिगड़ जाएगा।

### आलाकमान के आदेश का पालन होगा: अरविंदर सिंह

दिल्ली में कांग्रेस और आप के बीच हुए सीट बंटवारे को लेकर दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि इस बार कांग्रेस और आप लोकसभा चुनाव 2024 एक साथ लड़ेंगे। कांग्रेस उत्तर पूर्व, चांदनी चौक और उत्तर पश्चिम सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं दूसरी तर आप नई दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन के एक हिस्से के रूप में हमने पहले भी कहा था कि हम आलाकमान के आदेश का पालन करेंगे। आने वाले समय में हमें सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

### आप-कांग्रेस गठबंधन पर मनोज तिवारी का तंज

दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन को लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आपने सुना होगा चोर चोर मौसेरे भाई। यह आप और कांग्रेस के बीच हो रहा है। आप के कार्यकर्ता निराश हैं क्योंकि अरविंद केजरीवाल कांग्रेस के नेताओं को जेल में डालने की बात कहा करते थे। लेकिन आज वह उनके कदमों में हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता भी इससे निराश हुए हैं। आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल और आप ने 15 साल तक दिल्ली में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी को बाहर कर दिया था और अब केजरीवाल राहुल गांधी के साथ मंच साझा कर रहे हैं। आज भाजपा और नरेंद्र मोदी हर किसी के दिल में हैं। दिल्ली के लोग इसका फैसला करेंगे। क्योंकि आज यह साफ हो गया है कि आप के बड़े नेता और कांग्रेस एक ही हैं।






# अधिवक्ता मोहित शर्मा बने अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपाल दत्त शर्मा ने युवा अधिवक्ता मोहित शर्मा को महासभा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति पर ब्राहम्ण समाज के लोगों ने मोहित शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया है। गौरतलब है कि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा देश में बौद्धिक ब्राह्मण समाज का प्रति?निधित्व करती है तथा अखंड ब्राह्मण समाज की स्थापना,राष्ट्रहित की विचारधारा तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के लिए कृत संकल्प है। इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपाल दत्त शर्मा ने सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहाकि ब्राह्मण वही होता है जिसमें त्याग की भावना हो जो पूरी पृथ्वी को अपना परिवार समझता होद्य ?सारे समाज के कल्याण में रत रहता हो। उन्होंने देश के युवाओं का



आवाहन करते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्रीय उत्थान के लिए आगे आना चाहिए। युवा शक्ति हमारे देश की ताकत है और हमारी युवा शक्ति में देश को बुलंदियों पर ले जाने की अपार ताकत है और हमें अपनी शक्ति को सकारात्मक ढंग से देश के कार्यों में लगाना चाहिए। गोपाल दत्त शर्मा ने कहाकि मोहित शर्मा के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने से समाज को नई दिशा व बल मिलेगाद्य प्रदेश अध्यक्ष पं. पीताम्बर शर्मा ने कहा कि महासभा ब्राह्मण समाज से जुड़े मुद्दों पर मजबूती के साथ आवाज उठाता रहा है। आगे भी समाज हित की लड़ाई जारी रखेगा। उन्होंने कहाकि ब्राह्मण कोई जाति नहीं है, ब्राह्मण विचारधारा है जो विश्व बंधुत्व की भावना रखती है। उन्होंने ब्राह्मण समाज के संगठित होने की जरूरत पर बल दिया। जिला अध्यक्ष नीलम गोस्वामी ने कहाकि देश एवं समाज के लिए ब्राह्मण समाज ने हमेशा एकता की मिसाल कायम की है, उसी को कायम रखने की जरूरत है। महासभा इसी दिशा में तन मन और धन से कार्य कर रही है। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता मोहित शर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि संस्था ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसे निष्ठा और समर्पण के साथ समाज हित में निभाएंगे। समाज की एकजुटता, युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे।

# गुजरात पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने जामनगर में किया रोड शो

## आज देश को समर्पित करेंगे सुदर्शन सेतु




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जामनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार रात जामनगर पहुंचे। गृह राज्य गुजरात के दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी के स्वागत में जामनगर शहर की जनता देर रात भी सड़कों पर दिखी। एयरपोर्ट से सर्किट हाउस तक प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान समर्थकों को नारा लगाते सुना गया। खबर के मुताबिक पीएम रात्रि विश्राम के लिए जामनगर सर्किट हाउस में रुकेंगे। इसके बाद रविवार को पीएम मोदी विकास कार्यों की सौगात देंगे।

### प्रधानमंत्री के स्वागत में उमड़ी स्थानीय जनता

जब पीएम मोदी का काफिला एयरपोर्ट से निकला, समर्थकों को मोदी, मोदी और भारत माता की जय के नारे लगाते सुना गया। गंतव्य की तरफ जा रहे काफिले के स्वागत में सड़क के दोनों किनारों पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग खड़े दिखे। प्रधानमंत्री ने भी समर्थकों को निराश नहीं किया और उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी उनके कार्यक्रम के मुताबिक रविवार को सौराष्ट्र क्षेत्र के देवभूमि द्वारका और राजकोट जिलों में दो कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### पीएम के पिटारे से निकल रहीं हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं

विकास परियोजनाओं की सौगात देने के बाद पीएम मोदी स्थानीय जनता को संबोधित भी करेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले पीएम मोदी का दौरा कई मायनों में अहम है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी दौरे पर गए थे। अपने संसदीय क्षेत्र में भी पीएम मोदी ने हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी।



# अगस्त तक 65000 कृषि सहकारी समितियों का होगा कम्प्यूटरीकरण: अमित शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि लगभग 65,000 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) को उनकी दक्षता में सुधार के लिए इस साल अगस्त तक कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा। अब तक 18,000 पैक्स में कंप्यूटरीकरण का काम पूरा हो चुका है। शाह ने कहा, चुनाव से पहले 30,000 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण हो जाएगा। पिछले साल जून में, आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने 2,516 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इन पैक्स के कम्प्यूटरीकरण को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य पैक्स की दक्षता बढ़ाना, उनके संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाना है। इससे पैक्स को अपने व्यवसाय में विविधता लाने और कई गतिविधियां/सेवाएं शुरू करने में भी मदद मिलेगी। शाह ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि मॉडल उपनियम सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा लागू किए गए हैं, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल के हों। उन्होंने कहा कि इन मॉडल उपनियमों को अपनाने से पीएसी अब नए क्षेत्रों में विविधता ला सकती है।

# जुलाई से देश में लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून, गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होंगे। ये तीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 सितंबर को संसद से मंजूरी मिली थी। उसके बाद 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उन्हें मंजूरी दी थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से तीन अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। इनके मुताबिक नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक काल की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का मकसद विभिन्न अपराधों और उनकी सजाओं को परिभाषा देकर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है।

### महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध

भारतीय न्याय संहिता ने यौन अपराधों से निपटने के लिए महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध नामक एक नया अध्याय पेश किया है। कानून में नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामला को पॉक्सो के साथ सुसंगत किया गया है और ऐसे अपराधों में आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। सामूहिक दुष्कर्म के सभी मामलों में 20 वर्ष की सजा या आजीवन कारावास का प्रावधान है। नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म को एक नए अपराध की श्रेणी में रखा गया है। धोखे से यौन संबंध बनाने या विवाह करने के सच्चे इरादे के बिना विवाह करने का वादा करने वालों पर लक्षित दंड का प्रावधान है। भारतीय न्याय संहिता में पहली बार आतंकवाद की व्याख्या की गई है और इसे दंडनीय अपराध बना दिया गया है। इसके अनुसार, जो कोई भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता, सुरक्षा या आर्थिक सुरक्षा या प्रभुता को संकट में डालने या संकट में डालने की संभावना के आशय से या भारत में या विदेश में जनता अथवा जनता के किसी वर्ग में आतंक फैलाने या आतंक फैलाने की संभावना के आशय से बमों, डाइमामाइट, विस्फोटक पदार्थों, अपायकर गैसों, न्यूक्लीयर का उपयोग करके ऐसा कार्य करता है, जिससे किसी व्यक्ति या व्यक्तियों की मृत्यु होती है, संपत्ति की हानि होती है, या करेंसी के निर्माण या उसकी तस्करी या परिचालन हो तो वह आतंकवादी कार्य करता है। आतंकी कृत्य मृत्युदंड या आजीवन कारावास के साथ दंडनीय है, जिसमें पैरोल नहीं मिलेगी।

**संगठित अपराध**

- नए कानून में संगठित अपराध से संबंधित एक नई दंड धारा जोड़ी गई है।
- भारतीय न्याय संहिता 111. (1) में पहली बार संगठित अपराध की व्याख्या की गई है।
- सिंडिकेट से की गई विधि विरुद्ध गतिविधि को दंडनीय बनाया गया है।
- नए प्रावधानों में सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियां, अलगाववादी गतिविधियां अथवा भारत की संप्रभुता या एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्य को जोड़ा गया है।
- छोटे संगठित आपराधिक कृत्यों को भी अपराध घोषित किया गया है। सात वर्ष तक की कैद हो सकती है। इससे संबंधित प्रावधान खंड 112 में हैं।
- आर्थिक अपराध की व्याख्या भी की गई है - करेंसी नोट, बैंक नोट और सरकारी स्टांपों का हेरफेर, कोई स्कीम चलाना या किसी बैंक/वित्तीय संस्था में गड़बड़ी ऐसे कृत्य शामिल हैं।
- संगठित अपराध के कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई है तो आरोपी को मृत्यु दंड या आंजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है।
- जुर्माना भी लगाया जाएगा, जो 10 लाख रुपये से कम नहीं होगा।
- संगठित अपराध में सहायता करने वालों के लिए भी सजा का प्रावधान किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)